हिन्दी दैनिक

# न्यूज गाइड

RNI No- UPHIN/2008/28258

आपका देश आपकी बात...



वर्षः 14, अंकः 57 पृष्ठ :8 www.newsguide.co.in E-mail : newsguidelko@gmail.com लखनऊ, गुरुवार 15 दिसम्बर, 2022 मूल्य 1.50

# महाराष्ट्र-कर्नाटक के सीएम के साथ अमित शाह की बैठक

## कहा- मुद्दों को संवैधानिक तरीके से सुलझाएंगे

●बैठक में हम महाराष्ट्र की जनता के हितों पर चर्चा करेंगे
●अमित शाह ने महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा विवाद के संबंध में एक बैठक की अध्यक्षता की
●कर्नाटक और महाराष्ट्र के बीच सीमा को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ था
●मुझे विश्वास है कि एनसीपी और कांग्रेस उद्धव ठाकरे समूह सहयोग करेंगे



एजेंसी

**मुंबई ।** कर्नाटक से जारी सीमा विवाद के बीच महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे बुधवार को दिल्ली पहुंचे। यहां उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान कर्नाटक के मुख्यमंत्री भी मौजूद थे। इससे पहले सीएम शिंदे ने कहा था कि बैठक में हम महाराष्ट्र की जनता के हितों पर चर्चा करेंगे। मुझे आशा है कि यह सकारात्मक परिणाम के साथ सकारात्मक बैठक होगी।

जानकारी के मुताबिक, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा विवाद के संबंध में एक बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री शिंदे, डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और कर्नाटक के मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई के साथ कर्नाटक के गृह मंत्री अरागा ज्ञानेंद्र भी उपस्थित थे। बैठक के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कर्नाटक और महाराष्ट्र के बीच सीमा को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ था। इसके समाधान के लिए मैंने महाराष्ट्र छ्रू और उपमुख्यमंत्री और कर्नाटक छ्रू गृह मंत्री और वरिष्ठ साथियों को यहां बुलाया था। दोनों पक्षों के साथ बहुत अच्छे माहौल में बात हुए।

उन्होंने कहा कि जब तक सुप्रीम कोर्ट का इसपर फैसला नहीं आ जाता, कोई भी राज्य इस बारे में एक-दूसरे राज्य पर दावा नहीं करेगा। दोनों तरफ से 3-3 मंत्री बैठेंगे और इस पर चर्चा करेंगे। दोनों राज्यों के बीच और मुद्दे भी हैं, इनका निवारण भी ये मंत्री करेंगे। शाह ने कहा कि मैं विपक्षी दलों महाराष्ट्र और कर्नाटक से इस मुद्दे का राजनीतिकरण नहीं करने का आग्रह करता हूं। हमें इस मुद्दे को हल करने के लिए गठित समिति की चर्चाओं के परिणाम और सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय की प्रतीक्षा करनी चाहिए। मुझे विश्वास है कि एनसीपी और कांग्रेस उद्धव ठाकरे समूह सहयोग करेंगे।

## योगी का आमंत्रण विदेशियों को पसंद, प्रदेश में करेंगे निवेशक

**लखनऊ।** कई देशों से उत्तर प्रदेश में निवेश लाने को आतुर टीम योगी को सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं।कई देशों के निवेशक उत्तर प्रदेश में निवेश के तैयार हैं बल्कि वो फरवरी में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में हिस्सा लेने वाले हैं। कल भी विभिन्न देशों में टीम योगी ने उत्तर प्रदेश में निवेश को लेकर दिग्गज निवेशकों से मुलाकात की और उन्हें उत्तर प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर, डिफेंस, टूरिज्म समेत अनेक क्षेत्रों में निवेश का प्रस्ताव दिया। बात तो पते की है ,बात सिर्फ बात न रह जाये तो बात बन जाये। निवेशकों को प्रदेश में सुरक्षित निवेश, बेहतर माहौल और सरकार से दी जा रही सब्सिडी और सहूलियत की जानकारी दीगई। निवेशको ने अलग-अलग क्षेत्रों में निवेश की रुचि जाहिर की। वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी की ओर से दो महत्वपूर्ण एमओयू साइन हुए। एग्रिस्टो बेल्जियम ने प्रदेश के फूड सेक्टर में 2023 में 300 करोड़ रुपए के निवेश का इरादा जताया है। योगी सरकार ने फरवरी में होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से प्रदेश में 10 लाख करोड़ रुपए के निवेश को आकर्षित करने का लक्ष्य रखा है।

# प्रमुख स्वामी महाराज शताब्दी महोत्सव के उद्घाटन समारोह में पहुंचे पीएम मोदी



एजेंसी

**अहमदाबाद।** नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह आयोजन देश और दुनिया को आकर्षित करेगा और आने वाली पीढ़ियों को प्रभावित और प्रेरित करेगा। 15 जनवरी तक दुनिया भर से लाखों लोग मेरे पितातुल्य स्वामी जी के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने के लिए यहां पधारने वाले हैं। ह में भी प्रमुख स्वामी महाराज शताब्दी समारोह मनाया गया।

उन्होंने कहा कि 2002 में चुनाव प्रचार के दौरान जब मैं राजकोट से प्रत्याशी था तो मुझे दो संतों ने एक डब्बा दिया जिसमें एक पेन था उन्होंने कहा कि प्रमुख स्वामी महाराज जी भेजा है और कहा है कि आप इस पेन से नामांकन पत्र पर हस्ताक्षर करना। वहां से लेकर काशी तक यह प्रथा चली आ रही है।

पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया के किसी भी हिस्से में चले जाइए आपको प्रमुख स्वामी महाराज जी की दृष्टि का परिणाम दिखाई देगा। उन्होंने सुनिश्चित किया कि

**देश और दुनिया को आकर्षित करेगा और आने वाली पीढ़ियों को प्रभावित और प्रेरित करेगा**

हमारे मंदिर आधुनिक हैं और वे हमारी परंपराओं को उजागर करते हैं। उनके जैसे महान लोगों और रामकृष्ण मिशन ने संत परंपरा को फिर से परिभाषित किया। प्रधानमंत्री मोदी रविवार को मेघालय में पूर्वोत्तर परिषद के स्वर्ण जयंती समारोहों में शामिल होंगे। राज्य के मुख्यमंत्री कॉनराड के. संगमा ने यह जानकारी दी। संगमा ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री सिर्फ तीन घंटे राज्य की राजधानी में रुकेंगे। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री 18 दिसंबर को राज्य का दौरा कर रहे हैं। पूर्वोत्तर परिषद का मुख्यालय शिलांग है। यह पूर्वोत्तर के राज्यों में आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए स्थापित की गई एक नोडल एजेंसी है।

### संक्षिप्त समाचार

## इटली में लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त, पायलट की मौत

**रोम।** इटली के सिसिली में यूरोफाइटर टाइफून लड़ाकू विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से पायलट की मौत हो गयी। यह विमान मंगलवार को सिसिली के शहर ट्रैपानी में सैन्य हवाई ठिकाने से पांच मील दूर प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। ला रिपब्लिका ने शुरू में बताया कि वह दुर्घटना में बच गया। रिपोर्ट के मुताबिक, 33 वर्षीय पायलट अज्ञात कारणों से दुर्घटना से नहीं बच पाया। जेट के मलबे के चारों ओर लगी आग से बचाव अभियान भी जटिल हो गया था। इतालवी वायु सेना ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। इटली के रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेटो ने पायलट के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है। यूरोफाइटर टाइफून एक यूरोपीय मल्टीरोल चौथी पीढ़ी का फाइटर है जिसे ब्रिटिश, जर्मन, स्पेनिश और इतालवी कंपनियों के एक संघ की ओर से डिजाइन किया गया है और 2003 में परिचालन सेवा में पेश किया गया।

## नैसकॉम फाउन्डेशन चलायेगा 55 आकांक्षी जिलों में डिजिटल समावेशन कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** नीति आयोग ने नैसकाम फाउंडेशन के साथ मिलकर 55 आकांक्षी जिलों में डिजिटल समावेशन कार्यक्रम शुरू किया है जिससे 35 लाख से अधिक लोगों को लाभ होगा। नीति आयोग के मिशन निदेशक-आकांक्षी जिला- राकेश रंजन ने बुधवार को यहां यह कार्यक्रम शुरू करने के अवसर पर कहा कि यह वंचित समुदायों के लिए डिजिटल साक्षरता, ई-गवर्नेन्स एवं डिजिटल कौशल पर ध्यान केन्द्रित करेगा। इससे 55 आकांक्षी ज़िलों में स्थापित डिजिटल रिसोर्स सेंटर डिजिटल साक्षरता और टेक-आधारित कौशल को बढ़ावा मिलेगा और फाउन्डेशन डिजिटल रिसोर्स सेंटरों के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें रोज़गार के अवसर भी उपलब्ध कराएगा। यह कार्यक्रम मार्च 2024 तक चलेगा।

## जीएसटी सर्वे से तंग व्यापारियों की समस्या का समाधान जरूरी: मायावती

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) और राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के बाद बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने उत्तर प्रदेश के कुछ कारोबारियों के प्रतिष्ठानों पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के सर्वेक्षण अथवा छापे की कार्रवाई पर सवालिया निशान लगाया है।

मायावती ने बुधवार को ट्वीट किया सरकार की गलत नीतियों व कार्यशैली आदि का ही परिणाम है कि पहले से ही नए जीएसटी राज के जंजाल से पीड़ित व्यापारी वर्ग अब यूपी में भी जीएसटी सर्वे/छापेमारी से तंग व दुःखी होकर बाजार बंद एवं आन्दोलन करने को मजबूर हो रहे हैं, जिसका निवारण जरूरी।

उन्होने कहा गरीबी, बेरोजगारी व महंगाई के इस कठिन दौर में लोगों की क्रय शक्ति काफी घट गई है, फिर भी गरीब व मजदूर वर्ग दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर भी जीएसटी की महंगी दर चुकाने को मजबूर है। किन्तु सरकार निश्चिन्त है कि उसका जीएसटी कलेक्शन बढ़ रहा है।

# गन्ना किसानो को धोखा दे रही है भाजपा सरकार: अखिलेश

## भाजपा सरकार किसान विरोधी सरकार

संवाददाता

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि चीनी मिल मालिकों के दवाब में उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार गन्ना किसानो को धोखा दे रही है। यादव ने बुधवार को कहा कि भाजपा सरकार की नीतियां किसान विरोधी और कुछ पूंजीपतियों और बड़े उद्योग घरानों के समर्थन में है। गरीब-गांव की भाजपा राज में हर तरह से उपेक्षा की जा रही है। नए सत्र में गन्ने की पेराई शुरू हो गई है लेकिन अभी तक भाजपा सरकार ने गन्ने का मूल्य तय नहीं किया है। गन्ना किसानों को अभी पिछले सत्र का भी बकाया भुगतान नहीं हुआ है। कायदे से तो किसान को गन्ना मूल्य के बकाया पर ब्याज भी मिलना चाहिए पर भाजपा सरकार मूलधन ही नहीं दे पा रही है जबकि



भाजपा सरकार ने 14 दिन के बाद किसानों के गन्ना मूल्य पर ब्याज देने का वादा किया था। मिल मालिकों के दबाव में भाजपा सरकार किसानों से धोखा दे रही है।

उन्होने कहा कि किसानों से धान की खरीद में भी सरकारी अफसरशाही खेल कर रही है। किसान लुट रहा है और बिचौलिए कमाई कर रहे हैं। किसान को फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) भी नहीं मिल रहा है। केन्द्र की भाजपा सरकार ने एमएसपी पर अपनी नीति अब तक स्पष्ट नहीं की है जबकि भाजपा सरकार ने किसानों के पिछले बड़े आंदोलन के दौरान एमएसपी देने का आश्वासन दिया था। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार ने गेंहू और रबी की फसल की बुवाई के लिए डीएपी-यूरिया खाद के अलावा और अन्य कीट नाशक रसायनों की व्यवस्था करने में घोर लापरवाही बरत रही है। किसान आज मारा-मारा फिर रहा है। प्रदेश में खाद का संकट कम नहीं हो रहा है। किसानों को समय से खाद उपलब्ध न होने की वजह से बुवाई में देरी हो रही है। उन्होने कहा कि सपा सरकार में खाद का समुचित इंतजाम था। बुवाई के मौसम से पूर्व ही खाद, कीटनाशक आदि की बेहतर व्यवस्था थी। भाजपा सरकार किसान विरोधी सरकार है।

## भूपेंद्र पटेल ने संभाला मुख्यमंत्री का कार्यभार

**गांधीनगर।** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने यहां विधिवत अपना कार्यभार संभाल लिया। पटेल ने आज सुबह शुभ मुहूर्त में लगातार दूसरी बार विधिवत तरीके से मुख्यमंत्री का कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय में सीमंधर स्वामी की मूर्ति तथा पूज्य दादा भगवान के श्रीचरणों में भावपुष्प अर्पित कर राज्य का जनसेवा दायित्व संभाला है।


पटेल के साथ राज्य मंत्रिमंडल के नवनियुक्त मंत्री भी पूजा-अर्चना में सहभागी बने। मुख्यमंत्री के रूप में पटेल के नेतृत्व में समग्र मंत्रिमंडल ने 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' की कामना तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए ध्येय मंत्र 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के साथ आज से ही अपना पदभार संभाल लिया है। मुख्यमंत्री ने सभी नवनियुक्त मंत्रियों को शुभकामनाएं दी और यह मंगलकामना व्यक्त की कि राज्य के उत्तरोत्तर एवं अविरत विकास में उनका योगदान मिलता रहेगा।

# कोरोना संक्रमण राहत: देश में पिछले कुछ दिनों से नहीं हुई किसी मरीज मौत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश में पिछले कुछ दिनों से कोरोना संक्रमण से किसी मरीज की मृत्यु नहीं हुई है, जिससे मृतकों की संख्या 5,30,658 पर बरकरार है और मृत्युदर 1.19 फीसदी है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि सुबह सात बजे तक 219.98 करोड़ से अधिक टीके दिये जा चुके हैं।

मंत्रालय ने बताया कि देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के एक सक्रिय मामले बढ़ने से इनकी संख्या बढ़कर 3,846 हो गयी है और इसी अवधि में कोरोना के संक्रमण से 151 लोगों के मुक्त होने से कुल संख्या बढ़कर 4,41,40,743 हो गयी है। देश में स्वस्थ होने की दर 98.80 प्रतिशत है। सक्रिय मामलों की दर 0.1 प्रतिशत है। मंत्रालय ने बताया कि देश में पिछले 24 घंटे में आठ राज्यों



और एक केन्द्र शासित प्रदेश में कोरोना के नए मामले सामने आए हैं और अन्य राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों में सक्रिय मामले घटे हैं। केरल में छह सक्रिय मामलों के बढ़ने से इनकी कुल संख्या बढ़कर 1,409 हो गयी है। कोरोना महामारी से उबरने वालों की संख्या बढ़कर 67,54,340 हो गई है और मतृकों की संख्या 71,524 है।

कर्नाटक में कोरोना संक्रमण के दो सक्रिय मामले बढ़ने से इनकी कुल संख्या बढ़कर 1,390 हो गयी है। इससे निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 40,29,890 तक पहुंच गयी है और मृतकों की संख्या 40,306 तक पहुंच गयी है।

महाराष्ट्र में चार सक्रिय मामले घटकर 196 रह गये हैं। इस दौरान 31 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इससे निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 79,87,626 तक पहुंच गयी है। राज्य में मृतकों की संख्या 1,48,408 पर स्थिर है। राजस्थान में कोरोना संक्रमण के छह सक्रिय मामले बढ़ने से इनकी कुल संख्या बढ़कर 74 हो गयी है। इस बीमारी से निजात पाने वालों की संख्या 13,05,599 हो गयी है। राज्य में मृतकों की संख्या 9,653 हो गयी है। ओडिशा में कोरोना के पांच मामले बढ़ने से इनकी कुल संख्या बढ़कर 101 हो गयी है। इस महामारी से ठीक होने वालों की कुल संख्या 13,27,192 तक पहुंच गयी है और मृतकों का आंकड़ा 9,205 है।

# दिल्ली के द्वारका में किशोरी पर तेजाब फेंका

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के द्वारका में मोहन गार्डन थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह दो लोगों ने किशोरी पर कथित तौर पर तेजाब फेंक दिया। इस घटना में झूलसी किशोरी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है और वास्तविक तथ्य तथा अन्य व्यक्ति की संलिप्तता का

●पुलिस ने बताया कि इस मामले में जांच की जा रही है
●घटना में झूलसी किशोरी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया
●राजधानी में दो बदमाशों ने एक लड़की पर दिनदहाड़े तेजाब फेंका और भाग गए

पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि मोहन गार्डन



थाना क्षेत्र में एक लड़की पर तेजाब फेंकने की घटना के संबंध में पुलिस को सुबह करीब नौ बजे पीसीआर कॉल मिली थी। बताया गया कि एक 17 वर्षीय किशोरी पर सुबह साढ़े सात बजे के करीब मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्तियों ने कथित तौर पर तेजाब जैसा पदार्थ फेंका। इस घटना के समय किशोरी अपनी छोटी बहन के साथ थी। उसने अपने परिचित दो लोगों पर शक जताया है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में जांच की जा रही है। वहीं, तेजाब हमले की घटना पर दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने ट्वीट कर लिखा, देश की राजधानी में दो बदमाशों ने एक लड़की पर दिनदहाड़े तेजाब फेंका और भाग गए। क्या किसी को कानून का डर है? एसिड को प्रतिबंधित क्यों नहीं किया जाता है।

उन्होंने कहा किद्वारका मोड़ के पास एक लड़की पर तेजाब फेंका गया। हमारी टीम पीड़िता की मदद के लिए अस्पताल पहुंच रही है। हम बेटी को न्याय दिलाएंगे। दिल्ली महिला आयोग देश में तेजाब पर प्रतिबंध लगाने के लिए वर्षों से संघर्ष कर रहा है। सरकारें कब जागेंगी।

# उत्तर प्रदेश में जानलेवा सरकार का राज :संजय सिंह



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कानपुर में पुलिस हिरासत में कारोबारी की मृत्यु पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये आम आदमी पार्टी (आप) सांसद एवं प्रदेश प्रभारी संजय सिंह ने बुधवार को कहा कि प्रदेश में एक जानलेवा सरकार चल रही है और व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। सिंह ने कहा कि जिन व्यापारियों ने भाजपा को सिर पर बिठाया और सत्ता के शिखर तक पहुंचाया, उन्हीं को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेशानुसार पुलिस प्रशासन पीड़ित कर रही है। कभी फर्जी सर्वे के आधार पर छापे तो कभी जीएसटी के नाम पर पुलिस प्रशासन व्यापारियों का उत्पीड़न कर रही है और हद तो तब हो गई जब कानपुर पुलिस ने बलवंत सिंह नामक व्यापारी को पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी।

## इन-व्हीकल नेविगेशन की सुविधा के लिए ईवी-यात्रा पोर्टल विकसित किया गया

# स्वच्छ हवा में सांस लेना बुनियादी अधिकार: द्रौपदी मुर्मू

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज कहा कि स्वच्छ हवा में सांस लेना बुनियादी मानवाधिकार है और इसे सुनिश्चित करना प्राथमिकता होनी चाहिए। राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर बुधवार को यहां राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार, राष्ट्रीय ऊर्जा दक्षता नवाचार पुरस्कार और राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता पुरस्कार प्रदान करने के मौके पर यह बात कही। उन्होंने इस अवसर पर ईवी-यात्रा पोर्टल का भी शुभारंभ किया। ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा

**विश्व समुदाय से पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली अपनाने का आग्रह किया**

निकटतम सार्वजनिक ईवी चार्जर के लिए इन-व्हीकल नेविगेशन की सुविधा के लिए ईवी-यात्रा पोर्टल विकसित किया गया है। इस मौके पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना हम सभी के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है कि आने वाली पीढ़ियां प्रदूषण मुक्त वातावरण में सांस ले सकें, अच्छी प्रगति कर सकें और स्वस्थ



जीवन जिएं।

स्वच्छ वातावरण में सांस लेना एक बुनियादी मानवाधिकार है। पर्यावरण की रक्षा करके हम अनेक मानवाधिकारों की रक्षा कर सकते हैं। मुर्मू ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग की चुनौतियों का सामना करते हुए ऊर्जा संरक्षण वैश्विक और राष्ट्रीय प्राथमिकता है। यद्यपि भारत का प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन और ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन विश्व औसत के एक तिहाई से भी कम है, फिर भी एक जिम्मेदार देश के रूप में भारत पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि कॉप-26 में भारत ने लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट यानी पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली का संदेश दिया था, जिसमें विश्व समुदाय से पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली अपनाने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपरा में, हमारी जीवनशैली हमेशा जीवन के संदेश के अनुरूप रही है।

प्रकृति का सम्मान करना, प्राकृतिक संसाधनों को बर्बाद न करना और प्राकृतिक संपदा को बढ़ाने के उपाय करना ऐसी जीवन शैली का अभिन्न अंग है। भारत इस तरह की जीवन शैली को अपनाने की दिशा में पूरे विश्व समुदाय को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। जी-20 में भारत की अध्यक्षता का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि जी-20 देश, दुनिया के कुल सकल उत्पाद में 85 प्रतिशत और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में 75 प्रतिशत का योगदान करते हैं।

इसके अलावा दुनिया की 60 फीसदी आबादी भी जी-20 देशों में रहती है। उन्होंने कहा कि भारत ने अपनी अध्यक्षता के दौरान वसुधैव कुटुम्बकम के आदर्श के अनुसार एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के विषय को अपनाया है और हम इसे विश्व पटल पर प्रचारित भी कर रहे हैं। राष्ट्रपति ने सभी पुरस्कार विजेताओं, विशेषकर बच्चों और राष्ट्रीय ऊर्जा दक्षता नवाचार पुरस्कार के विजेताओं की उनकी नवीन सोच और कार्यप्रणाली के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि उनके नवाचारों का व्यापक रूप से उपयोग किया जाना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक लोग प्रेरित हो सकें और पर्यावरण संरक्षण के नए तरीके विकसित कर सकें। राष्ट्रपति ने सभी से संकल्प लेने का आग्रह किया । हम जो कुछ भी करेंगे वह हमेशा प्रकृति के पक्ष में होगा, प्रकृति के खिलाफ कभी नहीं होगा। उन्होंने कहा कि प्रकृति और विकास के बीच संतुलन बनाए रखने में ही मानव कल्याण निहित है।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में मृतक युवक की नहीं हो सकी पहचान

**अयोध्या।** अयोध्या के पटरंगा थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना में एक 35 वर्षीय युवक की मौत हो गई।पुलिस के काफी प्रयास के बाद भी मृतक युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी।पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा है। यह दुर्घटना पटरंगा थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम रानीमऊ के निकट मंगलवार की सुबह भोर में हुई थी। अज्ञात युवक को लहूलुहान अवस्था में पड़ा देखकर राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस से सीएचसी मवई पहुंचाया। जिसे देखते ही डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक मवई ओम प्रकाश तिवारी ने बताया कि सीएचसी मवई से वार्ड बॉय ने सूचना दी गई कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर पटरंगा थाना क्षेत्र के ग्राम रानीमऊ गांव के निकट सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। जिसे एम्बुलेंस से सीएचसी मवई लाया गया था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अज्ञात शव की शिनाख्त के लिए पुलिस ने पहले अस पास के गांवों के लोगों को बुला कर शिनाख्त का काफी प्रयास किया। शिनाख्त न होने के बाद पुलिस ने मृतक युवक की शिनाख्त के लिए सोशल मीडिया के जरिए मृतक की फोटो को सोशल मीडिया के जरिए वायरल किया। ताकि शायद उसकी शिनाख्त हो जाए।लेकिन मृतक युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक युवक के शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है।

### यूपी निकाय चुनाव में पसमांदा मुसलमानों को कैंडीडेट बनाएगी बीजेपी: वसीम राइन

**बाराबंकी।** भारतीय जनता पार्टी इस बार उत्तर प्रदेश में होने जा रहे निकाय चुनाव को लेकर बड़ा उलट फेर करने की तैयारी में है। सूत्रों के मुताबिक, बीजेपी यूपी के सभी 17 नगर निगमों में पसमांदा मुसलमानों का सम्मेलन कराने जा रही है। वह पसमांदा मुस्लिम समाज को अपने साथ जोड़ने की रणनीति को लेकर बैठक करेगी। इसके अलावा स्थानीय चुनाव में बीजेपी पसमांदा मुस्लिम समाज के लोगों को उम्मीदवार भी बना सकती है। ऐसे में ऑल इंडिया मुस्लिम पसमांदा महाज के प्रदेश अध्यक्ष वसीम राइन ने बीजेपी के इस कदम का स्वागत किया है। उनका कहना है कि जबसे पीएम मोदी ने हमारे पसमांदा समाज को लेकर बोला है, तबसे सभी राजनीतिक संगठनों ने हमारे बारे में बात करना शुरू कर दिया है। इसके लिये हम पीएम मोदी के शुक्रगुजार हैं। ऑल इंडिया मुस्लिम पसमांदा महाज के प्रदेश अध्यक्ष वसीम राइन ने कहा कि देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने हमारे समाज के बारे में सोचा है। वर्ना आजादी के बाद से किसी भी दल ने हमारी बात नहीं की है। हम दबे-कुचले मुसलमान हैं। मुस्लिमों की कुल आबादी का 85 फीसदी केवल पसमांदा समाज है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अब हमें हिस्सेदारी देने की बात कही है। ऐसे में हमें जो दल हिस्सेदारी देगा, हम वहां वोट करने को तैयार हैं। हम जागरूक हो गये हैं। हम किसी से दबने वाले नहीं हैं। वसीम राइन ने कहा कि पसमांदा समाज ने आजमगढ़ और रामपुर में सपा के किले को पूरी तरह से ढहा दिया है। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी को अब पसमांदा समाज को हिस्सेदारी देनी चाहिये। उन्होंने कहा कि जबसे पीएम मोदी ने हमारे पसमांदा समाज को लेकर बोला है, तबसे सभी राजनीतिक संगठनों ने हमारे बारे में बात करना शुरू कर दिया है। इसके लिये हम पीएम मोदी के शुक्रगुजार हैं।

### राज्य संग्रहालय में कला अभिरूचि पाठ्यक्रम का आयोजन

**लखनऊ।** राज्य संग्रहालय, लखनऊ द्वारा आयोजित कला अभिरूचि पाठ्यक्रम की श्रृंखला के अन्तर्गत आज उद्भव एवं विकासः प्रागैतिहासिक पृष्ठभूमि विषय पर मुख्य वक्ता डॉ0 राकेश तिवारी, पूर्व महानिदेशक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा पावर प्वाइन्ट के माध्यम से रूचिकर व्याख्यान दिया गया। डॉ0 मीनाक्षी खेमका ने आज के मुख्य वक्ता के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आप कला, पुरातत्व एवं साहित्य विषय में विशिष्ट ज्ञान रखते है। भारतवर्ष में प्राचीनतम चावल की खोज का श्रेय भी डा0 तिवारी को है। इस श्रृंखला में प्रथमतः वक्ता ने बताया कि प्रकृति में सौन्दर्य है तथा सौन्दर्य बोध कला का एक भाग है। इस प्रकार प्रकृति में निहित सौन्दर्य कला का व्यापक रूप है, परन्तु जो कौशल से बनाया जाये तथा जिसे अनुभव किया जा सके तथा जिसमें अभिव्यजंना हो वह कला है। पत्थर, लकड़ी एवं अस्थियों के उपरकणों के प्राचीनतम उदाहरण के विषय में विस्तार से समझाया तथा उस पर किये गये प्रतीकात्मक अंकन के विषय समझाते हुए भावभिव्यजंना, आस्था एवं विस्त्रास के विषय में बताया। कला के क्रमिक विकास को बताते हुये मुहरों, अस्थि कला, आभूषण कला, शैलोत्कीर्ण कला, हाथ की छापें, वसस्तुकला, जिसके अन्तर्गत प्रारम्भिक झोपड़ियोंसे लेकर रॉक-कट आर्किटेक्चर, मन्दिर वास्तुकला, पात्र निर्माण कला, ताम्र उपकरण, मृण कला, नृत्य एवं वाद्यकला, इत्यादि के बारे में विस्तार से व्याख्या की। साथ ही वक्ता द्वारा यह भी बताया गया कि प्रारम्भिक कलायें सामान्य या लोक कलाएं हैं, जिसमें समय के साथ सौदर्य-बोध का समावेश हुआ एवं कुछ मानकों को निर्धारित किया गया, जिसमें समय के साथ सौन्दर्य-बोध का समावेश हुआ एवं कुछ मानकों को निर्धारित किया गया, जिसका शास्त्रों में वर्णन मिलता है।

### संदिग्ध हालत में युवक की मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**बाराबंकी।** जिले में आज गोली लगने से एक युवक की दर्दनात मौत हो गई। पुलिस ने घटनास्थल से एक तमंचा और सुसाइड नोट भी बरामद किया है। सुसाइड नोट में बीमारी से तंग आकर आत्महत्या करने की बात लिखी गई है। वहीं परिजनों ने रुपए के लेनदेन में हत्या करने का आरोप लगाया है। यह पूरी घटना बाराबंकी में सतरिख थाना क्षेत्र के देवकहा गांव की है। जहां के निवासी 40 वर्षीय प्रवेश वर्मा आज तड़के सुबह 4 बजे उठे। उठकर उन्होंने पत्नी और बच्चे से बताया कि वह खेत तक जा रहे हैं। परिजनों के मुचाबिक प्रवेश अपनी बाइक से पड़ोस के गांव पाराकुंवर स्थित अपने खेत के लिए निकले थे। तभी करीब 6 बजे प्रवेश का शव उसके खेत के पास गलियारे में पड़ा मिला। उसके सिर के पीछे गोली लगी थी जो खोपड़ी को चीरते हुए बाहर निकल गई। प्रवेश के पैर के पास 315 बोर का एक तमंचा भी पड़ा मिली। जिसकी सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तमंचे के साथ एक सुसाइड नोट भी बरामद किया और शव को पीएम के लिये भेज दिया। वहीं जो सुसाइड नोट मिला है उसमें बीमारी के कारण आत्महत्या की बात लिखी गई है। लेकिन यह सुसाइड नोट प्रवेश द्वारा ही लिखा गया है, इसकी पुष्टि के लिए जांच की जा रही है। पुलिस मामले के संदिग्ध बता रही है।

### देह व्यापार कराने वाले भाजपा नेता गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** गेस्ट हाउस में देह व्यापार कराने वाले भाजपा नेता व नगर पंचायत के पूर्व चौयरमैन को पुलिस ने मंगलवार रात को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का शांति भंग में चालान कर छोड़ दिया। एसडीएम कोर्ट से उसको जमानत भी मिल गई। पुलिस का कहना है कि आरोपी पर गिरफ्तारी वाली धाराएं नहीं थी। फिर भी उसको गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान किया गया है। सत्ता पक्ष से जुड़ा होने के कारण पुलिस एक माह बाद आरोपी चौयरमैन को गिरफ्तार कर पाई। रोजा थाना क्षेत्र में एक माह पहले भाजपा नेता व रोजा नगर पंचायत के पूर्व चौयरमैन अजय गुप्ता के मन्नत गेस्ट हाउस में पुलिस ने छापेमारी कर देह व्यापार पकड़ा था। पुलिस ने गेस्ट हाउस मालिक अजय गुप्ता, बेटे और मैनेजर समेत 17 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। कार्रवाई पूरी करने के बाद लड़के-लड़कियों को छोड़ दिया था। तब से आरोपी मालिक फरार चल रहा था। एक महीना बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपी गेस्ट हाउस मालिक व भाजपा नेता अजय गुप्ता तक नहीं पहुंच पा रही थी। पुलिस ने पूरे नाटकीय ढंग से भाजपा नेता की गिरफ्तारी दिखाई। करीब पांच घंटे कस्टडी में रखने के बाद आरोपी को शांतिभंग में चालान करने के बाद एसडीएम कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपी को जमानत मिल गई। सीओ सिटी अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी पर गिरफ्तारी वाली धाराएं नहीं लगी थी। बावजूद उसको गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान किया है।

## राजनीतिक प्रस्थान के लिए डा0 फरीदी के नक्शेकदम पर चलें

**110 वीं जयंती के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन**

**लखनऊ।** बानी ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिस काइदे मिल्लत डाक्टर अबदुल जलील फरीदी साहिब के यौम पैदाईश के मौके पर दफ्तर मुस्लिम मजलिस तकिया पैर जलील कैसरबाग लखनऊ में पार्टी के कौमी कारगुजार सदर वसी अहमद ऐडवोकेट की सदारत में एक सेमिनार का इनइकाद किया गया। सेमिनार में फरीदी साहिब की मिल्ली ,तिब्बी और सियासी खिदमात पर रोशनी डालते हुए शुरका इजलास ने कहा कि फरीदी साहिब एक मशहूर डाक्टर होने के साथ ही कद्दावर मिली-व-सियासी लीडर थे। इन्होंने मुस्लिम, दलित और दीगर मजलूम तबकों के अंदर सियासी बेदारी पैदा करने के लिए जो तारीख साज कारनामा अंजाम दिया है उसी का नतीजा है कि इकतिदार पर काबिज लोग जिन्हें इन्सान नहीं समझते थे उन्हें मुल्क में हुकूमत में हिस्सादारी मिली बल्कि हुकूमत साजी का मौका मिला फरीदी साहिब की ही देन है जो मुल्क में इत्तिहादी सियासत का दौर चल रहा है मुल्क में पहली मर्तबा 1974 मैं यू पी के असैंबली इलैक्शन में मुस्लिम मजलिस बी0के0डी0 और सोशलिस्ट पार्टी का इत्तिहाद 'सलासा मोरचा' बनाया था इस इंतिखाब में अगर इंदिरागांधी की ईमा पर मुस्लिम लीग ऐक्शन में हिस्सा ना लेती तो कांग्रेस किसी कीमत में हुकूमत साजी नहीं कर पाती और आज मुस्लिम सियासत और मुस्लमानों की ये हालत ना होती इजलास में इत्तिफाक राय से तय हुआ कि आज की सूरत-ए-हाल में मुस्लमानों के साथ हो रहे जुल्म, ना इंसाफी पर तमाम सियासी पार्टियों की खामोशी से ये साफ हो चुका है बगैर अपनी सियासी ताकत के ना तो मसाएल का हल हो सकेंगे और ना ही जुल्म ज्यादती, नाइंसाफी रुकने वाली है इसलिए हमें फरीदी साहिब के फार्मूला पर अमल करके सियासी ताकत हासिल करना होगा। इजलास में मैं गुजरात के इंतिखाबी नताएज को हुकूमत की तानाशाही पर मबनी बताते हुए ई0वी0ऐम को चमत्कार बताया गया। सेमिनार की निजामत पार्टी के सदर मुहम्मद नदीम सिद्दीकी ऐडवोकेट ने किया।

इजलास में सय्यद तौफीक अली जाफरी साहिब सदर पारलीमानी बोर्ड, वसी अहमद ऐडवोकेट कौमी कारगुजार, सदर इरफान खान कादरी जनरल सेक्रेटरी, डाक्टर अफ्सर, शुऐब हबीब, मुहसिन खान ऐडवोकेट, शुऐब खान ऐडवोकेट हाफिज महमूद उल-हक सय्यद सुबूर, जमील अहमद, नवेद खान, मुहम्मद नौशाद वगैरा ने शिरकत की।

# यूपी के 16 शहर पांच हजार सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में

संवाददाता

**कैमरे हर चौराहे, प्रमुख मार्गों, एक्सप्रेसवे और रेलवे व मेट्रो स्टेशन पर लोगों की गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था को और अधिक पुख्ता बनाने के इरादे से सरकार के निर्देश पर लखनऊ और कानपुर समेत राज्य के 16 शहरों में पांच हजार सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं।

इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर को ट्रैफिक से जोड़ने और शहरों को सेफ सिटी बनाने की योजना पर जोर दे रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर ये कैमरे हर चौराहे, प्रमुख मार्गों, एक्सप्रेसवे और रेलवे व मेट्रो स्टेशन पर लोगों की गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि यह योजना केंद्र और राज्य सरकार के द्वारा मिलकर शुरू की गई है। कानपुर, लखनऊ, आगरा, वाराणसी, प्रयागराज, अलीगढ़, बरेली, झांसी, सहारनपुर और मुरादाबाद जैसे शहरों में सीसीटीवी इंस्टॉल करने के लिए केंद्र ने मदद की है वहीं अयोध्या, मथुरा-वृंदावन, फिरोजाबाद, मेरठ, शाहजहांपुर, गोरखपुर और गाज़ियाबाद में राज्य सरकार की ओर से अनुदान जारी किया गया है। इनके इंस्टालेशन में निजी कंपनियों का भी सहयोग लिया गया है।

स्मार्ट सिटी मिशन के तहत जहां नगर विकास विभाग ने इंस्टालेशन की जिम्मेदारी संभाली तो वहीं एक्सप्रेसवे पर यूपीडा, टोल प्लाजा पर एनएचएआई, रेलवे स्टेशन पर रेलवे और मेट्रो स्टेशन पर मेट्रो प्रशासन की ओर से सीसीटीवी लगाए गए हैं। इन सबको इंटेग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम से जोड़ा गया है। वहीं इंस्टिट्यूशनल फाइनेंस जैसे बैंक या एटीएम में इंस्टालेशन के लिए निजी कम्पनियों के माध्यम से इंस्टालेशन किया गया है। दुकानों और बाजारों के लिए टैक्स एंड रजिस्ट्रेशन व अपार्टमेंट्स और घरों के लिए हाउसिंग डिपार्टमेंट नोडल एजेंसी बनी है।

सूत्रों ने बताया कि इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम की सिटी और स्टेट लेवल पर मॉनीटरिंग की जा रही है। उदाहरण के तौर पर कानपुर के इंटेग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम के जरिए 800 से ज्यादा कैमरों को कवर किया जा रहा है। इसके तहत 16 वर्क स्टेशन काम कर रहे हैं। वहीं स्टेट लेवल पर 5000 कैमरों की मॉनिटरिंग के लिए 16 स्मार्ट शहरों को कनेक्ट किया गया है। इन सेंटर्स के जरिए मिलने वाले डेटा को जल्द ही फ़िल्टर करके वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा और इसके माध्यम से आम नागरिकों को जागरूक किया जाएगा।

## रामनगर बेंगलुरु से राम लला की नगरी तक आई चांदी की ईंट, वापस ले जाएंगे पावन भूमि की धूलि

**रामायण काल में शक्तिशाली वानर राजा सुग्रीव द्वारा यहाँ राम की मूर्ति स्थापित की गई थी**

**लखनऊ।** मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के वास्तविक मूल्यों एवं सिद्धांतों को पुनर्जीवित करने के लिए कर्नाटक के पूर्व उप मुख्यमंत्री और कर्नाटक सरकार के उच्च शिक्षा आईटी और बीटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, कौशल विकास मंत्री डॉ. सी. एन. अश्वथ नारायण रामनगर बेंगलुरु के अपने 150 प्रतिनिधियों के साथ पवित्र राम जन्म भूमि अयोध्या के दौरे पर आए हैं। रामनगर का नाम श्री राम पर ही रखा गया है। यह नगर रामदेवरा बेट्टा (रामदेवरा पहाड़ियाँ) के चरणों में स्थित है। यह माना जाता है कि रामायण काल में शक्तिशाली वानर राजा सुग्रीव द्वारा यहाँ राम की मूर्ति स्थापित की गई थी। कर्नाटक राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री कंगल हनुमंथाय्या द्वारा इस स्थान का नाम रामनगर रखा गया था। किंवदंती के अनुसार भगवान राम और मां सीता ने वनवास का कुछ समय रामदेवरा में भी व्यतीत किया था अरखावती नदी के पास उनके कदम आज भी संरक्षित हैं, और उसी के लिए एक छोटे से मंदिर का निर्माण किया गया है। इस दृष्टि से रामनगर का राम जी से गहरा संबंध है। जानकारी के मुताबिक डॉ. सीएन अश्वथ नारायण एवं प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को राम लला के दर्शन और पूजन के बाद उन्हें चांदी की ईंट भेंट करेंगे। साथ ही, रेशम के लिए विख्यात रामनगर में तैयार की गई एक रेशमी साड़ी मां सीता को भेंट की जाएगी। राम लला को जो चांदी की ईंट चढ़ायी जायेगी, उसकी पूजा पहले रामदेवरा बेट्टा और कालेंगल हनुमंतरा मंदिर में की जा चुकी है। रामनगर के रामदेवरा बेट्टा और अयोध्या के बीच एक पारंपरिक संबंध है।

### नगर निगम गोरखपुर के अपर नगर आयुक्त मृत्युन्जय निलंबित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नगर निगम गोरखपुर के अपर नगर आयुक्त मृत्युन्जय को अपने कार्यों में शिथिलता बरतने, योजनाओं के क्रियान्वयन पर ध्यान न देने तथा अक्सर कार्यालय से गायब रहने एवं नगर निगम के कार्यों में रूचि न लेने के कारण निलंबित कर दिया गया है। साथ ही उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए प्रकरण की जांच हेतु अपर आयुक्त (प्रशासन) गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर को जांच अधिकारी नामित किया है। निलम्बन अवधि में मृत्युन्जय निदेशक नगर निकाय निदेशालय लखनऊ के कार्यालय से सम्बद्ध रहेंगे। इस सम्बंध में प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात द्वारा आवश्यक आदेश भी जारी कर दिए गए हैं।

## डीएम बोले, भू-स्वामियों से विनम्रता के साथ सहमति लें

**प्रगति का निरीक्षण किया**

**अयोध्या।** डीएम नीतीश कुमार ने श्रीरामजन्मभूमि मंदिर की ओर जाने वाले प्रमुख मार्गों का निरीक्षण कियास राम मंदिर निर्माण के बीच अयोध्या धाम में श्रद्धालुओं,पर्यटकों की संख्या में निरंतर हो रही भारी वृद्धि के को देखते हुए आवागमन की बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए उनका निरीक्षण महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिलाधिकारी ने राम पथ (सहादत गंज से नया घाट तक) के चौड़ी करणध्सुदृढ़ी करण कार्य से प्रभावित दुकानदारों,भू-स्वामियों से राम जानकी मंदिर साहब गंज में चल रहे भूमि के बैनामें व उससे संबंधित कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस अवसर पर राम पथ चौड़ी करण,सुदृढ़ीकरण से प्रभावित भू-स्वामियों,दुकानदारों से सहमति, भूमि बैनामें, पुर्नवास सहायता व ध्वस्ती करण के कार्यों में लगी समस्त (10 टीमों) को और तेजी लाने के निर्देश हैं। इस दौरान जिलाधिकारी ने उक्त कार्यों में तेजी लाने हेतु आवश्यकतानुसार और कर्मचारियों को लगाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

## कोतवाल ने महिला सिपाही को बोला आई लव यू, कप्तान ने कर दिया सस्पेंड

**लखनऊ।** बागपत में खेकड़ा कोतवाली के इंस्पेक्टर ने महिला सिपाही के साथ बदसलूकी करते हुए आई लव यू बोला तो महिला पुलिसकर्मियों एसपी से शिकायत की। जाँच के बाद एसपी बागपत नीरज कुमार जादौन में इंस्पेक्टर देवेंद्र कुमार त्यागी को निलंबित कर दिया। खेकड़ा कोतवाली पर तैनात रहे इंस्पेक्टर देवेंद्र कुमार त्यागी के खिलाफ कोतवाली में तैनात महिला पुलिसकर्मियों ने शिकायत की थी कि इंस्पेक्टर उनके साथ बदसलूकी और अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते है। एक महिला सिपाही ने एसपी से शिकायत करते हुए बताया था कि इंस्पेक्टर ने तीन दिन पहले उसने देर शाम अपने कार्यालय में बुलाया और वहां उसके साथ अमर्यादित बातचीत करते हुए आई लव यू कह दिया, महिला सिपाही ने विरोध जताया। इंस्पेक्टर ने विरोध करने के बाद भी महिला सिपाही को आई लव यू बोल दिया। महिला सिपाही ने हंगामा कर दिया था। महिला पुलिसकर्मियों की शिकायत के बाद एसपी बागपत नीरज कुमार जादौन ने पुरे मामले की जाँच सीओ खेकड़ा विजय चौधरी से कराई तो सत्यता पाए जाने पर देवेंद्र कुमार त्यागी को निलंबित कर दिया है ।

### वकीलों के शिष्ट मंडल ने डीएम को सौंपा ज्ञापन"

**शाहजहांपुर।** एंटी करप्शन ऑफ इंडिया के बैनर तले दर्जनों अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट में एकत्र होकर नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा।ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि महानगर के दलेलगंज स्थित एक इंटर कालेज में कार्यवाहक प्रधानाचार्य पर रहते हुए गंभीर भ्रष्टाचार अनिमितताओं एंव अनुशासनहीनता का आरोप लगाया गये है। इस प्रकरण में उनके विरुद्ध प्रबंध समिति द्वारा जांच शुरू की गयी और जांच प्रभावित न हो इस कारण उनको निलंबित किया गया। लेकिन कुछ शिक्षक संगठन उक्त प्रकरण पर

## फंदे पर लटकता मिला विवाहिता का शव



**गोण्डा।** कर्नलगंज थाना क्षेत्र के गौरासिंहपुर गांव के मजरा मुजही में विवाहिता का शव फांसी के फंदे से लटकता हुआ मिला। घटना से पूरे गांव में हड़कंप मच गया। इसके बाद लड़की के पति ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। इस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उतरवाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। साथ ही लड़की के परिजनों को सूचना दी। इस पर मौके पर पहुंचे लड़की के परिजनों ने पुलिस को जानकारी देते हुए बताया कि उसके पति और परिजनों के द्वारा आए दिन दहेज के लिए लड़की को प्रताड़ित किया जाता था। कई बार बुरी तरीके से मारा पीटा गया। इसको लेकर उन्होंने षड्यंत्र व साजिश करके लड़की की हत्या कर दी। घटना कर्नलगंज क्षेत्र के गौरासिंहपुर गांव के मजरा मुजही का है। जहां के निवासी आनंद गुप्ता की 24 वर्षीय पत्नी रुकमीना गुप्ता का शव सोमवार की सुबह फांसी के फंदे से लटकता हुआ मिला, जिसके बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया। इस घटना के बाद पूरे परिवार में अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद महिला के पति ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तुरंत महिला के शव को फांसी के फंदे से उतरवाकर अपनी छानबीन शुरू कर दी। साथ ही शव को पोस्टमॉर्टम भेजने की तैयारी भी शुरू कर दी। वहीं उन्होंने महिला के परिजनों को इसकी सूचना दी। मृतका रुकमीना गुप्ता के पति आनन्द गुप्ता ने बताया कि वह सुबह खेत में आवारा पशुओं को हांकने गए थे, जब वापस लौटे तो पत्नी का शव फांसी के फंदे से लटकता मिला।

## निकाय चुनाव में जीते तो बनाएंगे मोहल्ला क्लीनिक : सभाजीत सिंह

**अयोध्या।** आम आदमी पार्टी निकाय चुनाव समिति के प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने कहा कि लगभग 12000 वार्ड हैं और 763 इकाई है जिन पर आम आदमी पार्टी मजबूत प्रत्याशियों को उतारेगी, इन सभी सीटों पर आम आदमी पार्टी द्वारा चुनाव लड़ा जाएगा एवं हमारा सबसे बड़ा मुद्दा होगा नगर निकायों में व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त करना, उन्होंने कहा कि हाऊस टैक्स,वाटर टैक्स और कमर्शियल टैक्स के नाम पर भ्रष्टाचार फैला हुआ है जिसे समाप्त करना आम आदमी पार्टी का उद्देश्य होगास हमारा नारा भ्रष्टाचार मुक्त नगर पालिका एवं भ्रष्टाचार मुक्त नगर निगम होगा, जिसमें नगरीय क्षेत्रों की साफ सफाई आम आदमी पार्टी की प्राथमिकता होगी.। उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव में जनता ने मौका दिया तो मोहल्ला क्लीनिक बनाएंगे । जहां लोगों के इलाज निशुल्क होंगे। इलाज के साथ-साथ डॉक्टरों के परामर्श भी फ्री दिए जायेंगे। सभाजीत सिंह ने कहा कि दिल्ली डब्क् में 15 साल से व्याप्त भाजपा के कुशासन को दिल्ली की जनता ने इस बार समाप्त कर दिया वहां आम आदमी पार्टी की जीत हुईस गुजरात में 13ः वोट आम आदमी पार्टी को मिला अर्थात 41 लाख वोट आप को मिले और यही वजह है कि आम आदमी पार्टी को अब एक राष्ट्रीय पार्टी की पहचान मिल चुकी है । लोग बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी से जुड़ रहे हैं।

सभाजीत सिंह की मौजूदगी में बड़ी संख्या में लोगों ने रीडगंज पार्टी कार्यालय पर आप की सदस्यता लीस लोगों को संबोधित करते हुए सभाजीत सिंह ने कहा कि हमारे लिए गौरव पूर्ण बात है कि दूसरे राजनीतिक दलों की तुलना में हमारा जनाधार तेजी से बढ़ रहा है,उन्होंने कहा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की नीतियों और सिद्धांतों के कारण आज आम आदमी पार्टी देश में सबसे लोकप्रिय और विश्वसनीय पार्टी बन चुकी है और राष्ट्रीय पार्टी बन चुकी है यह हमारा सौभाग्य है कि देश के जिम्मेदार, शिक्षित, सम्मानित नागरिक जो अपने क्षेत्र में सकारात्मक कार्यों के लिए जाने जाते हैं।

### राष्ट्रीय ताइक्कांडो चौंपियनशिप में डेविड और गौरव ने जीते स्वर्ण पदक

**लखनऊ।** इंडस इंटरनेशनल एकेडमी लखनऊ के खिलाड़ियों ने गाजियाबाद के महामाया स्टेडियम में गत 9 से 11 दिसंबर 2022 तक ओपन नेशनल ताइक्कांडो चौंपियनशिप में यूपी टीम का प्रतिनिधत्व करते हुए दो स्वर्ण, तीन रजत व तीन कांस्य पदक जीतकर तीसरा स्थान हासिल किया। इसमें गौरव मिश्रा व डेविड यादव ने स्वर्ण पदक जीते। इन पदक विजेताओं को वापसी के बाद स्कूल परिसर में आयोजित एक समारोह में सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि आनंद किशोर पाण्डेय (सह सचिव उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ एवं निदेशक स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया) एवं विद्यालय के चेयरमैन अतुल श्रीवास्तव ने पदक विजेताओं का सम्मान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि आनंद किशोर पाण्डेय ने कहा कि वर्तमान में केंद्र सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार खेलों व खिलाड़ियों का पूरा ख्याल रख रही है। इससे खेलों में भविष्य काफी उज्जवल है और आप खेल को भी एक कॅरियर के तौर पर अपना सकते है।

## नगर निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी करने पर रोक की मीयाद बढ़ी, अगली सुनवाई 20 दिसम्बर को

**नगर निकाय चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण को लागू करने में प्रक्रिया का पालन न करने के आरोप संबंधी एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया**




**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के नगर निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी करने पर 12 दिसम्बर को लगाई गई रोक 20 दिसम्बर तक जारी रखने का आदेश दिया। न्यायमूर्ति डी. के. उपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने यह आदेश राज्य सरकार पर नगर निकाय चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण को लागू करने में प्रक्रिया का पालन न करने के आरोप संबंधी एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया। राज्य सरकार ने जवाबी हलफनामा देने के लिए तीन दिन का समय देने की मांग की, जिसे न्यायालय ने मंजूर कर लिया। गौरतलब है कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने सोमवार को राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) को नगर निकाय चुनाव कराने की अधिसूचना जारी करने पर मंगलवार तक अंतरिम रोक लगा दी थी। यह आदेश न्यायमूर्ति डी के उपाध्याय और न्यायमूर्ति सौरभ श्रीवास्तव की पीठ ने वैभव पांडेय एवं अन्य याचिकाकर्ताओं की अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए पारित किया था। याचिकाकर्ताओं ने पांच दिसंबर, 2022 की अधिसूचना को चुनौती दी है, जिसमें राज्य ने सोमवार शाम तक आरक्षण तय करने पर आपत्ति मांगी थी। याचिकाकर्ताओं ने राज्य सरकार पर नगर निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण लागू करने में प्रक्रिया का पालन न करने का आरोप लगाया है। उनकी ओर से कहा गया है कि उच्चतम न्यायालय ने इसी साल सुरेश महाजन के मामले में दिये गये निर्णय में स्पष्ट तौर पर आदेश दिया था कि स्थानीय निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण जारी करने से पहले ट्रिपल टेस्ट किया जाएगा और यदि ट्रिपल टेस्ट की औपचारिकता नहीं की जा सकी है तो अनुसूचित जाति (एससी) व अनुसूचित जनजाति (एसटी) सीटों के अलावा बाकी सभी सीटों को सामान्य सीट घोषित करते हुए, चुनाव कराए जाएंगे।

याचिका में आरोप लगाया गया कि शीर्ष अदालत के स्पष्ट दिशानिर्देशों के बावजूद राज्य सरकार ने बिना ट्रिपल टेस्ट के पांच दिसम्बर 2022 को ड्राफ्ट नोटिफिकेशन जारी किया जिसमें ओबीसी के लिए आरक्षित सीटों को भी शामिल किया गया।

याचिका का राज्य सरकार ने विरोध करते हुए कहा कि इससे चुनाव कराने में देरी होगी। उसने यह दलील भी दी कि पांच दिसम्बर की अधिसूचना एक ड्राफ्ट नोटिफिकेशन है, याचिकाकर्ता या जो भी व्यक्ति इससे असंतुष्ट हैं, वे आपत्तियां दाखिल कर सकते हैं। बहरहाल, अदालत राज्य सरकार की इस दलील से संतुष्ट नहीं हुई और चुनावी अधिसूचना के साथ-साथ पांच दिसम्बर 2022 की मसविदा अधिसूचना पर भी अंतरिम रोक लगा दी।

# बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' एवं धर्मवीर भारती की स्मृति में राष्ट्रीय संगोष्ठी

## द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी, शकुंतला सिरोठिया एवं विनोद चन्द्र पाण्डेय 'विनोद' का स्मरण

संवाददाता

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' एवं धर्मवीर भारती की स्मृति में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन आज से हिन्दी भवन यशपाल सभागार में किया गया। संगोष्ठी में अतिथि के रूप में पद्मकान्त शर्मा 'प्रभात', डॉ0 रमेश प्रताप सिंह, नागेश पाण्डेय 'संजय', डॉ0 सुरेन्द्र विक्रम, श्री भैरूलाल गर्ग, उपस्थित थे। कार्यक्रम में वाणी वंदना सुश्री कामनी त्रिपाठी द्वारा प्रस्तुत की गयी। डॉ0 रमेश प्रताप सिंह ने कहा कि धर्मवीर भारती के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर भारती जी में परम्परा भी है आधुनिकता भी है। परम्परा के साथ नवीनता का सामंजस्य करने वाला रचनाकार ही कालजयी रचनाकार होता है। भारती जी ने साहित्य की हर विधा पर गहरी छाप छोड़ी है। भारती पर छायावाद व हालावाद का प्रभाव रहा है। उन्होंने ने कहा कि 'गुनाहों का देवता', 'अंधायुग', 'कनुप्रिया' जैसी रचनाओं की सुप्रसिद्ध रचनाओं में गिनती की जाती है। वे प्रेम व प्रणय के प्रधान रचनाकार हैं। 'गुनाहों का देवता' रचना में प्रेम कि पराकष्ठा परिलक्षित होती है। वे चिन्तनशील कवियों में हैं। उनकी रचनाओं में प्रेम प्रधान तत्वों का समावेश मिलता है। 'अंधायुग', काव्य नाटक भारती जी की महाभारत पर आधारित रचना है। रागिनी सिंह व रोशनी लोधी ने धर्मवीर भारती की रचना 'गुनाहों का देवता' के अशों का पाठ किया।पद्मकान्त शर्मा 'प्रभात' ने बालकृष्ण शर्मा नवीन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर बोलते हुए कहा कि



नवीन जी की रचनाएं सामाजिक चेतना जागृत करती हैं। उनकी रचनाओं में भारतीय समाज परिलक्षित होता हैं वे क्रांतिकारी कवियों में अग्रणी भूमिका निभाते हैं। वे मनुष्यता व एकता के साक्षात प्रतीक थे। उनका जीवन व लेखन कार्य क्रांतिकारियों, कवियों, लेखकों, पत्रकारों के बीच व्यतीत हुआ। 'कवि कुछ ऐसी तान सुनाओ उनकी सुप्रसिद्ध कविता है। उनका राष्ट्रीय एकता के लिए विपुल अवदान रहा है। नवीन जी ने अपनी रचना के माध्यम से राष्ट्रीय चेतना का अलख जगाया। उनकी रचनाओं में पूरा भारत व भारतीयता दिखायी देती है। खुशी सखूजा ने बाल कृष्ण शर्मा 'नवीन' की सुप्रसिद्ध कविता 'क्रांति' का पाठ किया। नागेश पाण्डेय 'संजय' ने विनोद चन्द्र पाण्डेय 'विनोद' के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर बोलते हुए कहा कि विनोद चन्द्र पाण्डेय की गणना सहज कवियों में की जाती है। बाल साहित्य रचना के क्षेत्र में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही हैं। वे बाल साहित्य के बहुत बड़े समीक्षक रहे। वे छोटे से छोटे रचनाकारों से भी बड़ी आत्मीयता से मिलते थे। उन्होंने नये-नये बाल साहित्यकारों को जोडा। उनका व्यक्तित्व काफी विराट था। 'बाल साहित्य का इतिहास' उनकी प्रमुख रचनाओं में से हैं। उनकी रचनाएं मौलिकता पर आधारित रही है। वे सफल संपादक रहे। उन्होंने यह भी कहा कि बाल साहित्य, बाल पत्रिकाएं विद्यालयों में अनिवार्य की जानी चाहिए। ' महापुरुषों की जीवनियाँ' आदि उनकी प्रमुख रचनाएं है। साहित्य के सिद्धान्तों की झलक भी बाल साहित्य में मिलती है। डॉ0 सुरेन्द्र विक्रम ने कहा कि द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी जी 'यदि होता किन्नर नरेश मैं राजमहल में रहता, सोने का सिंहासन होता सिर पर मुकुट चमकता.... कविता लिखकर बाल मन पर गहरी छाप छोड़ती है। उनकी रचनाओं में प्रकृति, शिक्षा, बाल, समाज विषयों का सबका समावेश मिलता है। वीर तुम बढ़े चलो.... जैसी कविताओं के रचयिता माहेश्वरी जी बाल साहित्य के पुरोधाओं में हैं। उन्होंने प्रबंध काव्यों की भी रचना की।राजस्थान से पधारें भैरूलाल गर्ग ने शकुंतला सिरोठिया के बाल साहित्य सृजन पर बोलते हुए कहा कि बाल साहित्य जगत में शकुन्तला सिरोठिया का स्थान अग्रणी पंक्ति में आता है।

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने खोली पुलिस की बर्बरता की पोल

**लखनऊ (यूएनएस)।** कानपुर देहात में व्यापारी चंद्रभान सिंह से लूट व थाने में उनके भतीजे बलवंत सिंह की मौत के मामले में पुलिस की बर्बरता सामने आई है। पुलिस ने कस्टडी में जमकर पिटाई की है, जिससे उसके शरीर पर 22 चोटें मिली हैं। जगह-जगह नीले और स्याह निशान मिले हैं।

शिवली थाना क्षेत्र में बीते दिन हुई लूट की घटना में पुलिस ने देर रात लालपुर सरैया निवासी बालवंत सिंह (27) को उठाया था। उस समय बलवंत अपनी पिकअप से रनियां की एक फैक्टरी से चोकर खेप लेकर वापस लौट रहा था। पुलिस ने उसके साथ मौजूद चचेरे भाई गुड्डू को धमका कर भगा दिया था। मंगलवार को पांच पुलिस कर्मियों व डॉक्टर पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। एसपी ने

### बलवंत के शरीर पर मिलीं 22 चोटें

### मृतक के परिजनों को चार लाख का चेक और नौकरी का आश्वासन

तबीयत बिगड़ने से मौत की बात कही थी। मामले में पांच पुलिस कर्मियों और एक डॉक्टर पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई।

एक इंस्पेक्टर समेत 11 पुलिस कर्मी निलंबित किए गए हैं। देर रात पोस्टमार्टम हुआ जिसमें बलवंत के शरीर पर 22 चोटें पाई गई हैं। मंगलवार देर रात शव लेकर परिजन गांव पहुंचे तो कोहराम मच गया। बुधवार को सुबह शव का अंतिम संस्कार करने से परिजनों ने इनकार कर दिया।उन्होंने मांग रखी, सीएम योगी आदित्यनाथ गांव आएं। आरोपी पुलिस कर्मियों की गिरफ्तारी की जाए। मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी और मां और पिता को भरण पोषण के लिए एक करोड़ रुपये की सहायता राशि दी जाए। सुनियोजित हत्या पर रिटायर्ड जज की देखरेख वाली कमेटी से जांच की मांग की।एडीएम प्रशासन और एएसपी को यह मांग पत्र दिया गया। इसके बाद करीब साढ़े ग्यारह बजे डीएम नेहा जैन व एसपी सुनीति लालपुर सरैया गांव पहुंची और बंद कमरे में परिजनों से वार्ता शुरू की। परिजन अपनी मांग पर अड़े हैं। मृतक के परिजनों से सांसद देवेंद्र सिंह भोले भी पहुंचे। परिजनों का चार लाख रुपये देने और नौकरी का आश्वासन दिया ।

## लूट के शिकार सर्राफा व्यापारी से मिले आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारी

**लखनऊ।** देर रात गुडंबा थाना अंतर्गत महालक्ष्मी ज्वेलर्स प्रतिष्ठान के स्वामी सर्राफा व्यापारी नरेश कुमार सिंह के साथ लूट की गई थीं। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता पदाधिकारियों के साथ पीड़ित व्यापारी के प्रतिष्ठान पर पहुंचकर लूट कांड के शिकार सर्राफा व्यापारी से घटना की पूरी जानकारी ली। साथ ही व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने बताया आदर्श व्यापार मंडल भुक्तभोगी व्यापारी के साथ वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से भी मिलेगा। माल बरामदगी एवं अपराधियों को पकड़ने ,सर्राफा व्यापारियों की सुरक्षा के विशेष प्रबंध करने की मांग करेगा। व्यापारी नेता संजय गुप्ता के साथ पीड़ित सर्राफा व्यापारी के वहां पहुंचने वाले नगर महामंत्री आशीष गुप्ता, मोहित कपूर, ट्रांस गोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम ,अवधेश गुप्ता मौजूद रहे।

# निकाय चुनाव: बीजेपी की रणनीति तैयार, बनेंगी 1400 चुनावी कमेटियां

### वार्ड कमेटी की सिफारिश पार्टी करेगी कंसीडर हर दहलीज पर बीजेपी देगी दस्तक

संवाददाता

**लखनऊ।** निकाय चुनाव के लिए भाजपा 1400 नई चुनावी कमेटियां बनायेगी।हर वार्ड में चार प्रमुख पदाधिकारियों की कमेटी चुनाव संचालन से लेकर टिकट वितरण तक देखेगी। कमेटी की सिफारिश निकाय चुनाव में अहम होगी। पार्टी निकाय चुनाव माइक्रो लेवल पर लड़ने जा रही है, जिसमें वार्ड समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। वार्ड में चार सदस्य होंगे।निकाय चुनाव को लेकर पार्टी ने 12 से संगठनात्मक कार्यों एवं नगर निकाय चुनावों को लेकर क्षेत्र एवं जिला स्तर पर बैठकें शुरू कर चुकी है, यह सिलसिला 18 दिसम्बर तक चलेगा। मेयर, सभासद, पालिका अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए पूरी तैयारी है। जिला व वार्ड स्तर पर चुनाव समितियों के गठन किया जा रहा है। हर कार्यकर्ता को भाजपा जिम्मेदारी दे रही है हर बूथ भाजपा-हर घर भाजपा का मंत्र बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी दे चुके हैं। हर दहलीज पर दस्तक देने की योजना है।महापौर, नगरपालिका अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष तथा नगर निगम, नगरपालिका व नगर पंचायत के पार्षद प्रत्याशी स्क्रीनिंग कमेटी तय करेगी। बीजेपी हर समय चुनावी मोड में रहती है।

मिशन फतह 2024 को ध्यान मे रखते हुए पार्टी संगठनात्मक संरचना को और अधिक मजबूत करते हुए सशक्त मंडल, सक्रिय बूथ समिति और पन्ना प्रमुख व पन्ना समिति की संरचना को भी पार्टी मजबूत करेगी। वार्ड समिति व बूथ समिति का गठन कर सम्पर्क व संवाद के माध्यम से संगठन व सरकार की बात घर-घर तक पहुंचाने का टारगेट कार्यकर्ता को दिया जा रहा है।

# पुलिस के हत्थे चढ़े तीन स्मैक तस्कर,एक करोड़ 60 लाख रुपए का स्मैक बरामद

**अमेठी।** जिले में चलाये जा रहे नशा मुक्ति अमेठी अभियान में पुलिस को एक बार फिर बड़ी सफलता मिली है। जहां पुलिस ने एसयूवी सवार तीन शातिर स्मैक तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करों के पास से एक करोड़ 60 लाख रुपए कीमत का 550 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। पुलिस में गाड़ी को सीज करते हुए तीनों पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। दरअसल, ये पूरा मामला कमरौली थाना क्षेत्र के एनएच 56 स्थित जाफरगंज बाजार का है। जहां देर रात स्वाट टीम प्रभारी अपनी टीम के साथ मौजूद थे। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि एसयूवी कार से तीन तस्कर हैदरगढ़ से प्रतापगढ़ की तरफजा रहे हैं। सूचना के बाद हरकत में स्वाट टीम ने पूरे मामले की जानकारी कमरौली पुलिस को देते हुए मंगरौरा पुलिया हाईवे के पास वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। इसी बीच लखनऊ की तरफसे आ रही टाटा सफारी गाड़ी यूपी 32 सीएस 4009 आती दिखाई दी, जिसे पुलिस ने तत्काल घेर कर रुकवा लिया। तलाशी के दौरान तीनों तस्करों के पास से एक करोड़ 60 लाख रुपए कीमत का 550 ग्राम स्मैक बरामद हुआ, जबकि एक तस्कर के पास से एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ। गाड़ी का कागज न दिखा पाने के कारण पुलिस ने गाड़ी को भी सीज कर दिया।

पूछताछ के दौरान तस्करों ने बताया कि ये स्मैक बाराबंकी से खरीदी गई थी और अलग अलग रास्तों से इसे प्रतापगढ़ पहुंचाया जाता था, जहां इसकी बिक्री फुटकर में होती थी।

पुलिस के हत्थे चढ़े तीनो तस्कर बाराबंकी जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों के रहने वाले है। बलराम तिवारी हैदरगढ़, अमन तिवारी बदोसराय और श्रवण कुमार हैदरगढ़ थाना क्षेत्र का रहने वाला है।

# जियो और जीने दो विषय पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

### ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड की अध्यक्षा शाइस्ता अंबर ने किया सलमा बेग को किया गया सम्मानित

**लखनऊ।** जैसा की विदित है आज के समय में मानवीय मूल्य चुनौती ग्रस्त परिस्थितियों से जूझ रहे हैं एक ओर जहां हम महिला और पुरुष समानता की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर महिलाओं पर गर्भ धारण करते ही यदि बेटी है तो इसी स्तर से उसके अधिकारों का हनन शुरू हो जाता है।

आज कई नियम और कानून मानव अधिकारों को संरक्षित करने के लिए बनाए गए हैं । संविधान भी हमें मौलिक अधिकारों और नीति निर्देशक तत्व के रूप में मौलिक कर्तव्यों को देकर मानवीय मूल्यों को संरक्षण प्रदान करता है।

कार्यक्रम ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, भारतीय नागरिक परिषद और वर्ल्ड चैरिटेबल वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन




के तत्वाधान में आयोजित हुआ।

संगोष्ठी में मुख्य अतिथि श्रीमती रत्ना शुक्ला डायरेक्टर आवाज ए खवातीं दिल्ली से तथा मुख्य वक्ता सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता श्रीमती रितु दुबे रही। बोर्ड के अध्यक्ष शाइस्ता अंबर ने कहा कि संविधान ने हमें समानता प्रदान की है फिर भी आज बराबरी की बात करने वाला हमारा समाज कहीं ना कहीं जाने अनजाने कमजोर असहाय तलाकशुदा मुस्लिम औरतों को हेय दृष्टि से देखता है और उनके साथ अन्याय कर रहा है ।आज तलाकशुदा महिलाएं अपनी आइडेंटिटी की लड़ाई लड़ रही हैं उनके बच्चे बिना पिता के नाम के शिक्षा से महरूम हो रहे हैं, असंवैधानिक तलाक के मामले कई वर्षों तक कोर्ट में चलते हैं और इस दौरान असहाय महिला बिना किसी आसरे के बिना किसी आर्थिक सहायता के बच्चों को बढ़ाने और अपने जीवन को चलाने के लिए शोषण अन्याय का शिकार होती रहती है। माननीय कोर्ट को अन्याय के मामलों में त्वरित निर्णय लेते हुए महिलाओं के साथ न्याय करना चाहिए। आवाज ए खवातीन की डायरेक्टर रत्ना शुक्ला आनंद ने सभी को बताया कि आज महिलाओं या पुरुषों के साथ अन्याय तभी होता है जब वह अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं होते और जागरूकता की कमी का सबसे बड़ा कारण शिक्षा का अभाव है।

## एएमयू शिक्षक को बीआरएसआई के फेलो के रूप में चुना गया

**अलीगढ।** डॉ. हिफ्जुर आर सिद्दीकी, एसोसिएट प्रोफेसर, जूलॉजी विभाग, एएमयू को बायोटेक रिसर्च सोसाइटी, इंडिया (बीआरएसआई) के 'फेलो' के रूप में चुना गया है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-गुवाहाटी में आयोजित 19बीआरएसआई कन्वेंशन के उद्घाटन सत्र के दौरान भारत और विदेशों के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों की उपस्थिति में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। उन्हें इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर एडवांस्ड मैटेरियल्स, स्वीडन द्वारा नोबेल पुरस्कार विजेता प्रोफेसर सुब्रह्मण्यन चंद्रशेखर डायमंड जुबली मेडल के लिए भी चुना गया है। विज्ञान में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए हाल ही में डा. सिद्दीकी को इंदिरा गांधी दिल्ली महिला तकनीकी विश्वविद्यालय, दिल्ली में सामग्री, ऊर्जा और जलवायु पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान पदक व्याख्यान के बाद पदक दिया गया था।

## सड़क हादसे में युवक की मौत, ऑटो खरीदने वाले थे कादिर

**बस्ती।** कलवारी-बस्ती मार्ग पर थाना क्षेत्र के महरीपुर के पास सोमवार रात अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार 30 वर्षीय युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने परिवार के लोगों को सूचना देकर शव कब्जे में ले लिया। जानकारी के मुताबिक नगर थाना क्षेत्र के ओठघनपुर निवासी 30 वर्षीय मोहम्मद कादिर शहर के एक मार्ट में काम करते थे।

# सड़क हादसे में 10 वर्षीय बच्चे की मौत

**प्रतापगढ़।** लालगंज में परिवार संग बारात से वापस लौटते समय ट्रक की चपेट में आने से 10 वर्षीय बालक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक चालक ट्रक लेकर भाग निकला। परिजनों ने शव का पंचनामा नहीं कराया और रात में ही शव लेकर घर चले आए। दूसरे दिन मृत बालक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। सांगीपुर बाजार के भैरवन रोड निवासी दीपक कौशल मंगलवार को लालगंज के धघुवा गाजन स्थित एक मैरिज हॉल में रिश्तेदार की बारात में सपरिवार शामिल होने गए थे स खाना खाने के बाद रात लगभग साढे दस बजे घर वापसी के लिए मैरिज हाल के सामने लखनऊ-वाराणसी हाईवे क्रॉस कर रहा था। इस दौरान उसके दस वर्षीय बेटे आकाश उर्फ आर्यन को प्रतापगढ़ की तरफ से आ रहे ट्रक ने रौंद दिया। हादसे में मासूम बालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। लेकिन पोस्टमॉर्टम नहीं कराने को तैयार होने पर पंचनामा कर पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया स दूसरे दिन बुधवार को परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। कोतवाल कमलेश पाल ने बताया कि आरोपी ट्रक चालक की तलाश की जा रही है। परिजनों की तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### मण्डलायुक्त ने कहा, विभागों में सक्रिय माफियाओं की अधिकारियों से एकत्र की जाय सूचना

# आपराधिक माफियाओं के अतिरिक्त अन्य माफिया चिन्हित

**बस्ती(यूएनएस)।** जिले में आपराधिक माफियाओं के अतिरिक्त अन्य माफियाओं को चिन्हित कर उनके विरूद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी। मण्डलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने इसके लिए अधिकारियों को निर्देश दिया है। मण्डलीय कानून व्यवस्था की बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि विभिन्न विभागों में सक्रिय माफियाओं के सम्ब्बन्ध्ध में विभागीय अधिकारियों से सूचना एकत्र की जाए, डीएम, एसपी संयुक्त रूप से ऐसे लोगों के विरूद्ध कार्रवाई करें। कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त भूमि सम्ब्बन्धी विवादों को नजरअंदाज न किया जाय। विवाद बने रहने पर भविष्य में यह कानून व्यवस्था के लिए गम्भीर खतरा बन जाते हैं। तहसील एवं थाने में प्राप्त भूमि विवाद संबंधी प्रकरण में राजस्व, पुलिस विभाग की टीम मौके पर जाकर उसका निस्तारण करें। डीआईजी आरके भारद्वाज ने पुलिस गश्त बढाए जाने, थानों पर पड़े वाहन का निस्तारण कराए जाने का निर्देश दिया। कहा कि वर्ष 2015 के बाद सीज किए गए वाहनों की वर्षवार सूची तैयार कराई जाए, आरटीओ कार्यालय से उसका सत्यापन कराया जाय। सभी थानों में अपराध, भूमि, बीट, त्योहार सम्ब्बन्धी रजिस्टर अपडेट रखे जाए। कर-करेत्तर एवं राजस्व वसूली की समीक्षा किया। निर्देश दिया कि सभी तहसीलों में प्रमुख स्थान पर 10 बड़े बकायेदारों का नाम लिखवाया जाय। निर्देश दिया कि अमीनों द्वारा किए जा रहे कलेक्शन पर व्यय 10 प्रतिशत से कम किया जाय। समीक्षा में पाया कि आबकारी 50, परिवहन 15, विद्युत 42, मण्डी समिति 53, वन 25 प्रतिशत राजस्व वसूली हो पाई है। मार्च तक शतप्रतिशत लक्ष्य हासिल करने का निर्देश दिया।

# थानेदार से होगी 25 हजार की वसूली

**सुलतानपुर।** गोसाईगंज थाने के थानाध्यक्ष पर बड़ी कार्रवाई हुई है। शिकायतकर्ता को सूचना का जवाब नहीं देने उत्तर प्रदेश राज्य सूचना आयोग ने रजिस्ट्रार को गोसाईगंज थानाध्यक्ष के वेतन से 25 हजार रुपए वसूलने का आदेश दिया है। आदेश में इस बात का जिक्र है कि 25 फरवरी 2021 से 11 नवंबर 2022 के दौरान रहे तत्कालीन जन सूचनाधिकारी, थानाध्यक्ष गोसाईगंज के वेतन से 25 हजार की वसूली की जाएगी। दरअसल, थाना क्षेत्र के कारीबहार जासापारा निवासी इंद्रेश कुमार वर्मा ने विवादित जमीन पर पुलिस द्वारा कब्जा कराये जाने के संबंध में सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत थानाध्यक्ष गोसाईगंज से कब्जा आदेश की कॉपी मांगी थी। इंद्रेश ने 25 जनवरी 2021 को प्ळै के जरिए दो बिन्दुओं पर जन सूचना मांगा था। जवाब नहीं मिलने पर उसने 6 सितंबर 2021 को तत्कालीन एसपी के यहां अपील की।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा निकली,बड़ी संख्या में शामिल हुए कार्यकर्ता

**अमेठी।** एक तरफ जहां कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और अमेठी के पूर्व सांसद राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा निकालकर कांग्रेस को मजबूत करने में जुटे हैं, वहीं, दूसरी तरफ प्रदेश स्तर पर भी कांग्रेसी नेता भारत जोड़ो यात्रा निकालकर राहुल गांधी को समर्थन देने में जुटे हैं। दो दिन पहले उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से निकली कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा कल देर शाम अमेठी पहुंची, जहां रात्रि विश्राम के बाद केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज से कांग्रेस नेता और प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय की अगुआई में भारत जोड़ो यात्रा निकली। डीजे की धुन पर निकली यात्रा में बड़ी संख्या में कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। गौरीगंज से निकली यात्रा बाबूगंज होते हुए जायस कस्बे में समाप्त होगी। समाप्ति स्थल पर ही अजय राय एक नुक्कड़ सभा को संबोधित करेंगे। यहां से निकलने के बाद यात्रा सुल्तानपुर,भदोही और चंदौली होते हुए वाराणसी में जाकर समाप्त होगी।

कांग्रेस के पूर्व विधायक और प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय ने यात्रा निकालने के पहले गौरीगंज केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान अजय राय ने कहा कि जीएसटी ने नाम पर व्यापारियों का शोषण किया जा रहा है। कई साल पहले जब जीएसटी की शुरुआत हुई तो राहुल गांधी ने कहा था कि ये गब्बर सिंह टैक्स है, जो आज सामने आ रहा है। नगर निकाय चुनाव को देखते हुए मौखिक रूप से इस छापेमारी पर रोक लगा दी गई है, लेकिन चुनाव बाद ही फिर शुरू हो जाएगी। जो व्यापारी जनसंघ के समय से भाजपा का समर्थन कर रहा था, अब उसी का उत्पीड़न किया जा रहा है।

### हादसे में घायल दूसरे युवक की भी मौत,पुलिया से नाले में गिर गई थी बाइक

**अमेठी।** जिले में मंगलवार को हुए सड़क हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर दो हो गई। इलाज के दौरान बुधवार को एक युवक की ट्रॉमा सेंटर में मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल एक युवक का इलाज चल रहा है। मामला अमेठी कोतवाली क्षेत्र के दुर्गापुर बाइपास का है, जहां मंगलवार शाम तेज रफ्तार बाइक सवार तीन युवक पुलिया से टकराने के बाद नाले में गिर गए थे। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई थी, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई थी। सूचना मिलते ही मौके पर सीओ एसएचओ समेत बड़ी संख्या में पुलिस मौके पर पहुंची थी और घायलों को नाले से निकलवाया था। बाइक सवार मोनू यादव की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं, पुलिन ने अन्य दो घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया था। जहां स्थिति गंभीर देख डॉक्टरों ने ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया था। इलाज के दौरान बुधवार को 22 वर्षीय नितेश पांडेय की भी मौत हो गई। जबकि 24 वर्षीय कपिल का इलाज ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है।

### 123 जोड़ों ने लिया सात फेरे, 2 जोड़ों ने कबूल किया निकाह

**सुलतानपुर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत बुधवार को सुल्तानपुर में 125 जोड़े विवाह के बंधन में बंध गये। इसमें 123 हिंदू जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ जबकि 2 मुस्लिम जोड़ों ने निकाह किया। जिला पंचायत अध्यक्ष व विधायको ने नवयुगल जोड़ो को आशीर्वाद दिया और उन्हें उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। दरअसल, जिला पंचायत और समाज कल्याण विभाग द्वारा आज जिला पंचायत परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह, सुल्तानपुर विधायक विनोद सिंह, इसौली विधायक मोहम्मद ताहिर खान सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में 125 जोड़े विवाह के बंधन में बंधे, जिसमें 123 हिन्दू जोड़ों का विवाह और 2 मुस्लिम जोडों का निकाह सम्पन्न हुआ। विवाह के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह और सुल्तानपुर विधायक विनोद सिंह, इसौली विधायक मोहम्मद ताहिर खान, सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉक्टर आरए वर्मा ने वर-वधु को आशीर्वाद दिया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के बाद विधायक ने सरकार की जमकर तारीफ की उन्होंने कहा कि योगी सरकार की इस योजना से गरीबों के बेटे बेटियों के विवाह आराम से सम्पन्न हो रहे है। साथ ही इस योजना के जरिये उन्हें दान दहेज भी दिया जाता है ताकि विवाहोपरांत उनका जीवन सुखमय हो सके।

### छात्रा का शोषण करने वाले मौलवी की संपत्ति होगी कुर्क

**बहराइच।** मदरसे में पढ़ने वाली नाबालिग छात्रा के साथ शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी शिक्षक के ऊपर पुलिस का शिकंजा कसना शुरू हो गया है। पुलिस ने आरोपी शिक्षक के घर पर कुर्की की नोटिस चस्पा कर दिया है। साथ ही आरोपी को सात दिन का समय दिया है। सात दिनों में आरोपी के हाजिर न होने पर उसकी संपूर्ण संपत्ति कुर्क की जाएगी। हुजूरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी आरोपी उमर मदरसे में शिक्षक का काम करता था। आरोप है कि मदरसे में पढ़ने वाली एक छात्रा का अक्सर वह शारीरिक शोषण करता था। इसके चलते छात्रा प्रतिदिन घर पर देर से पहुंचती थी। कई महीनों में अक्सर छात्रा के देर से पहुंचने पर छात्रा के परिजनों ने दबाव बनाकर इसका कारण पूंछा, जिसके बाद छात्रा ने मामले की जानकारी परिजनों को दी। परिजनों ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ 27 अक्टूबर को हुजूरपुर थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करवाया। इसके बाद से पुलिस पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज आरोपी की तलाश में जुट गई। थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार राय ने बताया कि फरार आरोपी के संपत्ति के कुर्की की तैयारी कर ली गयी है। उसके घर के बाहर नोटिस चस्पा कर दी गयी है। अगर सात दिनों के भीतर आरोपी सरेंडर नहीं करता है तो उसकी संपत्ति कुर्क कर दी जाएगी।

### प्राकृतिक खेती से होती है समय व पैसे की बचत

**बहराइच।** कृषि विज्ञान केंद्र, प्रथम बहराइच के वैज्ञानिकों ने चित्तौरा विकासखंड के कौआ कोडरी गांव का भ्रमण किया। किसानों को प्राकृतिक खेती की जानकारी दी। इस दौरान वैज्ञानिकों ने लहसुन की फसल का निरीक्षण किया और बेहतर उत्पादन की जानकारी दी। चित्तौरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत कौआ कोडरी में ग्रामीणों को प्राकृतिक खेती की जानकारी देते हुए वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक वीपी शाही व वैज्ञानिक सुनील कुमार ने बताया कि प्राकृतिक खेती में जोताई व गोड़ाई की आवश्यकता नहीं पड़ती है। इससे किसानों के समय व पैसे की बचत होती है। किसानों को बताया कि भूमि की नमी सुरक्षित रखने, जीवाणु व केंचुओं के कार्य करने के लिए सूक्ष्म पर्यावरण बेहद जरूरी है। लहसुन की फसल को ढक दें। इससे मृट्टी की नमी देर तक रहती है। बेहतर उत्पादन के लिए दो-तीन बार निराई अवश्य करें।

### सड़क हादसे में महिला की मौत

**अलीगढ़।** हाथरस मथुरा रोड पर सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। हादसे के वक्त महिला 1 साल के बेटे को दवा दिला कर भांजे के साथ बाइक से घर वापस जा रही थी। सिविल लाइन थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम कार्यवाही के बाद बुधवार की दोपहर शव परिजनों को सौंप दिया है। मौत की खबर से मृतका के परिजन बेहाल हैं।जानकारी के मुताबिक इगलास के गांव साथनी निवासी बनवारीलाल मेहनत मजदूरी करते हैं। उनकी 25 वर्षीय पत्नी गायत्री दो दिन पहले अपने मायके हाथरस के गांव नगला चौबे गई थी। मंगलवार की शाम घर वापस आ रही थी। बाइक को उनका भांजा बबलू चला रहा था। बाइक पर उनके साथ दो बेटी नंदिनी और दामिनी भी बैठी हुई थी। बाइक हाथरस मथुरा रोड स्थित गांव हथीसा के पास पहुंची थी। इसी बीच ब्रेकर आने पर बबलू ने बाइक धीमी करने के लिए ब्रेक लगाए। तभी गायत्री बाइक से उछट कर सड़क पर गिर गई । इससे उनके सिर में गंभीर चोट पहुंची। राहगीरो की मदद से घायल गायत्री को परिजन उनको पहले हाथरस जिला अस्पताल लेकर आए।

# सम्पादकीय

## नियुक्त हों शिक्षक

केंद्रीय विश्वविद्यालयों, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) और भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) उच्च शिक्षा की श्रेष्ठ एवं आधारभूत संस्थान हैं. देश की प्रगति में इनकी शिक्षा और इनके शोध व अनुसंधान महत्वपूर्ण योगदान देते हैं. यदि इनमें समुचित संख्या में शिक्षक नहीं होंगे, तो इसका शैक्षणिक गुणवत्ता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा. केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में जानकारी दी है कि 45 केंद्रीय विश्वविद्यालयों में शिक्षकों के स्वीकृत पदों की संख्या 18, 956 है, जिसमें 6,180 पद रिक्त हैं.

इसका अर्थ है कि इनमें 32.6 प्रतिशत रिक्तियां हैं. आईआईटी और आईआईएम में यह आंकड़ा क्रमशः 38.3 और 31 प्रतिशत है. आईआईटी में 11,170 शिक्षक होने चाहिए, लेकिन 4,502 पद खाली हैं. आईआईएम में स्वीकृत पद 1,566 हैं. वहां 493 रिक्तियां हैं. इन संस्थानों में लगातार सीटें बढ़ रही हैं. शिक्षकों की कमी से पढ़ाई पर भी असर पड़ता है और पदस्थ शिक्षकों पर बोझ भी बढ़ता है.सरकार की ओर से कहा गया है कि शिक्षा मंत्रालय ने सभी उच्च शिक्षण संस्थाओं को निर्देश दिया है कि भर्ती प्रक्रिया में तेजी लायी जाए तथा इसकी मासिक समीक्षा हो. जैसा कि शिक्षा मंत्री ने कहा है, भर्ती निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, लेकिन रिक्तियों का इतना बड़ा अनुपात चिंताजनक है. विभिन्न संस्थान तदर्थ और अतिथि शिक्षकों को बहाल करते हैं. उन्हें स्थापित प्रक्रिया के तहत स्थायी किया जा सकता है. कुछ समय के लिए ऐसी नियुक्तियां तो ठीक हैं, लेकिन लंबे समय तक तदर्थ रहने पर शिक्षकों के उत्साह में कमी आती है.देश की चिकित्सा व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा चिकित्सा शिक्षण एवं शोध को गति देने के लिए कई अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों (एम्स) की स्थापना हुई है. ये संस्थान भी शिक्षकों की बड़ी कमी का सामना कर रहे हैं. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़े बताते हैं कि 18 नये एम्स में 78 प्रतिशत तक शिक्षकों के पद खाली हैं. ये शिक्षक विशेषज्ञ चिकित्सक भी होते हैं तथा एम्स के अस्पताल रोगियों का उपचार करने के साथ-साथ बीमारियों के अध्ययन के केंद्र भी होते हैं.उच्च शिक्षा के भारतीय संस्थानों तथा वहां से पढ़े छात्रों का दुनियाभर में सम्मान है, पर बेहतरीन शिक्षण संस्थानों की सूची में हमारे कुछ ही संस्थान आ पाते हैं. इस वर्ष की क्यूएस यूनिवर्सिटी रैंकिंग में शीर्षस्थ 200 संस्थानों में केवल तीन भारतीय संस्थान- भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु, आईआईटी, बंबई और आईआईटी, दिल्ली- ही आ सके हैं. इस वर्ष से नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति भी लागू हुई है तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने डिग्रियों और अवधि के बारे में नये निर्देश भी जारी किये हैं. इन्हें ठीक से अमल में लाने के लिए पर्याप्त संख्या में शिक्षकों का होना जरूरी है।

## फीफा कप को किसने जोड़ा मजहब से

कतर में चल रहे फीफा विश्व कप में लगातार उलटफेर हो रहे हैं। यह ही एक ऐसा खेल है जिसमें अच्छी क्वालिटी के खेलों का रोमांच बढ़ता है जब नतीजे अप्रत्याशित आते हैं। कमजोर समझी जाने वाली टीमें भी बड़ी शक्तिशाली टीमों को परास्त कर देती हैं। इस बार के फीफा कप को इसलिए भी याद रखा जाएगा कि लगातार इसके इस्लामीकरण करने की कोशिश ही होती रही। यह जब आरंभ हुआ तो इस बात को जरूरत से ज्यादा महिमामंडित किया गया कि इसका आयोजन एक इस्लामिक देश कर रहा है। फिर नॉकआउट राउंड में स्पेन को हराने के बाद पहली बार क्वॉर्टर फाइनल में पहुंची मोरक्को टीम के खिलाड़ियों ने फिलिस्तीनी झंडे के साथ जीत का जश्न मनाया। मैच में मोरक्को ने स्पेन को पेनल्टी शूटआउट में 3-0 से हराया था। मोरोक्को की स्पेन पर जीत से हमारे यहां भी बहुत से लोग इस तरह से खुश हो रहे थे मानो कि उनका मुल्क मोरोक्को ही हो, पर यहां फिलिस्तीनी या पाकिस्तानी झंडे के साथ जश्न नहीं मनाया जा रहा था । देखिए, खेल और खिलाड़ी देश की सीमाओं से परे हैं। मोहम्मद अली, दादा ध्यानचंद, सचिन तेंदुलकर या रोज फेडरर को किसी देश की सीमाओं में बांधा नहीं जा सकता। ये सही मायने में विश्व नागरिक हैं। पर किसी खिलाड़ी या टीम को उसके मजहब के कारण पसंद करना या उसे चीयर करना समझ से परे है। इस बार यह बार-बार हुआ। सारी दुनिया ने इस बार फीफा कप के इस्लामीकरण करने की कोशिशों को तब भी देखा था जब सऊदी अरब को अर्जेंटीना की टीम पर ऐतिहासिक जीत मिली थी। सऊदी अरब की जीत पर हमारे देश के कुछ खास उत्साही लोग भी इतरा रहे थे। जैसे कि हम पहले कह चुके हैं कि आप श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए किसी भी खिलाड़ी या टीम को चीयर कीजिए। इसमें कतई गलत नहीं है। पर कतर, सऊदी अरब तथा मोरोक्को के हक में इसलिए खुश होना कि ये इस्लामिक देश हैं, कतई सही नहीं माना जा सकता। यानी आप खेल भावना को समझ ही नहीं सके।

आपको ब्राजील, फ्रांस, सेनेगल, स्पेन, हॉलैंड जैसी टीमों के उत्कृष्ट प्रदर्शन में कुछ भी विशेष दिखाई नहीं दिया। आप अर्जेंटीना के मेसी की ड्रिबलिंग या फ्रांस के चमत्कारी फारवर्ड कायलियन एमबापे से प्रभावित नहीं हुए। भारत के करोड़ों फुटबॉल प्रेमी परंपरागत रूप से ब्राजील और अर्जेंटीना की टीमों के कलात्मक खेल को पसंद करते हैं। कुछ साल पहले तक तो भारत में सिर्फ ब्राजील की टीम को ही चीयर किया जाता था। भारत में ब्राजील के पेले और अर्जेंटीना के सुपर स्टार डिएगो माराडोना को करोड़ों खेल प्रेमी अपना नायक मानते हैं। ये जब भी भारत आए तो इनका गर्मजोशी से स्वागत हुआ। मुझे याद है पेले 2015 में दिल्ली में सुब्रतो कप के फाइनल मैच के मुख्य अतिथि थे।

# चीन को लेकर रक्षा तैयारी में न हो कमी

> हम भले ही वास्तविक नियंत्रण रेखा को एलओएसी बोलते रहें, पर मेरा मानना है कि चीन यह समझता है कि यह रेखा उसके हिसाब से निर्धारित होती है। इस तथ्य का हमें ध्यान रखना पड़ेगा। जो हरकत चीनी सेना ने ढाई साल पहले गलवान में की थी, अरुणाचल प्रदेश में उसे दोहराया गया है। चीन इस प्रदेश को अक्सर अपना हिस्सा बताता रहा है और शहरों को अपने हिसाब से नामकरण करता है। तिब्बत को कब्जा करने के दौर से चीन की मानसिकता जगजाहिर है। यह उल्लेखनीय है कि हमारे सैनिकों ने पहले की तरह ही चीनियों को मुंहतोड़ जवाब दिया है और उन्हें पीछे हटने पर मजबूर किया है

**अनिल त्रिगुणायत**

अरुणाचल प्रदेश में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीनी सैनिकों की आक्रामकता से फिर यह स्पष्ट हुआ है कि चीन लंबे समय तक हमारे लिए गंभीर चुनौती बना रहेगा। हम भले ही वास्तविक नियंत्रण रेखा को एलओएसी बोलते रहें, पर मेरा मानना है कि चीन यह समझता है कि यह रेखा उसके हिसाब से निर्धारित होती है। इस तथ्य का हमें ध्यान रखना पड़ेगा। जो हरकत चीनी सेना ने ढाई साल पहले गलवान में की थी, अरुणाचल प्रदेश में उसे दोहराया गया है। चीन इस प्रदेश को अक्सर अपना हिस्सा बताता रहा है और शहरों को अपने हिसाब से नामकरण करता है. तिब्बत को कब्जा करने के दौर से चीन की मानसिकता जगजाहिर है. यह उल्लेखनीय है कि हमारे सैनिकों ने पहले की तरह ही चीनियों को मुंहतोड़ जवाब दिया है और उन्हें पीछे हटने पर मजबूर किया है। उसके बाद तुरंत दोनों ओर के सैन्य अधिकारियों की बैठक भी हुई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बताया है कि इस घटना को कूटनीतिक स्तर पर भी उठाया गया है। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि चीन को यह संदेश दिया है कि ऐसी हरकतों से बाज आए. भारत हमेशा से कहता रहा है कि बल प्रयोग के द्वारा नियंत्रण रेखा को बदलने की किसी भी एकतरफा कोशिश को स्वीकार नहीं किया जायेगा। जब यह घटना हुई, तब चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग सऊदी अरब के दौरे पर थे। उनकी अनुपस्थिति में उनकी सेना ने अगर यह हरकत की है, तो इसकी जांच होनी चाहिए और दोषी कमांडरों पर कार्रवाई होनी चाहिए. कमांडर स्तर पर होने वाली चर्चा में इसे स्पष्ट किया जाना चाहिए। दोनों सेनाओं के अधिकारियों की वार्ता प्रक्रिया की 17वें चरण की बातचीत होने वाली है। कुछ समय पहले उत्तराखंड में भारतीय और अमेरिकी सेनाओं का संयुक्त अभ्यास हुआ था. इस पर चीन ने बिना मतलब आपत्ति जतायी थी। उसे भारत ने पूरी तरह खारिज कर दिया था। मेरा मानना है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर अगर पूरी तरह से कोई भरोसेमंद सहमति बनती है, तभी इस तरह की समस्याओं का समाधान होगा. तब तक चीन की ओर से ऐसी हरकतें होती रहेंगी. चीन अपनी विस्तारवादी नीति के अनुसार चल रहा है. इसका एक उदाहरण हमने कुछ साल पहले दोकलाम में देखा था. वहां भूटान के क्षेत्र में चीनी सेना ने हस्तक्षेप की कोशिश की थी. फिलीपींस से उसके क्षेत्रीय विवाद पर अंतरराष्ट्रीय न्यायालय का निर्णय आ चुका है, पर चीन उसे मानने के लिए तैयार नहीं है. साउथ चाइना सी, ईस्ट चाइना सी, ताइवान आदि को लेकर उसके रवैये को दुनिया देख रही है. चीन की सीमाएं 14-15 देशों से लगती हैं, पर क्षेत्रीय मसलों को लेकर उसके लगभग दो दर्जन देशों के साथ विवाद हैं. चीन की हरकतों से साफ पता चलता है कि वह एशिया में अपना वर्चस्व स्थापित करना चाहता है और इसके लिए वह अपनी ताकत की धौंस दिखाता रहता है. समुद्री क्षेत्र में उसके जहाज विचरते रहते हैं और डराने की कोशिश करते हैं. जापान के एक द्वीप पर चीन का ऐसा ही रवैया है. दक्षिण कोरिया के साथ भी उसकी तनातनी रहती है. आप कहीं पर भी चीन को देखेंगे, तो पायेंगे कि वह अपनी शक्ति के सहारे दबाव बनाने के प्रयास करता है.



मैं यह समझता हूं कि इस समय चीन यह सोचता है कि वह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, सैन्य दृष्टि से भी मजबूत हो रहा है तथा तकनीक के क्षेत्र में महाशक्ति बनने के लिए प्रयासरत है, तो वह सारी दुनिया को निर्देशित कर सकता है. अभी कुछ दिन पहले भारतीय नौसेना के प्रमुख ने भी कहा था कि हिंद महासागर में चीनी सेना की गतिविधियां बढ़ रही हैं, जिन पर हमारी नजर है. चीन की ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा मध्य-पूर्व से आता है. अभी चीनी राष्ट्रपति सऊदी अरब गये थे, जहां उन्होंने सारे अरब देशों के नेताओं से मुलाकात भी की. चीन की कोशिश है कि अरब से आने वाले जहाजों के लिए हिंद महासागर से रास्ता बनाए. साउथ चाइना सी और ईस्ट चाइना सी में तो एक तरह से उसका आधिपत्य है. इसी क्रम में अमेरिका हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपनी रणनीति पर चल रहा है, जिसमें भारत की अहम भूमिका है. भारत का कहना है कि इस क्षेत्र में शांति और स्थायित्व रहे तथा किसी एक देश का वर्चस्व न हो. चीन पाकिस्तान में ग्वादर बंदरगाह क्षेत्र को विकसित कर रहा है और आर्थिक गलियारा भी बना रहा है. वह अरब सागर पर भी निगाह टिकाये हुए है. हिंद महासागर में अपने विस्तार के क्रम में वह श्रीलंका में बंदरगाह और अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर बना रहा है. बांग्लादेश और जिबूती में भी परियोजनाएं चल रही हैं. जिबूती में बड़ा सैन्य ठिकाना बनाने की उसकी योजना है. हाल के समय में चीनी जहाज कथित सामुद्रिक शोध के बहाने जासूसी के काम में भी लगे हैं. ऐसे ही एक जहाज को श्रीलंका में ठहरने को लेकर भारत ने आपत्ति जतायी थी. तो, चीन खाड़ी देशों, पूर्वी अफ्रीका के देशों तथा दक्षिण एशिया के देशों के जरिये एक बड़ा सामुद्रिक नेटवर्क खड़ा करने की दिशा में काम कर रहा है. इस चुनौती का सामना करने के लिए भारत ने 'सागर' रणनीति बनायी है, जिसमें समूचे क्षेत्र के साझा विकास का उद्देश्य है. इसमें कई देशों का सहयोग लिया जा रहा है.

हालांकि भारत ने अपने स्तर पर और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चीनी वर्चस्व और आक्रामकता को रोकने के अनेक प्रयास किये हैं, लेकिन हमारे पास इसके सिवा और कोई विकल्प नहीं है कि हम अपने को सैन्य स्तर पर और अर्थव्यवस्था के स्तर पर अधिक से अधिक विकसित करें. हमें ऐसे मित्र देशों का साथ भी लेना चाहिए, जो हमारे साथ हमेशा खड़े हों, लेकिन इसके भू-राजनीतिक आयामों को भी ध्यान में रखना होगा तथा किसी देश के साथ को लेकर पूरी तरह आश्वस्त नहीं होना चाहिए. हम उनके ऊपर पूरी तरह से निर्भर नहीं रह सकते क्योंकि सभी के अपने हित भी होते हैं. यूक्रेन और अन्य कुछ मामलों में हम ऐसा होते हुए देखा भी रहे हैं. भारत एक स्थापित शक्ति, बड़ी अर्थव्यवस्था और सबसे बड़ा लोकतंत्र है और दुनिया उसे पूरा सम्मान भी देती है।

# पराली निराकरण के उपाय तलाशने की जरूरत

**पंकज चतुर्वेदी**

**पिछले वर्ष** विज्ञापनों में ऐसे घोल की चर्चा थी, जिसके डालते ही पराली गायब हो जाती है, उसे जलाना नहीं पड़ता है, पर जैसे ही मौसम का मिजाज ठंडा हुआ, दिल्ली-एनसीआर के पचास हजार के वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को स्मॉग ने ढक लिया. इस बार भी आश्विन विदा हुआ व कार्तिक लगा, तो हरियाणा-पंजाब से पराली जलाने के समाचार आने लगे।

हालांकि इस बार हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश, हर सरकार आंकड़ों के जरिये यह जताने का प्रयास कर रही है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार पराली कम जली पर सच्चाई यह है कि इस बार दिल्ली नवंबर के पहले सप्ताह में ही ग्रेप-4 की ग्रिप में थी. जब रेवाड़ी जिले के धारुहेड़ा से गाजियाबाद के मुरादनगर तक वायु गुणवत्ता सूचकांक 450 से अधिक था, तो मामला शीर्ष न्यायालय गया, फिर सारा ठीकरा पराली पर थोप दिया गया. विदित हो कि केंद्र सरकार ने 2018 से 2020-21 में पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश व दिल्ली को पराली की समस्या से निपटने के लिए कुल 1726.67 करोड़ रुपये जारी किये थे जिसका सर्वाधिक हिस्सा पंजाब को (793.18 करोड़) दिया गया. विडंबना है कि इसी राज्य में 2021 में पराली जलाने की 71,304 घटनाएं दर्ज हुईं. हालांकि, यह पिछले वर्ष की तुलना में कम थीं, पर हवा में जहर भरने के लिए पर्याप्त. पंजाब में 2020

> **पिछले वर्ष की तुलना में इस बार पराली कम जली पर सच्चाई यह है कि इस बार दिल्ली नवंबर के पहले सप्ताह में ही ग्रेप-4 की ग्रिप में थी। जब रेवाड़ी जिले के धारुहेड़ा से गाजियाबाद के मुरादनगर तक वायु गुणवत्ता सूचकांक 450 से अधिक था तो मामला शीर्ष न्यायालय गया, फिर सारा ठीकरा पराली पर थोप दिया गया. विदित हो कि केंद्र सरकार ने 2018 से 2020-21 में पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश व दिल्ली को पराली की समस्या से निपटने के लिए कुल 1726.67 करोड़ रुपये जारी किये थे जिसका सर्वाधिक हिस्सा पंजाब को (793.18 करोड़) दिया गया**

में पराली जलाने की 76,590 घटनाएं सामने आयीं, जबकि 2019 में 52,991 थीं. हरियाणा का आंकड़ा भी कुछ ऐसा ही है. जाहिर है आर्थिक मदद, रासायनिक घोल, मशीनों से पराली के निपटान जैसे प्रयोग जितने सरल और लुभावने लग रहे हैं, किसानों के लिए लाभकारी नहीं हैं. इस बार बारिश के दो लंबे दौर- सितंबर के अंत और अक्तूबर में- आये, इससे पंजाब और हरियाणा के कुछ हिस्सों में धान की कटाई में एक से दो सप्ताह की देरी हुई. यह इशारा कर रहा है कि अगली फसल के लिए खेत को तैयार करने के लिए किसान समय के विपरीत तेजी से भाग रहा है. वह मशीन से अवशेष निपटान में लगने



वाले समय के लिए तैयार नहीं है. कंसोर्टियम फॉर रिसर्च ऑन एग्रो इकोसिस्टम मॉनिटरिंग एंड मॉडलिंग फ्रॉम स्पेस के आंकड़ों के अनुसार, अवशेष जलाने की नौ घटनाएं आठ अक्तूबर को, तीन नौ अक्तूबर को और चार 10 अक्तूबर को हुई. पंजाब और हरियाणा में बादल छंटने के कारण 11 अक्तूबर को पराली जलाने की संख्या 45 और 12 अक्तूबर को 104 हो गयी. पराली जलाने की खबर उत्तर प्रदेश से भी आने लगी हैं. किसान का पक्ष है कि पराली को मशीन से निपटाने पर प्रति एकड़ कम से कम पांच हजार का खर्च आता है. फिर अगली फसल के लिए इतना समय होता नहीं कि गीली पराली को खेत में पड़े रहने दिया जाए. हरियाणा-पंजाब में कानून है कि धान की बुआई 10 जून से पहले नहीं की जा सकती है. इसके पीछे भूजल का अपव्यय रोकना व मानसून से पहले धान न बोने की धारणा है. चूंकि इसे तैयार होने में 140 दिन लगता है, फिर उसे काटने के बाद गेहूं की फसल लगाने के लिए किसान के पास इतना समय होता ही नहीं कि वह फसल अवशेष का निपटान सरकार के कानून अनुसार करे. जब तक हरियाणा-पंजाब में धान की फसल का रकबा कम नहीं होता या खेतों में बरसात के पानी सहेजने के कुंड नहीं बनते और उस जल से धान की बुवाई 15 मई से करने की अनुमति नहीं मिलती, पराली के संकट से छुटकारा नहीं मिलेगा. अध्ययन बताते हैं कि यदि खरीफकी बुवाई एक महीने पहले कर ली जाए, तो राजधानी को पराली के धुएं से बचाया जा सकता है. यदि पराली का जलना अक्तूबर-नवंबर की जगह सितंबर में हो, तो स्मॉग बनेगा ही नहीं. किसानों का एक बड़ा वर्ग पराली निपटान की मशीनों पर सरकार की सब्सिडी योजना को धोखा मानता है. उसका कहना है कि पराली को नष्ट करने की मशीन बाजार में 75 हजार से एक लाख में उपलब्ध है. यदि सरकार से सब्सिडी लें, तो वह मशीन डेढ़ से दो लाख की मिलती है. जाहिर है, सब्सिडी उनके लिए बेमानी है. उसके बाद भी मजदूरों की जरूरत होती है. पंजाब और हरियाणा दोनों ही सरकारों ने पिछले कुछ वर्षों में पराली जलाने से रोकने के लिए कस्टम हायरिंग केंद्र भी खोले हैं, जो किसानों को उचित दाम पर मशीनें किराये पर देती है. किसान यहां से मशीन इसलिए नहीं लेता, क्योंकि उसका खर्च इन मशीनों के किराये के लिए प्रति एकड़ 5,800 से 6,000 रुपये तक बढ़ जाता है. जब सरकार पराली जलाने पर 2,500 रुपये का जुर्माना लगाती है, तो फिर किसान 6000 रुपये क्यों खर्च करेगा? यही नहीं, इन मशीनों को चलाने के लिए कम से कम 70-75 हॉर्स पावर के ट्रैक्टर की जरूरत होती है, जिसकी कीमत लगभग 10 लाख रुपये है. डीजल पर खर्च अलग से खर्च होता है. ऐसे में

# आलेख

## फिर नेहरूजी पर आरोप

भारत और चीन के संबंध एक बार फिर संघर्षपूर्ण होते नजर आ रहे हैं। 9 दिसंबर को अरुणाचल के तवांग में दोनों देशों के सैनिकों के बीच झड़प हुई। जिसमें दोनों ही पक्षों के सैनिकों को कुछ चोटें आई हैं, हालांकि किसी की मौत नहीं हुई। गौरतलब है कि तवांग क्षेत्र भारत के लिए रणनीतिक लिहाज से काफी महत्वपूर्ण है, लेकिन चीन की टेढ़ी निगाहें हमेशा यहां लगी रहती हैं। चीन किसी न किसी तरह अरुणाचल प्रदेश पर अपना हक बताते हुए यहां घुसपैठ की कोशिश करता रहता है। जाहिर है 9 तारीख को भी कुछ ऐसी ही बात हुई होगी। जिसके बारे में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संसद में जानकारी दी कि चीन के सैनिकों ने सीमा पर यथास्थिति बदलने की कोशिश की और भारतीय सैनिकों ने इसका दृढ़ता से जवाब दिया। भारतीय सैनिकों की बहादुरी और निष्ठा असंदिग्ध है। चीन की विस्तारवादी नीति और भारत के क्षेत्रों पर उसकी लालची निगाहें भी सबको दिखाई देती हैं। सवाल ये है कि मौजूदा भारत सरकार की इस बारे में क्या नीति है। प्रधानमंत्री मोदी चीन से किस तरह के संबंध रखना चाहते हैं। इन सवालों के जवाब इसलिए जरूरी हैं क्योंकि चीन के मसले पर एक बार फिर सरकार टालमटोल वाला रवैया दिखाती नजर आई, लेकिन जब विपक्ष ने हंगामा किया, तो उल्टा उस पर ही इल्जाम लगाए जा रहे हैं। 9 तारीख को चीन के साथ भारत की झड़प हुई, लेकिन रक्षा मंत्री ने 13 तारीख को इस बारे में जानकारी दी। जबकि विपक्ष सवाल पूछ रहा है कि सरकार दो दिनों तक चुप क्यों रही। याद रहे कि जून 2020 में गलवान में भारत और चीन के बीच संघर्ष में भारत के 20 सैनिक मारे गए

> जिसके बारे में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संसद में जानकारी दी कि चीन के सैनिकों ने सीमा पर यथास्थिति बदलने की कोशिश की और भारतीय सैनिकों ने इसका दृढ़ता से जवाब दिया। भारतीय सैनिकों की बहादुरी और निष्ठा असंदिग्ध है। चीन की विस्तारवादी नीति और भारत के क्षेत्रों पर उसकी लालची निगाहें भी सबको दिखाई देती हैं। सवाल ये है कि मौजूदा भारत सरकार की इस बारे में क्या नीति है। प्रधानमंत्री मोदी चीन से किस तरह के संबंध रखना चाहते हैं। इन सवालों के जवाब इसलिए जरूरी हैं।

थे। यह विवाद लंबे वक्त तक दोनों देशों के बीच तनाव का मुद्दा बना रहा। भारत ने अपना विरोध दिखाने के लिए चीन के साथ व्यापारिक संबंधों में कई प्रतिबंध लगाए, लेकिन वे ऊपरी दिखावा ही साबित हुए। तब प्रधानमंत्री का शुरुआती रवैया, हमारी सीमा में कोई नहीं आया, वाला रहा। सैनिकों की मौत को उन्होंने बिहार चुनाव में भावनात्मक तौर पर भुना भी लिया। लेकिन चीन का नाम लेकर उसे खरी-खरी सुनाने से प्रधानमंत्री बचते दिखाई दिए। कई मौके ऐसे आए, जब प्रधानमंत्री मोदी चीन को साफ-साफ समझाइश दे सकते थे, मगर उन्होंने इन मौकों का इस्तेमाल नहीं किया। हाल ही में इंडोनेशिया के बाली में जी-20 सम्मेलन में रात्रिभोज में प्रधानमंत्री मोदी ने खुद उठकर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से हाथ मिलाया था, जिसकी काफी आलोचना हुई थी। तब विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने उनका बचाव करते हुए कहा था कि चीन के साथ संबंध की वास्तविकता यह है कि वो दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और भारत का पड़ोसी भी है। हालांकि चीन के साथ हमारा इतिहास, संघर्ष और सीमा विवाद भी जुड़ा है। विदेश मंत्री ने ये भी कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी चीन के मुद्दे पर अडिग रहे हैं। अब भाजपा नेताओं को यह बात समझनी चाहिए कि जिस तरह प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों और फैसलों के कारण उन के देशप्रेम पर सवाल नहीं उठाए जा सकते, वही बात कांग्रेस और प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू पर भी लागू होती है। दरअसल संसद के मौजूदा सत्र में चीन के मसले पर जब मोदी सरकार फिर घिरने लगी, तो हमेशा की तरह अपने बचाव के लिए भाजपा ने नेहरूजी पर उंगली उठाना शुरु कर दिया।

## दैनिक राशिफल

**मेषः-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। नये लक्ष्य एवं नये कायरें में ब्यस्तता बढ़ेगी। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रम का पूरा लाभ प्राप्त होगा। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता बरते।

**बृषभः-** सामाजिक संबंधों में ब्यस्तता बढ़ेगी। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। कुछ नये संबंधों के प्रति मन उत्साहित होगा। रोजगार में लाभकारी स्थिति मन को खुश रखेगी।

**मिथुनः-** कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। सभी इच्छाओ को सकार करने से पूर्व गहन सोच-विचार करें। आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है। घर में खुशहाली रहेगी।

**ककर्ः-** महत्वपूर्ण कायरें की समयानुकूल पूर्ति हेतु मन चिंतित होगा। प्रतिभाओ पर भरोसा रख महत्वपूर्ण लक्ष्यों को फलीभूत करने हेतु केंद्रित हों। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अवसर प्रदान करेगी।

**सिंहः-** अपने पद एवं मर्यादा ख्याल रखते हुए उच्छृंखल मन को नियंत्रित करें। आकस्मिक कोई सुखद समाचार से मन प्रसन्न होगा। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

**कन्याः-** कोई नयी इच्छा मन पर प्रभावी होगी। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। कार्यक्षेत्र में ब्यस्तता बढ़ेगी। अपने स्वास्य के प्रति सचेत रहें। जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

**तुलाः-** निराशावादी विचार योजनाओं की सार्थकता में बाधक हैं। एक साथ कई चिंताओं से मन ग्रसित होगा। अभिभावको एवं श्रेष्ठजनो के सहयोग से समस्याएं हल होंगी। जीवन साथी से मधुरता कायम रखें।

**वृश्चिकः-** नई प्रतिभाएं उजागर होंगी। प्रिय लोगों का सानिध्य मिलेगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में मन उसके परिणाम हेतु चिंतित होगा। रोजगार में लाभकारी स्थिति खुश रखेगी।

**धनुः-** वाक्यपटुता एवं व्यवहार कुशलता से संबंधों में प्रभावी होंगे। भौतिक आकांक्षाएं सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु मन केंद्रित होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**मकरः-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतरू इसमें सुधार लायें। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

**कुंभः-** नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कार्यक्षेत्र में अनवरत् व्यस्तता रहेगी। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। घर-परिवार में वातावरण उत्साहित होगा।

**मीनः-** नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। काफी दिनों से अवरोधित कोई कार्य हल होने की संभावना है। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयास करें।

**English**

की कमजोरी के कारण रह गए
वर्ना हम भी आज किसी की बाहों में होते
वो Cute लिखती रही
और हम कुत्ते समझते रहे!



## आज का सुविचार

:- सुविचार :-

दिल समंदर जैसा रखना
साहब, देखना नदियाँ
खुद ही मिलने आयेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### लखनऊ विश्वविद्यालय के 22 छात्रों का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

**लखनऊ(यूएनएस)।** लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 22 छात्रों का वेर्जेयो प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी में प्लेसमेंट हुआ। जिसमें बी.टेक के 14 छात्रों अनामिका सिंह, दिव्याशी, कार्तिकेय श्रीवास्तव, राशि सिंह, रूपांजलि दीक्षित, अनन्या यादव, अमिय, प्रखर नामदेव, साक्षी वर्मा, शिवम सिंह, जेबा सुल्ताना, अतुल कुमार, नितिन वर्मा, अभिनव तथा बीसीए के 1 छात्र मनप्रीत सिंह एवं एमसीए के 6 छात्रों कृतिका, मुहम्मद अब्दुल्लाह, नेहा, प्रतिष्ठा पाण्डेय, शिवेंद्र त्रिपाठी, श्वेता यादव और एमबीए की 1 छात्रा दीपशिखा पांडे का चयन बिजनेस डेवलपमेंट ट्रेनी के पद पर हुआ। इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि कम्पनी ने छात्रों को ट्रेनिंग के दौरान 17 हजर रूपये प्रति माह तथा 10 हजार रुपये इंसेन्टिव (परफॉरमेंस के आधार पर) और ट्रेनिंग के बाद छात्रों को अधिकतम 6 लाख प्रतिवर्ष का पैकेज ऑफर किया।

### अपर निदेशक पंचायतीराज ने किया प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ

**लखनऊ(यूएनएस)।** त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था के अन्तर्गत पंचायत प्रतिनिधि के रूप में निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों के क्षमता संवर्धन एवं पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान करने हेतु, पंचायती राज निदेशालय स्थित ऑडिटोरियम में आज एक दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारम्भ अपर निदेशक पंचायतीराज राज कुमार द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया है। इस अवसर पर राज कुमार ने कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्यों को जिला पंचायत का गठन एवं जिला पंचायत की समितियां व उनके कार्य, विकास लक्ष्यों का स्थानीयकरण, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा), 15वां केन्द्रीय वित्त एवं पंचम राज्य वित्त आयोग की ग्रान्ट तथा ई-ग्राम स्वराज पोर्टल व पीएफएमएस के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि आज प्रशिक्षण के प्रथम दिवस लखनऊ मण्डलान्तर्गत समस्त जनपद यथा सीतापुर, लखनऊ, खीरी, रायबरेली, उन्नाव एवं हरदोई के जिला पंचायत सदस्यों द्वारा प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया गया। इसी प्रकार कल 15 से 26 दिसंबर के बीच प्रदेश के समस्त मण्डलों के निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों को आरजीएसए योजनान्तर्गत पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान (प्रिट) द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। ये प्रशिक्षण कार्यक्रम आज 14 से 26 दिसम्बर के मध्य संचालित किया जायेगा। इस अवसर पर एके शाही संयुक्त निदेशक (पं), प्रवीणा चौधरी संयुक्त निदेशक, (प्रिट), एके राय उपनिदेशक जिला पंचायत अनुश्रवण प्रकोष्ठ, प्रदीप कुमार वित्त एवं लेखाधिकारी (प्रिंट) एवं महिला जिला पंचायत सदस्य उपस्थित रहे।

### एयरटेल की 5जी सेवा लखनऊ के कुछ क्षेत्रों में शुरू

**लखनऊ।** दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल ने बुधवार को लखनऊ में अपनी अत्याधुनिक 5जी सेवाएं शुरू करने की घोषणा की। कंपनी पूरे शहर में सेवाओं को उपलब्ध कराने के लिए अपने नेटवर्क का तेजी से विस्तार कर रही है। फिलहाल एयरटेल की 5जी सेवाएं लखनऊ के गोमतीनगर, हजरतगंज, अलीगंज, एशबाग, राजाजीपुरम, अमीनाबाद, जानकीपुरम, आलमबाग और विकास नगर सहित कुछ चुनिंदा स्थानों पर उपलब्ध है। भारती एयरटेल (उत्तर प्रदेश) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सोवन मुखर्जी ने एक बयान में बताया कि एयरटेल 5जी प्लस सेवाएं ग्राहकों को चरणबद्ध तरीके से उपलब्ध करवाई जाएंगी। फिलहाल 5जी सक्षम उपकरण पर बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के इन सेवाओं का लाभ उठाया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि एयरटेल के ग्राहक 4जी की स्पीड से 20-30 गुना अधिक गति वाले अत्यधिक तेज नेटवर्क का उपयोग कर सकते हैं।

### "मता-ए-इल्म व दानिश" का विमोचन हुआ

**लखनऊ।** ''मौलाना खालिद रशीद लखनऊ में असर रखते हैं और उनकी बात ध्यान से सुनी जाती है। इस कारण से किताब की अहमियत बढ़ जाती है और पढ़ने वाले इससे सही इस्लामी फ़िक्र से अवगत होते रहेंगे। हम इस बात पर कद्रदानी का इज्हार करते हैं कि यह एक अच्छा काम हो गया जो बिखरे हुए खुतबात थे वह एक जगह जमा हो गए और इससे फायदा ज्यादा उठाया जायेगा।''इन ख्यालात का इज्हार नाजिम नदवतुल उलमा लखनऊ मौलाना सै0 मो0 राबे हसनी नदवी अध्यक्ष ऑल इण्डिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने किया। वह आज मेहमान खाना दारूल उलूम नदवतुल उलमा में मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली चेयरमैन इस्लामिक सेन्टर आफ इण्डिया लखनऊ के खुतबात व मकालात ''मता-ए-इल्म व दानिश'' का विमोचन रहे थे। इस अवसर पर मौलाना डा0 तारिक रशीद फरंगी महली अध्यक्ष इस्लामिक सेन्टर आफ आरलैण्डो फ्लोरेडा (अमेरिका) ने कहा कि मौलाना खालिद रशीद ईद के अवसरों पर बहुत बड़ी भीड़ को सम्बोधित करते हैं। उनके यह खिताब अहम् विषयों पर होते हैं। वह अपनी तकरीरों और लेखों के जरिये इस्लाम की दावत व तबलीग का काम करते हैं। उनकी दावती, तालीमी और सामाजी सेवाओं का दायरा बहुत बड़ा है। वह शासन प्रशासन के जिम्मेदारों से सम्पर्क रखते हैं। वह लोग भी इनके सुझाव को महत्व देते हैं। ''मता-ए-इल्म व दानिश'' नामी किताब में उनके खुतबात व विषयों का जमा किया गया है। मौलाना नईमुर्रहमान सिद्दीकी महासचिव इस्लामिक सेन्टर आफ इण्डिया ने कहा कि दीन, इल्म व अदब के मैदानों में उलमा-ए-फरंगी महल की खिदमात काबिल-ए-रश्क हैं। दर्स व तदरीस से उनके रिश्ते बहुत अहम् हैं। इन अकाबिर के इल्मी व अदबी सरमाये की हिफाजत व इशाअत के लिए अल्लामा अब्दुल हैई फरंगी महली फ़िक्ह एकेडमी गत कई वर्षो से सरगरमे अमल है। एकेडमी से 18 किताबें छप चुकी हैं।

### भण्डारे का आयोजन

लखनऊ। रिज्यूविनेशन-अ स्पिरिचुअल फाउंडेशन की ओर से अन्नदान महादान के अंतर्गत बुधवार को जापलिंग रोड स्थित शिव मंदिर के पास भंडारे का आयोजन किया गया। संस्था की संस्थापक अपर्णा नेवटिया और समीर नेवटिया की आगुआई में गुरु का प्रसाद बांटा गया। अपर्णा नेवटिया ने बताया कि भण्डारे के अलावा प्रत्येक बृहस्पतिवार और बुधवार को गरीब बस्तियों में मुफ्त खाने के पैकेट, दूध, फल, ब्रेड आदि का वितरण किया जाता है। इस मौके पर कुमकुम खोसला, नीलिमा मेहरोत्रा, सुषमा अग्रवाल, नमिता कक्कड़, ऋतु सिंघल, राजेश जैन, सविता जैन, शालिनी मल्होत्रा, मोनिका चड्ढा, शंभू चंदानी, अनिता चंदानी, अनीश, बृजमोहन अग्रवाल, कुसुम अग्रवाल, रंजना मेहरोत्रा मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर शपथ ग्रहण समारोह

**लखनऊ।** हेल्प यू एजुकेशनल एंड चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस 2022 के अवसर पर ट्रस्ट के इंदिरा नगर स्थित कार्यालय में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में हेल्प यू एजुकेशनल एंड चौरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी हर्ष वर्धन अग्रवाल, न्यासी डॉ रूपल अग्रवाल, ट्रस्ट के स्वयंसेवकों व सिलाई कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर रही लाभार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण व देश की प्रगति में अपना योगदान देने हेतु आमजन से ऊर्जा बचाने का अनुरोध किया व ऊर्जा के संसाधनों को आवश्यकतानुसार प्रयोग करने का संकल्प लिया। न्यासी डॉ रूपल अग्रवाल ने शपथ दिलाई कि ष्पृथ्वी पर ऊर्जा के स्रोत सीमित हैं और हमें उसका अत्याधिक व फिजूल उपयोग नहीं करना है, बेहतर भविष्य के लिए ऊर्जा संरक्षण बेहद आवश्यक है व हमें इसके समुचित उपयोग को प्रोत्साहन देना है, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बेवजह नहीं चलाना है तथा देश के जिम्मेदार नागरिक की तरह ऊर्जा संरक्षण करके दिखाना हैं आज राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर हम सभी यह शपथ लेते हैं कि पर्यावरण संरक्षण हेतु ऊर्जा का आवश्यकतानुसार प्रयोग करेंगे व देश की प्रगति में अपना योगदान देंगे।

# आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर डीसीएम से टकराई बस,छह लोगों की मौत, 22 घायल

## मुख्यमंत्री ने व्यक्त किया दुःख, अफसरों को दिये दिशा निर्देश

**लखनऊ (यूएनएस)।** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा हुआ है। थाना नगला खंगर क्षेत्र में आज बुधवार तड़के एक्सप्रेसवे पर 61 माइलस्टोन के समीप डीसीएम से बस की टक्कर हो गई। हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है और अफसरों को निर्देश दिए हैं कि घायलों के उपचार की समुचित व्यवस्था की जाये। घायलों के इलाज में कोताही बरती गई तो कार्रवाई अवश्य होगी। दुर्घटना में 22 यात्री घायल हो गए। नौ घायल शिकोहाबाद अस्पताल भेजा गया है, जबकि बाकी घायलों को सैफई रेफर किया गया है। मृतकों में एक बच्चा, एक महिला और चार पुरुष शामिल हैं। लुधियाना से स्लीपर बस रायबरेली जा रही थी। बस में करीब 60 यात्री सवार थे। बुधवार तड़के नगला खंगर क्षेत्र में एक्सप्रेसवे पर बस आगे चल रही डीसीएम से टकरा गई। इसके बाद एक्सप्रेसवे से नीचे उतरकर गड्ढे में चली गई। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को बस से बाहर निकाला और अस्पताल भिजवाया। थाना पुलिस ने बताया कि हादसे में छह लोगों की मौत हुई है। रीना उम्र 22



वर्ष पत्नी सुनील निवासी कुसुम्भी थाना असोथर जिला फतेहपुर, अयांश उम्र 15 माह पुत्र सुनील, सन्तलाला उम्र 67 वर्ष निवासी पन्नोई जिला कौशाम्बी तथा तीन व्यक्तियों की शिनाख्त नहीं हो पाई है। घायलों में बबलू पुत्र बिंदादीन निवासी परसाखेड़ा मोराबा, जिला उन्नाव ,बालक पुत्र श्रीपाल निवासी परसाखेड़ा मोराबा, जिला उन्नाव ,संतोष पुत्र श्री पाल निवासी परसाखेड़ा मोराबा, जिला उन्नाव ,रामप्रसाद पुत्र शिव कुमार निवासी परसाखेड़ा मोराबा, जिला उन्नाव ,संतोष पुत्र नन्हे निवासीपरसाखेड़ा मोराबा, जिला उन्नाव ,सुरजीत पुत्र रामचरण निवासी राजापुर कर्वी, जिला चित्रकूट ,ज्योति पत्नी अजयपाल निवासी किदवई नगर, जिला कानपुर ,अजय पुत्र मोहन लाल निवासी किदवई नगर, जिला कानपुर,रेश्मा पुत्री मटरू निवासी कटवा थाना खागा, फतेहपुर ,कुमारी रोशनी पुत्री मटरू निवासी कटवा थाना खागा फतेहपुर ,चंदा देवी पत्नी रामचरण निवासी कटवा थाना खागा, जिला फतेहपुर ,रामशरण पुत्र राजाराम निवासी कटवा थाना खागा फतेहपुर,सुनील पुत्र गंगादीन निवासी कोसंबी थाना असोथर, फतेहपुर,कुमारी अनन्या पुत्री सुनील निवासी फतेहपुर,रामप्रवेश पुत्र राम प्रसाद निवासी इलाकुटबा थाना महाराजगंज, रायबरेली ,नीलम पत्नी बहादुर निवासी मोहनगंज थाना किदवई, रायबरेली,सोनू पुत्र सूरज लाल निवासी परसाखेड़ा थाना मौरावा, जिला उन्नाव ,राकेश पुत्र परमेश्वर ,राहुल पुत्र सूरज लाल ,किरण पत्नी पंकज ,गणेश पुत्र जगन्नाथ निवासी बाज खेड़ा थाना मौरावा, दीपू पुत्र राधेलाल निवासी शिवराज खेड़ा थाना मौरावा जिला उन्नाव घायल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## श्री कृष्ण की बाल लीला सुनकर मंत्रमुग्ध हुए श्रोता'

**लखनऊ(यूएनएस)।** निरालानगर स्थित माधव सभागार में मानसरोवर परिवार द्वारा आयोजित चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिन की शुरुआत हनुमान चालीसा के पाठ उपरांत व्यास पीठ पर विजमान जगतगुरु स्वामी राघवाचार्य महाराज जी आरती मुख्य यजमान महेश गुप्ता, लक्ष्मी गुप्ता की। श्रीमद् भागवत में जगतगुरु श्री राघवाचार्य महाराज ने श्री कृष्ण बाल लीला माखन चोरी गोवर्धन पूजा एवं छप्पन भोग लीला का कथा वर्णन किया। कथा का सुमिरन तथा महाराज जी का आशीर्वाद लखनऊ उत्तर विधायक डॉ नीरज बोरा, सचिन गुप्ता, राजेश गुप्ता पहुंचे।

स्वामी राघवाचार्य जी कहा कि जब-जब हमने पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया है तब तब हमें इसका खामियाजा भी भुगतना पड़ा है। इसलिए हमें गोवर्धन गिरिराज पूजन से प्रेरणा लेकर पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन के लिए संवेदनशील होना चाहिए। प्रभु के मथुरा गमन लीला पर कुब्जा एवं सुदामा के प्रसंगों के माध्यम से कहा कि जीवन में हमें जो मिला है उसके लिए कृतज्ञता का भाव रखना चाहिए। जो नहीं मिला उसके लिए दुख नहीं करना चाहिए। जो एक दिशा में नहीं, इधर उधर भटकता है उसका जीवन खाली रह जाता है। व्यक्ति को हमेशा सात्विक संकल्प करना चाहिए और संकल्प शक्ति दृढ़ होनी चाहिए। कथा के दौरान सजीव झांकियां भी सजाई जा रही है। प्रवक्ता अनुराग साहू ने बताया कि देश विदेश में बैठे भक्तों एवं जो किसी कारणवश कथा स्थल पर नहीं पहुंच पा रहे हैं उनके लिए श्रीमद् भागवत कथा जगद्गुरु स्वामी राघवाचार्य महाराज जी की कथा का लाइव प्रसारण आस्था भजन चौनल पर अपराहन 3.00 बजे से साईं 7.00 बजे तक प्रसारित किया जा रहा है। छठे दिवस रुक्मणी विवाह कृष्ण धर्म निरूपण एवं सुदामा चरित्र वर्णन अपराहन 3बजे से साय 7 तक करेग।

## राष्ट्रीय ऊर्जा संक्षण दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता में दिखी ग्रीन उर्जा उपयोग की अपील

**लखनऊ।** राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर अलीगंज स्थित आंचलिक विज्ञान नगरी में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें राजधानी के विभिन्न स्कूली बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जूनियर वर्ग के बच्चों ने इस अवसर पर ग्रीन ऊर्जा क्लीन ऊर्जा विषय पर पोस्टर बनाओं प्रतियोगिता में तो सीनियर वर्ग के बच्चों ने ऊर्जा संरक्षण विषय पर क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिताओं में सीएमएस, सेठ एम0आर0 जयपुरिया, सेंट जोसेफ राजाजीपुरम्, स्टाफोर्ड स्कूल, अवध कालिज्येट, रामाधीन इण्टर कालेज सहित पन्द्रह विद्यालयों के दो सौ से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। पोस्टर प्रतियोगिता में सेंट जोसेफ स्कूल की शुभांगी साहू को प्रथम पुरस्कार तथा क्विज में सेठ एम0 आर0 जयपुरिया के प्रखर को प्रथम पुरस्कार मिला। बच्चों ने ऊर्जा संरक्षण पर एक फिल्म शो का आनंद भी लिया साथ ही विज्ञान नगरी की विभिन्न दीर्घाओं का भ्रमण भी किया।

## एसटीएफने मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले अन्तर्राज्यीय गैंग के दो सदस्यों को किया गिरफ्तार,12 किलोग्राम चरस बरामद

संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश एसटीएफ द्वारा मादक पदार्थो की तस्करी करने वालों के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इनकी पकड़ के लिए कई टीमे लगी हुई थी। इसी क्रम में एसटीएफ मुख्यालय पर मादक पदार्थो की तस्करी करने वालो के सम्बन्ध में सूचना संकलन की जा रही थी। एसटीएफ फील्ड इकाई मेरठ टीम से सूचना को साझा किया गया। जिस पर बृजेश कुमार सिंह अपर पुलिस अधीक्षक एसटीएफ फील्ड इकाई, मेरठ के पर्यवेक्षण में एसटीएफ फील्ड इकाई, मेरठ से टीम गठित कर कार्यवाही की गई। मेरठ की टीम निरीक्षक सुनील कुमार के नेतृत्व में उ.नि संजय कुमार, उ.नि दुर्वेश डबास, का. भूपेन्द्र सिंह ने दो व्यक्ति कैलाशी हास्पिटल तिराहा कंकरखेडा, मेरठ के सामने खडे हैं, टीम ने पहुँच



कर मुखबिर की निशादेही पर दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया, जिनके पास से मादक पदार्थ बरामदगी किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ पर बताया कि संदीप सर्राफ जो बेतिया, बिहार का रहने वाला है। संदीप ने हमसे पूछा कि तुम लोग क्या काम करते हो तो हमने कहा कि हम तो मजदूरी करते हैं। इस पर संदीप सर्राफ ने कहा कि मजदूरी में क्या रखा है। मैं तुम्हे कुछ सामान दूँगा उसे हरियाणा और मेरठ पहुँचा दिया करना, जिसके लिए मैं तुमको 10 हजार रूपये दूंगा। इस पर हम राजी हो गये तब उसने कहा कि आप कुछ सामान लेकर मेरठ चले जाओ। मेरठ पहूँचने पर मुझे फोन कर बता देना तब मैं आपको बताऊंगा कि यह सामान किसको देना है। हम संदीप के कहे अनुसार यह चरस संदीप से लेकर मेरठ कंकरखेडा बाईपास पर पहुंचे थे।

## एमएसपी बढ़ी तो कृषि उत्पादन और खरीद दोनों में हुआ इजाफाः गीता शाक्य

संवाददाता

- चीनी उत्पादन में वर्ल्ड लीडर बन चुका है भारत
- इंटीग्रेटेड फार्मिंग से बढ़ रही किसानों की आय

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा सदैव किसानों के हितों की रक्षा के लिए समय-समय पर नई-नई कल्याणकारी योजनाओं का निष्पादन किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के अग्रणी कार्यों के द्वारा आज भारत चीनी उत्पादन में वर्ल्ड लीडर बन गया है, और दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक के रूप में विश्व के समक्ष प्रस्तुत है। किसानों के कल्याण के लिए उनकी आजीविका सुरक्षित करने के लिए श्वन नेशन वन फर्टिलाइजरश् के माध्यम से 6 सबसे बड़े यूरिया कारखानों का पुनरुद्धार किया है । 22 करोड से अधिक मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए हैं। 8 वर्षों में कृषि क्षेत्रों में काम करने वाले स्टार्टअप्स की संख्या 100 से बढ़कर 3000 से अधिक हो गई है। 3.30 लाख से अधिक उर्वरक दुकाने प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र के रूप में विकसित की गई हैं। किसानों की आय बढ़ाने के लिए इंट्रीग्रेटेड फार्मिंग के माध्यम से किसानों को लाभ पहुंचाया जा रहा है ।प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना से लाखों किसानों तक सहायता पहुंचाई जा रही है। 2021-22 में करीब 162 टन का रिकॉर्ड मछली उत्पादन भारत में किया गया ।मोदी सरकार के 8 वर्षों में दूध उत्पादन 1,461 मीट्रिक टन हुआ, जो पिछले 8 वर्षों में 52 फीसदी से भी अधिक है । चावल के लिए एमएसपी 2022- 23 के लिए 20,40 किया गया जो 2014 -15 की तुलना में 50 फीसदी से अधिक है। गेहूं के लिए एमएसपी 20.25 तय किया गया जो भी वर्ष 2013-14 की तुलना में 57 प्रतिशत से अधिक है।

## युवक की मौत के मामले में पत्नी के खिलाफ रिपोर्ट

**उरई/जालौन(यूएनएस)।** युवक की संदिग्ध हालात में हुई मौत के मामले में पुलिस ने उसकी पत्नी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस को युवक की अवैध संबंधों के चलते हत्या किए जाने की आशंका है। नदीगांव कसबे में 10 दिसंबर को रात एक युवक का शव उसी के घर के दरवाजे पर पड़ा मिला था। 26 वर्षीय राजेंद्र उर्फ चेनू सब्जी बेचता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था लेकिन कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की थी। मृतक के भाई रामकुमार ने इस मामले में तहरीर देते हुए राजेंद्र की पत्नी रूबी पर हत्या का आरोप लगाया था। जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थानाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने बताया कि पत्नी के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्जकर जांच की जा रही है।

## एफपीओ से जुड़कर किसान बढ़ा सकते हैं आय

**उरई/जालौन (यूएनएस)।** डकोर ब्लॉक के गांव पिया निरंजनपुर में गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी की अध्यक्षता डीएम चांदनी सिंह ने की। उन्होंने कहा कि किसान उत्पादक समूह (एफपीओ) का गठन किया गया है। किसान अधिक से अधिक संख्या में उत्पादक समूह से जुड़कर अपनी खेती को लाभकारी बनाकर अपनी आय बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसान अब सीधे एफपीओ के माध्यम से अपनी उपज को बेच सकेंगे। सरकार की ऐसी मंशा है कि किसानों की आय दोगुनी हो, इसके लिए बिचौलियों से बचें। एफपीओ के माध्यम से बड़ी-बड़ी कंपनियां किसानों से मटर खरीद करेंगीं। इससे किसानों को बिचौलियों से भी बचाया जा सकेगा। भुगतान में भी किसी प्रकार की समस्या नहीं आएगी। किसानों से जिलाधिकारी ने कहा कि आप लोगों का उत्पीड़न अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कृषि उत्पादक संगठन का मूल उद्देश्य किसानों की आय बढ़ा कर समृद्ध बनाना व उनको तकनीक और बाजार की जानकारी सुलभ ढंग से उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर सीडीओ डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव, डीडी नाबार्ड, उप कृषि निदेशक एसके उत्तम, जिला कृषि अधिकारी गौरव यादव, आईटीसी से प्रत्यय कुमार, भूक्रांति फार्मर प्रोड्यूसर के एमडी सतीश चंद्र आदि मौजूद रहे।

## मेन गेट बंद कर धरने पर बैठे छात्र, रैंगिंग मामले पर छात्रों को पीटने का आरोप

**वाराणसी।** वाराणसी के उदय प्रताप कॉलेज (यूपी कॉलेज) में बुधवार को जोरदार हंगामा हुआ। इंटर कॉलेज और डिग्री कॉलेज के छात्र सुबह से ही धरने पर बैठे हैं। छात्रों ने कैंपस और विभागों के गेट बंद कर दिए हैं और कॉलेज प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि मंगलवार की रात न्यू हॉस्टल के सीनियर छात्रों द्वारा जूनियर की रैंकिंग की जा रही थी।

जिसकी शिकायत पर प्रिसिंपल व हॉस्टल वार्डेन ने रात में हॉस्टल में जाकर डट फटकार लगाई। लेकिन कुछ छात्रों का आरोप है कि कॉलेज प्रशासन द्वारा छात्रों को पीटा गया।



जिसे लेकर नाराज छात्रों ने कॉलेज में धरना दिया और इस्तीफे की मांग पर अड़े हैं। इसके अलावा छात्रों ने मुख्य गेट बंद कर प्रदर्शन भी किया। उनका कहना है की जबतक कॉलेज प्रशासन द्वारा छात्रों से हुए दुर्व्यवहार के लिए आगे नहीं आता तब तक वह धरने पर रहेंगे।

## सपा के पूर्व विधायक विजय मिश्र पर एक और वार, बेटे के नाम खरीदी 10 करोड़ 20 लाख की संपत्ति जब्त

**भदोही।** बाहुबली पूर्व विधायक विजय मिश्र व उनके करीबियों पर कार्रवाई लगातार जारी है। जिला प्रशासन अवैध धन से अर्जित संपत्ति को लगातार कुर्क कर रहा है। बुधवार को पुलिस ने बाहुबली पूर्व विधायक के पुत्र विष्णु मिश्र की मध्यप्रदेश में स्थित जमीन को कुर्क कर दिया। कुर्क होने वाली जमीन की अनुमानित कीमत 10 करोड़ 20 लाख रुपये है। जिला कारागार में बंद विष्णु मिश्र पर डेढ़ दर्जन से अधिक मुकदमे पंजीकृत है।

सपा व निषाद पार्टी के पूर्व विधायक विजय मिश्र व उनके करीबियों पर लगातार कार्रवाई हो रही है। आगरा



जेल में बंद विजय मिश्रा पर हत्या, लूट, अपहरण, बलात्कार, संपत्ति हड़पने जैसे 83 मुकदमें दर्ज हैं। अब तक जिला प्रशासन उसकी 70 करोड़ से अधिक संपत्ति जब्त कर चुका है। बुधवार को जिले की पुलिस ने मध्यप्रदेश पुलिस व राजस्व टीम के सहयोग से एमपी के रीवा जिले में हनुमना तहसील के बिरादेई गांव में 3.366 हेक्टेयर (आठ एकड़ 30 डिसमिल) भूमि को जब्त कर लिया गया। आरोप था कि विष्णु मिश्रा उक्त संपत्ति को उसने अपने अपराधिक क्रिया कलाप से अर्जित धन से खरीदा था। जिला मजिस्ट्रेट की अदालत ने उक्त जमीन को कुर्क करने का आदेश दिया था। कुर्क होने वाली जमीन की कीमत 10 करोड़ 20 लाख रुपये है। पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि जिला मजिस्ट्रेट के आदेश के बाद गैंगेस्टर विजय मिश्रा के पुत्र विष्णु मिश्रा की मध्यप्रदेश के रीवा जिले में स्थित जमीन को धारा 14 (1) गिरोहबंद एवं सामाजिक क्रिया कलाप निवारण अधिनियम के तहत कुर्क कर दिया गया है। जमीन की अनुमानित कीमत 10 करोड़ 20 लाख रुपये है।

## स्टार्ट-अप इंडिया ने स्टार्टअप इन यू पी और एकेटीयू के इनोवेशन हब के सहयोग से महिला उद्यमियों के लिए कार्यशाला का किया आयोजन

# एकेटीयू में महिला उद्यमियों ने साझा किया अपना अनुभव

**लखनऊ।** स्टार्ट-अप इंडिया ने स्टार्टअप इन यू पी और एकेटीयू के इनोवेशन हब के सहयोग से कुलपति प्रो प्रदीप कुमार मिश्र के नेतृत्व में महिला उद्यमियों के लिए स्टार्ट-अप इंडिया स्टेट कार्यशाला का आयोजन बुधवार को किया। कार्यशाला में महिला उद्यमियों की संख्या बढ़ने के साथ, विशेष रूप से महिला उद्यमियों पर ध्यान केंद्रित करने वाले कार्यक्रमों को बताया गया। जिससे कि उद्यमी बनने की इच्छुक महिलाओं के साथ-साथ मौजूदा महिला उद्यमियों को अपने उद्यमों को विकसित



करने के लिए सहयोग मिल सके। इस दौरान महिला उद्यमियों ने अपने अनुभव और सफर को साझा किया। कार्यक्रम में करीब 50 महिला उद्यमी शामिल हुईं। इस मौके पर सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज के निदेशक प्रो0 एमके दत्ता ने कहा कि सामाजिक बदलाव में महिला उद्यमियों की अहम भूमिका है। साथ ही अर्थव्यवस्था भी तेजी से आगे बढ़ेगी। इससे न केवल महिलाएं समाज में अपना अलग स्थान बनाएंगी बल्कि उन्हें पहचान भी होगी। महिलाएं जब आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर रहेंगी तो उन्हें समाज में समानता मिलेगी। स्टार्टअप इंडिया से प्रतिभाग करने आई शांभवी शर्मा और खुश्बू वर्मा ने उद्यमियों के लिए स्टार्टअप इंडिया की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया और महिला उद्यमियों के सवालों के जवाब दिए। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपना उद्यम शुरू करके रोजगार का अवसर उपलब्ध कराके समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। शांभवी शर्मा ने बताया कि महिलाओं के लिए सरकार और दूसरी संस्थाएं कई तरह की योजनाएं चला रही हैं। पिछल कुछ सालों में महिला उद्यमियों ने शानदार परिणाम दिये हैं।

# आजमगढ़ से लापता हुआ था युवक, 26 साल बाद सोशल मीडिया के जरिए घर लौटा

**आजमगढ।** सोशल मीडिया के अच्छे प्रभाव की बात कई बार होती रहती है। अब इसका एक और उदाहरण सामने आ गया है। यूपी के आजमगढ़ जिले में सोशल मीडिया ने 26 साल से लापता ऐसे युवक को उसके परिजनों से मिलाया है जिसे लोग मृत मान चुके थे। परिवार में खुशी का माहौल है।



बरदह थाना क्षेत्र के गोठांव गांव निवासी जिलाजीत मौर्य पुत्र सोभन मौर्य 35 वर्ष की आयु में एक जून 1996 को गांव से ही लापता हो गए थे। जिलाजीत बचपन से ही बोल नहीं पाते थे और उनकी शादी भी नहीं हुई थी। परिजनों ने उस समय काफी खोजबीन की लेकिन पता नहीं चल सका।

करीब तीन माह पहले सोशल मीडिया से पता चला कि वह अमेठी जिले में कहीं हैं। उसके बाद परिजनों ने अमेठी में तलाश की। पूछताछ में पता चला कि वह वहां से कहीं और चले गए हैं। परिजन उन्हें मृत मान चुके थे लेकिन जब उनके जिंदा होने की बात पता चली तो सभी ने राहत की सांस ली। उन्होंने जिलाजीत की तलाश जारी रखी। इस दौरान सोशल मीडिया से पता चला कि वह रायबरेली जनपद के हटवा गांव के प्रधान शिवेंद्र सिंह के यहां रह रहे हैं। इदर, ग्राम प्रधान शिवेंद्र भी जिलाजीत के घर का पता करने के लिए प्रयास कर रहे थे। 13 दिसंबर को परिजन उक्त ग्राम प्रधान के घर पहुंचे। जहां जिलाजीत को सामने देखकर परिजनों की आंखों में खुशी के आंसू आ गए।

अपने परिजनों को पाकर जिलाजित मौर्य भी काफी खुश हुए। परिजनों ने बताया कि वहां जाने पर हटवा गांव के प्रधान शिवेंद्र सिंह भी काफी खुश हुए। शिवेंद्र ने घर के एक सदस्य के रूप में जिलाजीत को अपने घर पर रखा था। उसके बाद वह लोग जिलाजित के साथ घर पहुंचे। उनके घर पहुंचने पर परिवार में खुशी का माहौल है। उन्हें देखने के लिए गांव के लोगों का आना-जाना लगा हुआ है।

### दामाद ने किया ससुराल में उपद्रव गिरफ्तार

**उरई/जालौन।** जायघा में सत्येंद्र निवासी ग्राम कुंअरपुरा थाना रेंढर की ससुराल है। मंगलवार शाम को सत्येंद्र अपने साथी परमवीर को साथ लेकर पत्नी को विदा कराने पहुंचा। ससुराल पहुंचा तो नशे में धुत था। यह देख पत्नी ने उसके साथ जाने से इन्कार कर दिया। इस पर सत्येंद्र और परमवीर ने हंगामा करना शुरू कर दिया। घटना की सूचना पर रामपुरा थाना पुलिस पहुंची और दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर उन्हें जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष रामपुरा राजीव कुमार सिंह बैस ने बताया कि दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजा गया।

## व्यापारियों के समर्थन में उतरी मायावती, बोलीं, जीएसटी सर्वे से तंग आकर आंदोलन करने को मजबूर है व्यापारी

**लखनऊ (यूएनएस)।** समाजवादी पार्टी (सपा) और राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के बाद बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने उत्तर प्रदेश के कुछ कारोबारियों के प्रतिष्ठानों पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के सर्वेक्षण अथवा छापे की कार्रवाई पर सवालिया निशान लगाया है। मायावती ने बुधवार को ट्वीट किया '' सरकार की गलत नीतियों व कार्यशैली आदि का ही परिणाम है कि पहले से ही नए जीएसटी राज के जंजाल से पीड़ित व्यापारी वर्ग अब यूपी में भी जीएसटी सर्वेध्छापेमारी से तंग व दुःखी होकर बाजार बंद एवं आन्दोलन करने को मजबूर हो रहे हैं, जिसका निवारण जरूरी। उन्होंने कहा कि गरीबी, बेरोजगारी व महंगाई के इस कठिन दौर में लोगों की क्रय शक्ति काफी घट गई है, फिर भी गरीब व मजदूर वर्ग दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर भी जीएसटी की महंगी दर चुकाने को मजबूर है, किन्तु सरकार निश्चिन्त है कि उसका जीएसटी कलेक्शन बढ़ रहा है, क्या ऐसी सोच उचित, जनहितैषी। बता दें कि उत्तर प्रदेश में जीएसटी की लगातार छापेमारी लेकर उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने ट्वीट कर विपक्ष पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि व्यापारी भाजपा परिवार के सम्मानित सदस्य है। भाजपा की केंद्रध्प्रदेश में लगातार सरकार बनाने में आप का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। सरकार व्यापारियों के साथ है।

# शादी समारोह से लौट रही बाइक सवार महिला की कंटेनर से कुचल कर मौत, दामाद की हालत गंभीर

**वाराणसी ।** वाराणसी के कोईराजपुर में रिंग रोड फेज दो पर बुधवार सुबह हुए एक दर्दनाक हादसे में सास की मौत हो गई। वहीं उसका दामाद गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों राजातालाब से शादी समारोह में शामिल होकर वापस घर लौट रहे थे। मौके पर पर पहुंची बड़ागांव पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घायल को अस्पातल में भर्ती कराया गया है। सारनाथ थाना क्षेत्र के नई बाजार भैसौड़ी निवासी उषा देवी (55) पत्नी अशोक कुमार मौर्य मंगवलवार को राजातालाब के महगांव स्थित रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने गई थी।



शादी समारोह में शामिल होने के बाद बुधवार सुबह अपने दामाद रामसेवक मौर्य (30) निवासी दामोदरपुर के साथ बाइक से घर लौट रही थी। कोईराजपुर गांव में रिंग रोड फेज 2 पर रामसेवक बाइक को सर्विस लेन पर जा रहा था। इस दौरान गड्ढे में जाने के कारण बाइक फिसल गई और दोनों सड़क पर गिर गए। इस दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार कंटेनर उषा देवी को कुचलते हुए आगे बढ़ गई। मौके पर ही उषा की मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने घायल रामसेवक को उठाकर सड़क के किनारे किया।

सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कंटेनर को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया। मौके पर पहुंचे सड़क हादसे के शिकार सास-दामाद के परिजनों ने रिंग रोड को जाम करने की कोशिश की। हालांकि बड़ागांव थाना प्रभारी अश्वनी चतुर्वेदी ने परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# राष्ट्रीय किसान मंच का 18 को अधिवेशन

**अधिवेशन के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त,कई सांसद और विधायक करेंगें भागीदारी**

**लखनऊ (यूएनएस)।** राष्ट्रीय किसान मंच के अधिवेशन की तिथि घोषित कर दी गई है। राजधानी लखनऊ के रविन्द्रालय प्रेक्षागृह में किसान मंच के राष्ट्रीय अधिवेशन में कई वर्तमान और पूर्व सांसद और विधायक शामिल होगें। अधिवेशन के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद संजय सिहं होगें। राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारी के सम्बंध में मंच के कैम्प कार्यालय एक प्राइवेट पेपर मिल कालोनी बाल्मिकी नगर में राष्ट्रीय अध्यक्ष प. शेखर दीक्षित की अध्यक्षता और राष्ट्रीय संगठन मंत्री संजय द्विवेदी के संचालन में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य एजेण्डा 18 दिसम्बर को प्रस्तावित राष्ट्रीय अधिवेशन का रहा। बैठक में आए किसान नेता और पदाधिकारियों ने इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष से प्रदेश के किसानों को हो रही यूरिया आदि की भारी किल्लत से अवगत कराया। जिस पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि वे अतिशीघ्र प्रदेश के मुख्यमंत्री से मिलकर खाद के अतिरिक्त स्टाक की मांग रखेंगें। बैठक में अधिवेशन के लिए पर्यवेक्षक और निगरानी समिति नामित की गई। बैठक की जानकारी देते हुए राष्ट्रीय महासचिव ओ.पी. यादव ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष की सहमति से राष्ट्रीय अधिवेशन के लिए पर्यवेक्षक समिति में राष्ट्रीय संगठन मंत्री संजय द्विवेदी, पवन दुबे और अनिल चौबे को नामित किया गया है। निगरानी समिति के लिए महिला मोर्चा प्रदेश प्रभारी मधु पाण्डेय,, सौरभ मिश्रा उन्नाव,मधु पाण्डेय, मोहित मिश्रा सीतापुर,प्रमिला यादव, वेद प्रकाश वाजपेयी बाराबंकी और ऋचा चतुर्वेदी नामित हुए है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अरूण कुमार बाबा, प्रदेश उपाध्यक्ष सर्वेश पाल उन्नाव, सत्यनाम सिंह बाराबंकी, सुबोध यादव हरदोई, राजेश यादव, श्रीमती उषा शर्मा सहित मण्डलीय प्रभारी शामिल हुए। बैठक में बताया गया कि अधिवेशन में किसानों की राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक मूल्यों पर गहन विचार विमर्श किया जाएगा। आजादी के 70 वर्ष से अधिक बीत जाने के बाद भी हिन्दुस्तान के किसानों का जीवन इतना पिछड़ा क्यो है ? उनकी आय को कैसे बढ़ाया जाए।उन्हें खाद, बिजली पानी कैसी सस्ती दर पर उपलब्ध हो इस पर सरकारों की जिम्मेदारी सुनिश्चित कराये जाने का संकल्प लिया जाएगा। कार्यकर्ताओं से अपील की गई है कि वे अधिवेशन में अनुशासित ढ़ग से शामिल रहे एवं अपने अपने जिलाध्यक्षों के सम्पर्क में रहे। किसी भी प्रकार की असुविधा या जरूरत पड़ने पर केन्द्रीय कार्यालय के प्रभारी संजय कुमार द्विवेदी का नम्बर 88877413 जारी किया गया है।

## चुनाव से पहले यूपी के 17 नगर निगमों में होगा बीजेपी का पसमांदा सम्मेलन

**लखनऊ (यूएनएस)।** यूपी में नगर निगम चुनाव की तारीखों की घोषणा बहुत जल्द हो सकती है। इसके लिए सभी पार्टियों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। भाजपा भी चुनाव में जीत हासिल करने के लिए नई-नई रणनीतियां अपना रही है। इसी क्रम में भाजपा प्रदेश के 17 नगर निगमों में पसमांदा सम्मेलन करने जा रही है।

जानकारी के मुताबिक भाजपा द्वारा अल्पसंख्यकों को रिझाने के लिए सभी नगर निगमों में बड़े स्तर पर इसका आयोजन करने जा रही है। जिसमें डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और अल्पसंख्यक मंत्री समेत सरकार के अन्य मंत्री और पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने इस संबंध में प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष कुंवर बासित अली को इस संबंध में निर्देश भी जारी कर दिए हैं। सम्मेलन की शुरुआत मेरठ या मुरादाबाद से कर सकती है। पसमांदा मुसलमानों में अपनी पैठ बनाने के लिए भाजपा सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद करेगी। बता दें कि भाजपा द्वारा उपचुनाव में भी रामपुर समेत कई जिलों में पसमान्दा सम्मेलन कराए थे। उत्तर प्रदेश के नगर निगमों में पसमांदा मुसलमानों की आबादी की बात करें तो मुरादाबाद में 47 फीसदी, सहारनपुर 42, बरेली 35, मेरठ 34, गाजियाबाद 25, लखनऊ 21, अलीगढ़ 20, शाहजहांपुर 18, कानपुर 16, अयोध्या 15, वाराणसी 15, प्रयागराज 13, फिरोजाबाद 13, मथुरा 9, आगरा 9, गोरखपुर में 9 और झांसी में 7 फीसदी आबादी पसमांदा मुसलमानों की है. पार्टियां जहां चुनाव की तैयारी कर रही हैं वहीं इलहाबाद उच्च न्यायालय की

## 44 उप-निरीक्षकों, 16 पुलिसकर्मियों का तबादला

**नोएडा (यूएनएस)।** कानून व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए गौतम बुद्ध नगर पुलिस आयुक्त जोन प्रथम ने 44 उप-निरीक्षकों का तबादला किया है। वहीं, 16 पुलिसकर्मियों का भी तबादला हुआ है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) हरिश चंदर ने बताया कि कानून-व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए उपनिरीक्षक दीनानाथ यादव को थाना सेक्टर 20 का वरिष्ठ उपनिरीक्षक बनाया गया है।उन्होंने बताया कि एसआई संसार सिंह को थाना एक्सप्रेसवे का वरिष्ठ उपनिरीक्षक, राजकुमार को थाना फेज-वन का वरिष्ठ उपनिरीक्षक, उप-निरीक्षक राजकुमार चौहान को थाना सेक्टर 113 का वरिष्ठ उपनिरीक्षक बनाया गया है। उन्होंने बताया कि धर्मेंद्र सिंह को चौकी प्रभारी जीआईपी मॉल, हरि सिंह को चौकी प्रभारी सेक्टर 60, जितेंद्र बालियान को चौकी प्रभारी एनआईबी, उदयवीर सिंह को चौकी प्रभारी सर्फाबाद, अरुण वर्मा को चौकी प्रभारी परथला, अमित कुमार को चौकी प्रभारी निठारी के रूप में तैनात किया गया है।उन्होंने बताया कि मुख्य आरक्षी अवनीश को थाना सेक्टर 24 में, आरक्षी विवेक बालियान को थाना फेस वन, महिला कांस्टेबल श्वेता को थाना फेस वन, महिला कांस्टेबल प्रीति को थाना फेस वन, महिला कांस्टेबल रीता यादव को थाना सेक्टर 20 में और इसी तरह अन्य पुलिसकर्मियों का तबादला किया गया है।

### किसान ने की आत्महत्या, पेड़ से लटकता मिला शव

**उरई/जालौन।** जालौन में एक किसान ने खेत पर लगे बबूल के पेड़ से लटककर जान दे दी, घटना के बारे में तब जानकारी हुई जब किसान खेतों पर काम के लिए जा रहे थे, जिन्होंने किसान को फांसी पर लटका देखा, तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, जिन्होंने जांच करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, वही बताया गया कि किसान कर्ज की मार से परेशान था। घटना उरई कोतवाली के जेतपुरा गांव की है। इस गांव का रहने वाला ललित कुमार (38) गांव में खेती किसानी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। बुधवार को उसने अपने घर से 10 किलोमीटर दूर स्थित खुद के खेत में लगे बबूल के पेड़ पर रस्सी का फंदा बनाकर जान दे दी। इस घटना के बारे में तब जानकारी मिली, जब गांव के किसान खेत पर काम करने और रखवारी के लिए जा रहे थे।

# इंस्पेक्टर सुबोध कुमार हत्या मामले की अदालत रोजाना करेगी सुनवाई, आदेश जारी

**●तीन दिसंबर, 2018 को सियाना के महाव गांव के बाहर खेतों में मवेशियों के शव पड़े मिले थ**

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में दिसंबर 2018 में भीड़ के हमले में मारे गए निरीक्षक सुबोध कुमार सिंह के मामले में स्थानीय अदालत अब रोजाना सुनवाई करेगी। एक वकील ने यह जानकारी दी। तीन दिसंबर, 2018 को सियाना के महाव गांव के बाहर खेतों में मवेशियों के शव पड़े मिले थे, जिसके बाद भीड़ ने स्थानीय चिंगरावठी पुलिस चौकी पर हमला कर दिया।

इस हिंसा में गोली लगने से घायल निरीक्षक सुबोध कुमार सिंह (44) और चिंगरावठी गांव के निवासी सुमित कुमार (20) की मौत हो गई थी। मारे गए पुलिस निरीक्षक के परिवार का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिवक्ता यशपाल सिंह ने कहा, ''मामले की सुनवाई जिला और सत्र न्यायालय में हो रही है। अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश गोपाल जी ने मंगलवार को आदेश दिया कि मामले की सुनवाई अब दैनिक आधार पर की जाएगी।

वकील ने बताया कि, ''मामला फिलहाल उस चरण में है जहां आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ सबूत जमा किए जा रहे हैं और गवाहों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। इसके बाद आरोपी अपना बचाव पेश करेंगे और फिर अदालत अंतिम दलीलें सुनेगी और फैसला सुनाएगी। उन्होंने कहा कि अदालत उनकी इस दलील से सहमत है कि आरोपी, जिनका प्रतिनिधित्व लगभग दो दर्जन वकील कर रहे हैं, विभिन्न बहानों से मामले की सुनवाई में देरी करने की कोशिश कर रहे हैं। स्थानीय स्याना थाने में दर्ज मामले में शुरुआती प्राथमिकी में 27 नामजद लोगों समेत करीब 80 लोगों को संदिग्ध बताया गया था। सिंह ने कहा कि इस मामले की पुलिस ने लगभग एक साल तक जांच की जिसके बाद एक आरोप पत्र दायर किया गया जिसमें 44 लोगों को आरोपी बनाया गया था। उन्होंने बताया कि चिंगरावठी गांव निवासी सुमित कुमार जिसकी गोली लगने से मौत हो गई थी, समेत तीन आरोपियों की मौत हो चुकी है जबकि अधिकतर आरोपी जमानत पर हैं।

## नोएडा में लागू हुई डॉग पॉलिसी

# कुत्ता पालने पर हर साल देने होंगे 500 रुपए, उल्लंघन करने पर लगेगा जुर्माना

**नोएडा(यूएनएस)।** नई डॉग पॉलिसी लागू कर दी गई है। दरअसल नोएडा प्राधिकरण की 207 वीं बोर्ड बैठक में डॉग पॉलिसी के प्रस्तावको पास किया गया था। जिसमें लोगों से इस बारे में सुझाव मांगे गए थे। वहीं, अब प्राधिकरण ने लोगों द्वारा दिए गए सुझाव के आधार पर पॉलिसी में बदलाव कर सोमवार से पॉलिसी लागू कर दिया है। पॉलिसी में शेल्टर होम, फीडिंग प्वाइंटर, पंजीकरण, नसबंदी, टीकाकरण के नियम तय किए गए हैं। साथ ही नियम का पालन नहीं करने पर 500 रुपए से दस हजार रुपए



तक जुर्माने का प्रावधान किया गया है। दरअसल आवारा कुत्तों के खौफ से आतंकित शहर के लोगों का दबाव नोएडा प्राधिकरण पर लगातार पड़ रहा था। इसको देखते हुए नोएडा प्राधिकरण ने एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया की गाइडलाइन के अनुपालन के लिए पॉलिसी तैयार की थी, जिसे लागू कर दिया गया है। प्राधिकरण की पॉलिसी के अतिरिक्त आरडब्ल्यूए, एओए और गांव के निवासी या संगठन कोई भी प्रतिबंध या नियम नहीं बना सकते हैं। पालतू कुत्तों के मालिकों के तय दायित्वों के तहत घर के बाहर जानवरों को पट्टे में घुमाना अनिवार्य कर दिया गया है। साथ ही घर के बाहर अकेले छोड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। पालतू कुत्तों को सोसाइटी की सर्विस लिफ्ट से ही ले जाने की अनुमति होगी। लिफ्ट में पालतू कुत्ते को ले जाते समय मजल का प्रयोग करना होगा। अगर पालतू कुत्ता सार्वजनिक स्थान पर शौच करता है तो उसकी सफाई की जिम्मेदारी कुत्ते के मालिक की होगी। पालतू कुत्ते के मरने पर ऐप पर अपडेट करना होगा। वहीं, नोएडा विकास प्राधिकरण के विशेष कार्य अधिकारी इंदु प्रकाश सिंह ने बताया कि नए नियम के तहत सभी पालतू कुत्तों का पंजीकरण अनिवार्य होगा। साथ ही प्रत्येक वर्ष अप्रैल में 500 रुपए पंजीकरण शुल्क देना होगा। वहीं, यह पंजीकरण वित्तीय वर्ष के लिए मान्य होगा और पंजीकरण के लिए प्रत्येक वर्ष 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसके लिए हर व्यक्ति को अपने पालतू कुत्तों का पंजीकरण पॉलिसी लागू होने से एक माह के भीतर करना होगा। नोएडा क्षेत्र में प्रजनन केंद्र के सत्यापन के बाद नोएडा प्राधिकरण की ओर से प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। इंदु प्रकाश ने आगे बताया कि स्ट्रीट डॉग्स के लिए फीडिंग स्थल चिह्नित किए जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### लिफ्ट में आधे घंटे तक हलक में अटकी रही 3 बच्चों और परिजनों की सांसें, अब सोसाइटी के लोगों ने उठाई मांग

**ग्रेटर नोएडा (यूएनएस)।** उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां पंचशील सोसाइटी की लिफ्ट में 3 बच्चे और उनके परिजन लगभग आधे घंटे तक फंसे रहे। इस दौरान लिफ्ट में लगे अलार्म और इंटरकॉम दोनों ने काम नहीं किया। लिफ्ट फंसने की एक ही दिन में दो घटनाएं हुई। पहली घटना टॉवर- 2 में हुई तो वहीं दूसरी घटना टॉवर-8 में हुई। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद लिफ्ट को बाहर से खोलकर अंदर फंसे सभी लोगों को बाहर निकाल गया। जानकारी मुताबिक पंचशील हाइनिश सोसाइटी के रहने वाले भुवनेश्वर गौतम का कहना है कि सुबह उनकी बुजुर्ग मां बेटे सूर्यांश को 12वीं मंजिल से स्कूल छोड़ने गई थी। काफी समय बीत जाने पर जब उन्होंने नीचे देखा तो दादी-पोता अभी तक नीचे नहीं पहुंचे थे। ऐसे में उन्होंने लिफ्ट के पास किसी को भेज कर पता किया तो सूचना मिली कि दोनों लिफ्ट में फंस गए हैं। इसके बाद उनकी पत्नी सीढ़ियों से नीचे फैसिलिटी मैनेजर के पास पहुंची और घटना के बारे में बताया। भुवनेश्वर को यह चिंता सता रही थी कि बुजुर्ग महिला दिल की मरीज भी हैं, ऐसे में वह लिफ्ट में खुद और बच्चों को कैसे संभाल रही होंगी। आपको बता दें कि सोसाइटी की 10वीं मंजिल पर दीप्ति रहती है। वह भी अपने रुम से नीचे जा रही थी कि अचानक आधे रास्ते में लिफ्ट बंद हो गई। दीप्ति को इमरजेंसी में फैसिलिटी से कोई मदद नहीं मिल सकी। वह लगभग 30 मिनट तक लिफ्ट में फंसी रही। घटना से घबराई महिलाओं की तबीयत बिगड़ने लगी थी लेकिन लिफ्ट में फंसी घरेलू सहायिका ने किसी तरह से उन्हें ढांढस बंधाया। सूत्रों के मुताबिक नोएडा अथॉरिटी पूरे यूपी के लिए लिफ्ट पॉलिसी बनाने पर काम कर रही है। वहीं नोएडा और ग्रेटर नोएडा की हाई राइज सोसाइटीज में लगी लिफ्ट के मेंटेनेंस को लेकर सवाल उठते रहे हैं।

### एसीएस से मिला चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ का प्रतिनिधि मण्डल

**लखनऊ (यूएनएस)।** उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ का प्रतिनिधि मण्डल अपर मुख्य सचिव कार्मिक देवेश चतुर्वेदी से मिला। प्रतिनिधि मण्डल ने अपर मुख्य सचिव के समक्ष लम्बे अरसे से लम्बित दस सूत्रीय मोंग रखते हुए चतुर्थ श्रेणी संवर्ग आक्रोश से उन्हें अवगत कराया। अपर मुख्य सचिव ने प्रतिनिधि मण्डल को आश्वासन किया कि वह उनकी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए इसे सरकार के समक्ष रखेंगें। उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ की बैठक अपर मुख्य सचिव कार्मिक एवं नियुक्ति उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ के अवस्था में 10 सूत्री मांग पत्र विशेष मांगों पर चर्चा हुई । बैठक मुख्य मुद्दा चतुर्थ श्रेणी की भर्ती पर लगी रोक को रिक्त पदों पर भरे जाने आउटसोर्सिंग व्यवस्था समाप्त कर विभाग द्वारा कर्मचारियों को संविदा पर रखा जाए जिनका भुगतान सीधे उनके खाते में जाए। इस पर सहमति बनी एवं ग्रेड पे उन्नीस सौ समस्त विभागों में सामूहिक रूप से कर्मचारियों को दिया जाए। जिस पर सहमति हो गई है। इसके लिए निर्देश जारी करने के लिए अपर मुख्य सचिव द्वारा वित्त विभाग को निर्देशित किया गया। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का पदनाम परिवर्तन करने तथा वर्तमान वर्दी बाजार भाव वर्तमान समय की दर से भुगतान करने के निर्देश दिए गए हैं। पंचायत राज के कर्मचारियों सफाई कर्मचारियों को पदोन्नत के लिए कार्यवाही करने के लिए निर्देश दिए गए। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष रामराज दुबे कार्यवाहक अध्यक्ष महेंद्र कुमार पांडे महासंघ के जिला अध्यक्ष दूध नाथ पंचायत राज के महामंत्री रविंद्र श्रीवास्तव प्रदेश महामंत्री सुरेश सिंह यादव जनरल सेकेटरी अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी महासंघ शामिल रहे। सुरेश यादव ने बताया कि वार्ता 10 दिन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर हुई जिस पर मुख्य रूप से विभागीय संविदा पर कर्मचारियों को रखा जाए। विभाग द्वारा उनको पूरा भुगतान किया जाए तथा आउटसोर्सिंग ठेकेदारी प्रथा समाप्त की जाए। 19 सौ ग्रेड पे सभी विभागों में सामूहिक रूप से लाभ दिया जाए। जिससे 26 वर्ष की सेवा में वेतन विसंगतियों को दूर करते हुए 42 ग्रेड पे वरिष्ठ कर्मचारियों को ग्रेड पे का लाभ मिल सको जिस पर अपर मुख्य सचिव अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक द्वारा वित्त विभाग को निर्देश जारी किए कि इस पर शीघ्र निर्णय लेकर आदेश निर्गत किये जाएगें।

### किशोरी से दुष्कर्म के बाद धर्मांतरण का दबाव

**बांदा।** एक किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने व धर्मांतरण का दबाव बनाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि किशोरी को उसके गांव का ही रहने वाला एक युवक जुलाई के महीने में अपने साथ बहला फुसलाकर बलिया जिले ले गया था। जहां पर उसने कई महीने तक किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। वही उसने और उसके परिजनों ने किशोरी पर धर्मांतरण का भी दबाव बनाया। बात न मानने पर उससे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित भी किया।

इस बीच किशोरी के परिजन किशोरी की तलाश करते रहे और पुलिस को भी उन्होंने घटना की जानकारी दी थी। मगर किशोरी का पता नहीं चल सका था। वहीं किशोरी किसी तरह मौका पाकर वहां से भाग निकली और अपने घर पहुंची। जिसके बाद किशोरी अपने परिजनों और बजरंग दल के लोगों के साथ एसपी ऑफिस पहुंची और पूरे मामले में आरोपियों पर कार्रवाई करने की मांग की। जिसको लेकर एसपी ने पूरे मामले को लेकर जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।बता दे कि पूरा मामला देहात कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है जहां पर जुलाई के महीने में एक किशोरी अपने घर से अचानक लापता हो गई थी जिसके बाद किशोरी के परिजनों ने किशोरी की गुमशुदगी कोतवाली में दर्ज कराई थी. जिसके बाद पता चला कि किशोरी को उसके गांव का ही रहने वाला एक अरमान नाम का युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ कहीं बाहर लेकर चला गया। इस बीच किशोरी के परिजन पुलिस से किशोरी की तलाश किए जाने की मांग को लेकर फरियाद लगाते रहे लेकिन किशोरी का पता नहीं चल सका। वहीं 5 महीने बाद किशोरी अब जब अपने घर पहुंची तो उसने पूरी घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। जिसके बाद किशोरी को लेकर इसके परिजन बजरंग दल के लोगों के साथ एसपी ऑफिस पहुंचे और पूरी मामले में एसपी को शिकायती पत्र देते हुए आरोपियों पर कार्रवाई करने की मांग की। एसपी ऑफिस फरियाद लेकर पहुंची किशोरी ने आरोप लगाते हुए बताया कि अरमान नाम का युवक उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ बस्ती जनपद लेकर चला गया था. जहां पर उसने इसके साथ दुष्कर्म किया तो वही उसने और उसके परिजनों ने इस पर धर्मांतरण का भी दबाव बनाया। किशोरी के द्वारा बात न मानने पर उन लोगों ने इसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित भी किया। किशोरी ने बताया कि मुझे जुलाई के महीने से लगातार धर्मांतरण करने को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा था। पूरे मामले को लेकर एसपी ने बताया कि एक किशोरी ने धर्मांतरण के मामले को लेकर शिकायती पत्र दिया है। जिसको लेकर हम इस मामले की जांच कर रहे हैं। जो भी तथ्य सामने निकलकर आएंगे उसी हिसाब से आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### आठ सौ छात्राएं चार कमरों में जमीन पर बैठकर पढ़ने को मजबूर

**बांदा।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में 50-50 की क्षमता वाले चार कक्षों में 868 छात्राएं जमीन पर बैठकर पढ़ाई कर रही हैं। एक करोड़ 30 लाख खर्च कर बनाए गए दो अलग-अलग भवन 20 वर्ष से अधूरे पड़े हैं। जिम्मेदार इन भवनों को पूरा कराने को लेकर बेपरवाह हैं। बिल्डिंग अधूरी होने की जानकारी शासन को होने की बात बोलकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में अतिरिक्ति भवन निर्माण के लिए वर्ष 2004 में तत्कालीन सांसद रामसजीवन सिंह ने सांसद-निधि से 75 लाख रुपये दिये थे। निर्माण दायी संस्था पैक्सफेड ने आठ कमरों, दो हाल, कार्यालय, प्रधानाचार्य कक्ष का निर्माण शुरू कर वर्ष 2006 में 75 लाख खर्च कर सिर्फ दीवारें खड़ी कर दीं दी। इसके बाद पैसा न होने की बात कहकर काम बंद कर चलती बनी। वर्ष 2008 में शासन ने अधूरे निर्माण को पूरा कराने के लिए 65 लाख रुपये जारी किए। निर्माण कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण निगम को दिया गया। उसने पूर्व में पैक्सफेड द्वारा अधूरी बिल्डिंग को पूरा करने के बजाय छह कमरों, दो हॉल, कार्यालय, प्रधानाचार्य कक्ष, शौचालय का निर्माण नये सिरे से शुरू किया।

# रूस ने कहा- क्रिसमस के बीच भी नहीं रुकेगी जंग

## कीव में फिर सुनाई दी जोरदार धमाकों की आवाज

- शहर के मेयर विताली लिच्को ने बुधवार को अपने टेलीग्राम चैनल पर जिले में धमाकों की सूचना दी।
- कीव, विश्नित्सा और जाइटॉमिर इलाकों में भी इमरजेंसी सायरन बजे।
- विभिन्न देशों और नेताओं के लिए खुद को दिखाने के लिए अवसर पैदा किए



**कीव/मॉस्को।** रूस और यूक्रेन के बीच इस साल 24 फरवरी को शुरू हुआ युद्ध अभी समाप्त नहीं हुआ है। इस बीच राजधानी कीव के शेवचेनकिवस्की जिले में जोरदार धमाकों की आवाज सुनी गई हैं। शहर के मेयर विताली क्लिच्को ने बुधवार को अपने टेलीग्राम चैनल पर जिले में धमाकों की सूचना दी। उधर, रूस ने क्रिसमस के बीच भी युद्ध को जारी रखने की बात कही है।

टेलीग्राफ एजेंसी ऑफ द सोवियत यूनियन (टास) के मुताबिक, कीव में 5 बजकर 55 मिनट (06.55 मॉस्को समय) पर एक हवाई हमले का अलर्ट जारी किया गया। कीव, विन्नित्सा और जाइटॉमिर इलाकों में भी इमरजेंसी सायरन बजे। शेवचेनकिवस्की जिला, कीव के मध्य हिस्से में स्थित है। जिले के औद्योगिक परिसर में 71 उद्यम हैं।

यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमिर जेलेंस्की ने मंगलवार को अपने संबोधन में कहा, 293 दिनों के इस भयानक युद्ध में बहुत से घटनाक्रमों ने विभिन्न देशों और नेताओं के लिए खुद को दिखाने के लिए अवसर पैदा किए। मैं आप सबका आभारी हूं। प्यारे दोस्तों, न्यूजीलैंड उन देशों में पहले नंबर पर था जिन्होंने स्वतंत्रता और न्याय के संघर्ष में यूक्रेन का समर्थन किया।

उन्होंने आगे कहा, विभिन्न तानाशाहों और आक्रमणकारियों को हमेशा एहसास नहीं होता है कि आजाद दुनिया की ताकत यह नहीं है कि उसके पास कोई बड़ा हथियार है, लेकिन हकीकत यह है कि उसमें हर कोई जानता है कि कैसे एकजुट होना है और निर्णायक रूप से ईमानदारी से काम करना है। उसमें हर कोई सामान्य कारण के लिए योगदान देता है।

रिपोर्ट के मुताबिक, शनिवनार को यूक्रेन के ओडेसा में अधेरा छाया रहा, क्योंकि इस 15 लाख से ज्यादा की आबादी वाले बंदरगाह शहर में तापमान में गिरावट के कारण बिजली की सुविधाएं प्रभावित हुई। लोग बिना बिजली के ही रहे। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने अपने रात के समय संबोधन में कहा कि ओडेसा में स्थिति बहुत कठिन है, क्योंकि उर्जा सुविधाओं की मरम्मत में महीनों लग सकते हैं। यूक्रेनी अधिकारियों के मुताबिक, ईरान में बनाए गए ड्रोन के द्वारा हमलों में दो उर्जा सुविधाओं को नुकसान पहुंचाया गया था। इससे उर्जा के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है। उधर, दूसरी ओर रूस ने संकेत दिए हैं कि क्रिसमस के त्योहार में भी युद्ध जारी रहेगा। इससे पहले यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा था कि क्रिसमस तक रूस के सैनिकों को यूक्रेन से बाहर खदेड़ने के लिए शुरूआत करें। यह दोनों देशों की शांति के लिए उठाया गया पहला कदम होगा। रूस ने बुधवार को जानकारी दी है कि वह यूक्रेन में मौजूद अधिकारी पैट्रियट मिसाइल रक्षा प्रणाली को ध्वस्त करने की कोशिश करेगा। अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस सप्ताहांत तक अमेरिका यूक्रेन को पैट्रियट मिसाइल सिस्टम देगा। इसे भेजने के लिए वह योजना को अंतिम रूप दे रहा है।

## हैजा से लड़ने के लिए ओरल टीकों की 12 लाख खुराक हैती पहुंची

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता ने कहा कि हैती में हैजा के प्रकोप से लड़ने के लिए ओरल टीकों की लगभग 12 लाख खुराक पोर्ट-ऑ-प्रिंस पहुंच चुकी है। संरा महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के मुख्य प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने मंगलवार को पैन अमेरिकन हेल्थ ऑर्गनाइजेशन (पीएएचओ) का हवाला देते हुए कहा, टीकाकरण अभियान रविवार से शुरू होने की उम्मीद है।÷ उन्होंने कहा, टीके पहले हैती की राजधानी पोर्ट औ-प्रिंस के कुछ सबसे गरीब इलाकों के लोगों के साथ-साथ उत्तर में मिरेबालाइस के कम्यून में दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पिछले एक सप्ताह में देश भर में संदिग्ध मामलों की संख्या में लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा, दो दिन पहले तक यहां हैजा के 14,000 से अधिक संदिग्ध मामले थे। पोर्ट-औ-प्रिंस अभी भी सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र है, लेकिन दुर्भाग्य से पुष्टि के मामले अन्य स्थानों में बढ़ रहे हैं।

## यूनाइटेड एयरलाइंस ने बोइंग 787 ड्रीमलाइनर के लिए दिया बड़ा ऑर्डर



एजेंसी

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका की विमान निर्माता कंपनी बोइंग ने घोषणा की है कि यूनाइटेड एयरलाइंस ने 787 विमानों को खरीदने के लिए एक बड़ा ऑर्डर दिया है। कंपनी के मुताबिक यूनाइटेड एयरलाइंस ने 100 विमानों को खरीदने के लिए ऑर्डर दिया है और उसके पास 100 और खरीदने का विकल्प है।

कंपनी ने कहा है कि यह बोइंग के इतिहास में 787 ड्रीमलाइनर विमान खरीदने का सबसे बड़ा सौदा है। यूनाइटेड एयरलाइंस 737 मैक्स जेट भी 100 खरीद रही है। इसमें से 44 मौजूदा विकल्पों का उपयोग कर रही है और 56 नए ऑर्डर दे रही है।

कंपनी ने बताया कि बोइंग जेट के लिए एयरलाइन के मौजूदा ऑर्डर 530 से अधिक हो गए हैं, जिसमें 430 से अधिक 737 मैक्स हवाई जहाज शामिल हैं।

बोइंग वाणिज्यिक हवाई जहाज के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) स्टेन डील ने कहा, ÷इस निवेश के साथ भविष्य में 737 मैक्स और 787 हवाई जहाज यूनाइटेड को अपने बेड़े में शामिल करके आधुनिकीकरण और वैश्विक विकास रणनीति में तेजी लाने में मदद मिलेगी।÷

## पीटीआई 'चुनाव कराओ, मुल्क बचाओ' अभियान के तहत शनिवार को करेगी जनसभा



**लाहौर ।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की चुनाव कराओ, मुल्क बचाओ अभियान के तहत अपनी रैलियों को शुक्रवार तक समाप्त करने की योजना है और पार्टी शनिवार को लाहौर में एक बड़ी जनसभा आयोजित करेगी।

पार्टी प्रमुख एवं पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान यहां पार्टी के प्रमुखों की दो प्रांतीय विधानसभाओं को भंग करने की अपनी %अंतिम% योजना की घोषणा करेंगे। श्री खान के जमन पार्क स्थित आवास पर मीडिया से बात करते हुए पीटीआई नेता हम्माद अजहर ने कहा कि पार्टी ने शनिवार को सभी मंडल मुख्यालयों पर एक साथ रैलियां आयोजित करने की योजना बनाई है, जहां श्री इमरान खान का संबोधन एक वीडियो लिंक के माध्यम से प्रसारित किया जाएगा। उन्होंने कहा, ÷मुख्य रैली शनिवार को लाहौर के लिबर्टी चौक में आयोजित की जाएगी और बाकी वीडियो लिंक के माध्यम से कार्यक्रम में भाग लेंगे।÷

पीटीआई प्रमुख ने ओमनी समूह से माफी मांगने की मांग की, जो कानूनी नोटिस वापस लेना चाहता है। इस बीच, पीटीआई के वरिष्ठ मंत्री मियां असलम इकबाल ने एक अलग स्थान पर मीडिया को बताया कि उनकी पार्टी और उसके सहयोगी पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा की प्रांतीय विधानसभाओं के भंग करने पर एक मत हैं। पीटीआई प्रमुख खान की अध्यक्षता में एक बैठक बुलाई गई है, जिसकी घोषणा लिबर्टी चौक पर एक बड़ी सार्वजनिक सभा में की जाएगी।

श्री इकबाल ने कहा, ÷मेरी व्यक्तिगत राय है कि विधानसभाओं को 20 दिसंबर से पहले भंग कर देना चाहिए, ताकि रमजान से पहले चुनाव हो सकें।÷

## पाकिस्तान में खैबर-पख्तूनख्वा के पूर्व मंत्री जावेद के घर पर फिर से हुआ हमला

**खैबर-पख्तूनख्वा ।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पूर्व मंत्री एवं व्यवसायी हाजी मोहम्मद जावेद के आवास पर फिर हमला हुआ है। पिछले दो दिनों में यह दूसरी बार जब श्री जावेद के घर पर हमला हुआ हुआ है। द न्यूज ने बुधवार को अपनी रिपोर्ट में बताया कि श्री जावेद घर पर हथगोला फेंका गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गुलबहार में निर्माणाधीन घर पर हुए हथगोले की वजह से किसी के हताहत होने या नुकसान की सूचना नहीं है।अधिकारी ने कहा कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। वहीं बम निरोधक विशेषज्ञों ने मौके से साक्ष्य एकत्रित किए। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान में तब्लीगी जमात के वरिष्ठ सदस्यों के घर पर कुछ दिन पहले ग्रेनेड से हमला किया गया था। हमले में हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ था। सूत्रों ने बताया कि ज्यादातर ग्रेनेड हमले पीड़ितों को डराने के लिए किए जाते हैं और बड़ी संख्या में उद्योगपतियों, व्यापारियों, राजनेताओं, ठेकेदारों और अन्य संपन्न लोगों घरों को निशाना बनाया गया है। गौरतलब है कि पिछले कुछ वर्षों में पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में कानून और व्यवस्था के हालात बेहद खराब हो गई है। जियो न्यूज ने आधिकारिक आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि यहां पूरे प्रांत में आतंकी हमले बढ़ गए हैं।

## पुजारा, श्रेयस के अर्द्धशतकों ने भारत को संभाला



**चटगांव।** भारत ने चेतेश्वर पुजारा (90) और श्रेयस अय्यर (82 नाबाद) के अर्द्धशतकों की बदौलत बंगलादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन बुधवार को 278 रन बना लिये। पुजारा ने 203 गेंदों पर 11 चौके लगाकर 90 रन बनाये, जबकि अय्यर 169 गेंदों पर 10 चौकों के साथ 82 रन बनाकर नाबाद हैं। भारत ने 112 रन पर चार विकेट गंवा दिये थे लेकिन पुजारा-अय्यर की जोड़ी ने 149 रन की साझेदारी करके टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचा दिया।

भारत ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए सहज शुरुआत की। लोकेश राहुल और शुभमन गिल ने पहले विकेट के लिये 41 रन जोड़ लिये, लेकिन सात रन के अंदर तीन विकेट गिरने से भारतीय पारी लड़खड़ा गयी। गिल (20) तैजुल इस्लाम की गेंद पर पैडल स्वीप मारने के प्रयास में यासिर अली को कैच थमा बैठे, जबकि राहुल (20) को खालिद अहमद ने बोल्ड कर दिया। तैजुल (84/3) ने विराट कोहली को एक रन पर पगबाधा किया और भारत के 48 रन पर तीन विकेट हो गये। पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे ऋषभ पंत ने बंगलादेश के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज तैजुल के विरुद्ध प्रत्याक्रमण शुरू करते हुए 24वें ओवर में उन्हें एक चौका और एक छक्का लगाया। पंत ने तेज बल्लेबाजी करते हुए 45 गेंदों पर छह चौकों और दो छक्कों की बदौलत 46 रन बनाये और पुजारा के साथ चौथे विकेट के लिये 64 रन जोड़कर भारतीय पारी को संभाला। मेहदी हसन मिराज़ (71/2) की गेंद पर पंत के आउट होने के बाद अय्यर और पुजारा ने मोर्चा संभाल लिया। दोनों ने पांचवें विकेट के लिये शतकीय साझेदारी करके बंगलादेश को पस्त कर दिया। पुजारा 50 पारियों के अंतराल के बाद अपने पहले शतक की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन बंगलादेश ने 80 ओवर के बाद उपलब्ध नयी गेंद ली और तैजुल ने पुजारा को शतक से 10 रन दूर रोक दिया। दिन की आखिरी गेंद पर अक्षर पटेल (14) के रूप में भारत का छठा विकेट गिर गया, जबकि श्रेयस अय्यर 82 रन पर नाबाद हैं।

## लेखी ने किया दृष्टिबाधित एथलेटिक्स चैंपियनशिप का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने 22वीं राष्ट्रीय दृष्टिबाधित एथलेटिक्स चैंपियनशिप का उद्घाटन करते हुए बुधवार को कहा कि लोगों की अक्षमताओं के बजाय उनकी क्षमताओं पर ध्यान दिया जाना चाहिये। श्रीमती लेखी ने यहां त्यागराज स्टेडियम पर उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा, ÷मैं पिछले 25 साल से ब्लाइंड रिलीफ एसोसिएशन से जुड़ी हुई हूं तो यहां आना मेरे लिये घर वापसी जैसा है। मैं जब कॉलेज में थी तब मैंने महसूस किया कि जिन लोगों को हम एक तरह से अक्षम समझते हैं, उनमें अन्य तरीकों से उत्कृष्टता हासिल करने की क्षमता होती है। इसलिये हमारा ध्यान क्षमता पर होना चाहिये न कि अक्षमताओं पर।÷

भारतीय दृष्टिबाधित खेल संघ (इबसा) द्वारा आयोजित तीन दिवसीय चैंपियनशिप में 19 राज्यों से 550 प्रतियोगी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता में कुल 59 (पुरुषों के लिये 31, महिलाओं के लिये 28) अंतरराष्ट्रीय और स्वदेशी कार्यक्रम टी11, टी12 और टी13 श्रेणियों के तहत आयोजित किये जायेंगे।

श्रीमती लेखी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा, ÷आप अपने जीवन में कई लोगों से मिलते हैं जो आपको प्रभावित करते हैं और आपके चरित्र को आकार देते हैं। जीवन में हर अनुभव चरित्र निर्माण का हिस्सा है। आप में से कुछ पदक जीत सकते हैं, लेकिन मेरे लिये हर खिलाड़ी उस भावना के कारण विजेता है जिसके साथ आप भाग ले रहे हैं। मुझे यकीन है कि यहां उपस्थित कई लोग भविष्य में भारत के लिये गौरव हासिल करेंगे। श्रीमती लेखी ने चैंपियनशिप की प्रायोजक कंपनी उषा इंटरनेशनल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके बिना प्रतियोगिता का आयोजन संभव नहीं था। उषा इंटरनेशनल की खेल पहल और संघ प्रमुख कोमल मेहरा ने कहा, ÷उषा में हम उषा राष्ट्रीय दृष्टिबाधित एथलेटिक्स चैंपियनशिप के एक और सीजन को देखने और उससे सीखने के लिये प्रेरित हैं। यह देखना प्रेरणादायक है कि कैसे खेल जीवन को बदलने और मतभेदों को पीछे छोड़कर लोगों को एक साथ लाने में मदद कर सकते हैं।

## डाबर भारत में वनों के बाहर पेड़ उगाने और एग्रोफॉरेस्ट्री को देगा बढ़ावा

### डाबर ने सेंटर फॉर इंटरनेशनल फॉरेस्ट्री रीसर्च एवं वर्ल्ड एग्रोफॉरेस्ट्री के साथ हाथ मिलाया




**लखनऊ।** भारत की अग्रणी विज्ञान पर आधारित आयुर्वेद कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड ने आज सेंटर फॉर इंटरनेशनल फॉरेस्ट्री रीसर्च एवं वर्ल्ड एग्रोफॉरेस्ट्री के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, उड़ीसा, आन्ध्र प्रदेश, असम और तमिलनाडु में एग्रोफॉरेस्ट्री का उपयोग करते हुए वनों के बाहर और खेतों में पेड़ों एवं पौधों में सुधार लाने के लिए विशाल अभियान की शुरूआत की। इस अभियान के द्वारा मेडिसिनल एवं एरोमेटिक पौधों और फलों वाले पौधों पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाएगा। डाबर के द्वारा शुरू किया गया यह अभियान वनों के बाहर एवं खेतों में पेड़ों की संख्या बढ़ाने में कारगर साबित होगा, जिससे वानिकी क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन में कमी लाने के लक्ष्यों को हासिल करने में मदद मिलेगी। साथ ही आस-पास के समुदायों को आजीविका के स्थायी अवसर भी मिलेंगे। डाबर इंडिया लिमिटेड के चीफ़ एक्ज़क्टिव ऑफिसर मोहित मल्होत्रा ने कहा कि डाबर में प्रकृति हमारे कारोबार का मुख्य आधार है। प्राकृतिक अवयवों से बने प्रोडक्ट्स की व्यापक रेंज के साथ हम हर परिवार को अच्छा स्वास्थ्य देने के लिए लगातार काम करते रहे हैं। साथ ही हम प्राकृतिक संसाधनों को सुरक्षित रखने के लिए भी काम करते हैं और अपनी मूल्य श्रृंखला के बाहर भी इस तरह के प्रयासों को अंजाम देते हैं। डाबर के लिए गर्व की बात है कि वनों के बाहर एग्रोफॉरेस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए हमें बथ्व्द्र.प्ब्त्।थ् के साथ जुड़ने का मौका मिला है। यह पर्यावरण संरक्षण को सुनिश्चित करने की दिशा में हमारा एक ओर कदम है, जिससे भूमि के क्षरण एवं जैव विविधता के नुकसान को कम किया जा सकेगा। इस परियोजना के तहत चिकित्सकीय गुण वाले चुनिंदा पौधों पर ध्यान दिया जाएगा, इसके अलावा सैटेलाईट नर्सरियां भी स्थापित की जाएंगी ताकि किसान

# देश-विदेश डायरी

## बाइडेन ने समलैंगिक विवाह वाले अधिनियम पर किया हस्ताक्षर

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने समलैंगिक विवाह के लिए संघीय सुरक्षा को संहिताबद्ध करने वाले विधेयक पर हस्ताक्षर किए हैं। यह कदम अमेरिकी कांग्रेस के माध्यम से विवाह अधिनियम के सम्मान के कुछ दिनों बाद आया है। यह कानून अन्य बातों के अलावा 1996 के विवाह अधिनियम की रक्षा को पलट देता है। साथ ही इस कानून के अनुसार राज्यों को अन्य राज्यों में किए गए किसी भी वैध विवाह को मान्यता देने की आवश्यकता होती है! उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट के ने अपने एक रूढ़िवादी फैसले में संकेत दिया था कि विवाह समानता और गर्भनिरोधक के मुद्दे पर पर फैसलों पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए।

## चिली के जंगलों में लगी आग से 46 घर जलकर राख, एक की मौत

**सेंटियागो।** चिली के मेट्रोपोलिटन क्षेत्र के जंगल में आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी तथा पांच लोग जख्मी हो गए, जबकि 46 घर जलकर खाक हो गये। आंतरिक एवं सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय के राष्ट्रीय आपातकालीन कार्यालय (ओनेमी) ने ने मंगलवार को बताया कि राजधानी सैंटियागो से लगभग 70 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में स्थित एक ग्रामीण कस्बे मेलिपिला कम्यून में आग लगने की जानकारी 11 दिसंबर को मिली थी और इसे बुझाने के प्रयासों के बावजूद भी अभी तक इस पर काबू नहीं पाया जा सका है। आग के कारण करीब 184 लोग बेघर हो गए हैं। चिकित्सा अधिकारियों ने स्थानीय मीडिया को बताया कि जख्मी लोगों में एक 67 वर्षीय महिला भी है, जिसके शरीर का 11 प्रतिशत हिस्सा जल गया है।

## अमेरिकी सेना ने की द.कोरिया में अंतरिक्ष बल इकाई की शुरुआत

**सोल।** अमेरिकी सेना ने बुधवार को दक्षिण कोरिया में एक नई अंतरिक्ष सेना इकाई शुरू की। योन्हाप समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। अमेरिकी सेना कोरिया (यूएसएफके) ने राजधानी सोल से लगभग 70 किमी दक्षिण में प्योंगटेक में ओसान एयर बेस में यूएसएफके की एक घटक इकाई यूएस स्पेस फोर्स कोरिया को लॉन्च करने के लिए एक समारोह आयोजित किया।

योन्हाप के अनुसार, यह अमेरिकी मुख्य भूमि के बाहर स्थापित होने वाली कुछ अमेरिकी अंतरिक्ष बल की इकाइयों में से एक है। अमेरिका ने भी पिछले महीने इंडो-पैसिफिक कमांड और सेंट्रल कमांड के तहत अपनी अंतरिक्ष सेना इकाइयों की स्थापना की। लेफ्टिनेंट कर्नल जोशुआ मैकुलियन के नेतृत्व में अमेरिकी अंतरिक्ष बल कोरिया, आठवीं थल सेना, सातवीं वायु सेना, नौसेना बल कोरिया, समुद्री बल कोरिया और विशेष संचालन कमान कोरिया सहित अन्य यूएसएफके घटक इकाइयों में शामिल हो गया।

## अमेरिका ने की परमाणु संलयन ऊर्जा पर सफलता प्राप्त करने की घोषणा

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिकी ऊर्जा विभाग (डीओई) ने परमाणु संलयन ऊर्जा पर सफलता प्राप्त करने की घोषणा की है। फ्यूजन इग्निशन की उपलब्धि लॉरेंस लिवरमोर नेशनल लेबोरेटरी (एलएलएनएल) के वैज्ञानिकों ने हासिल की है। डीओई ने मंगलवार को इसे ÷प्रमुख वैज्ञानिक सफलता÷ बताया और कहा कि इससे राष्ट्रीय रक्षा में प्रगति और स्वच्छ ऊर्जा के भविष्य का मार्ग प्रशस्त होगा। एलएलएनएल की राष्ट्रीय प्रज्वलन सुविधा की एक टीम ने 5 दिसंबर को इस मील के पत्थर तक पहुंचने के लिए इतिहास में पहला नियंत्रित संलयन प्रयोग किया, जिसे वैज्ञानिक ऊर्जा ब्रेकइवन के रूप में भी जाना जाता है, जिसका अर्थ है कि इसे चलाने के लिए उपयोग की जाने वाली लेजर ऊर्जा की तुलना में संलयन से अधिक ऊर्जा का उत्पादन होता है। यह उपलब्धि स्वच्छ संलयन ऊर्जा की संभावनाओं में अमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान करेगी। डीओई के मुताबिक यह शून्य कार्बन अर्थव्यवस्था हासिल करने के प्रयासों के लिए एक गेम चेंजर साबित होगा।

## पीजीडीएवी कॉलेज ने जीती दिल्ली सिटी चैंपियनशिप

**नई दिल्ली।** पन्नालाल गिरधरलाल दयानंद एंग्लो-वैदिक कॉलेज (पीजीडीएवी कॉलेज) ने रिलायंस फुटबॉल दिल्ली सिटी कॉलेज चैंपियनशिप 2022-23 के आखिरी लीग मैच में शारदा यूनिवर्सिटी को 5-2 से हराकर पहली बार खिताब जीत लिया। पीजीडीएवी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर कृष्णा शर्मा ने बताया कि कॉलेज ने राउंड रोबिन लीग में अपने सारे मुकाबले जीतकर खिताब हासिल किया। कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ पवन डबास ने सभी खिलाडियों को शानदार प्रदर्शन पर बधाई दी। पीजीडीएवी कॉलेज ने चैंपियनशिप में इससे पहले वेंकटेश्वरा कॉलेज (3-2), श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (4-1), शिवाजी कॉलेज (3-0) और जाकिर हुसैन कॉलेज (4-1) को मात दी थी।

## अबू धाबी नाइट राइडर्स के कप्तान बने नारायण

**कोलकाता ।** वेस्ट इंडीज के अनुभवी ऑलराउंडर सुनील नारायण को आगामी आईएलटी20 लीग के लिये अबू धाबी नाइट राइडर्स का कप्तान नियुक्त किया गया है। केकेआर के अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

नारायण ने कप्तानी की जिम्मेदारी के बारे में कहा कि मैं अबू धाबी नाइट राइडर्स के कप्तान की भूमिका निभाने के लिये बहुत उत्साहित हूं। यह एक नयी चुनौती है क्योंकि अब मुझे अपनी पूरी टीम के कामकाज के बारे में सोचना है, न कि सिर्फ मेरे खेल या मेरे चार ओवरों के बारे में। यह ऐसी चीज है जिसका मैं इंतजार कर रहा हूं। नारायण ने कहा कि मैं नाइट राइडर्स (फ्रेंचाइजी) के साथ ही खेल में बड़ा हुआ हूं, इसलिए यह मेरे लिय एक परिवार की तरह है। हर जगह उनकी एक टीम होती है, मुझे इसका हिस्सा बनना पसंद है। मैंने यूएई में काफी क्रिकेट खेली है इसलिये मैं परिस्थितियों को अच्छी तरह जानता हूं। यदि आप अबू धाबी नाइट राइडर्स को देखते हैं तो यह एक जानी-पहचानी टीम है, न कि एक नयी एकादश जिसकी मुझे आदत डालनी है। अपने खिलाड़ियों की ताकत पता होने से मुझे काफी आत्मविश्वास मिलता है।

आईएलटी20 लीग की शुरुआत 13 जनवरी, 2023 को संयुक्त अरब अमीरात में होगी। लीग के पहले संस्करण में छह टीमें हिस्सा ले रही हैं।

## दोहरे शतक से किशन ने लगाई एकदिवसीय रैंकिंग में छलांग

**दुबई।** भारत के युवा सलामी बल्लेबाज ईशान किशन ने बंगलादेश के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच में दोहरा शतक जड़कर आईसीसी रैंकिंग में विशाल छलांग लगायी है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से बुधवार को जारी एकदिवसीय रैंकिंग के अनुसार किशन 578 रेटिंग पॉइंट के साथ 37वें पायदान पर आ गये हैं, जबकि इससे पहले वह शीर्ष 100 बल्लेबाजों में भी शामिल नहीं थे। चोटग्रस्त रोहित शर्मा की जगह तीसरे वनडे के लिये टीम में आये किशन ने 131 गेंदों पर 24 चौकों और 10 छक्कों के साथ 210 रन की विस्फोटक पारी खेली। वह 126 गेंदों में 200 रन का आंकड़ा छूकर सबसे तेज दोहरा शतक बनाने वाले बल्लेबाज भी बन गये। इसी बीच, विराट कोहली ने तीसरे वनडे में बनाये गये शतक की बदौलत वनडे रैंकिंग में आठवां स्थान हासिल कर लिया है। कोहली ने एकदिवसीय क्रिकेट में 40 महीने बाद शतक जड़ते हुए 91 गेंदों पर 113 रन बनाये थे। कोहली 707 रेटिंग पॉइंट के साथ दो स्थान उछलकर आठवें पायदान पर आ गये, जबकि कप्तान रोहित शर्मा (705) दो पायदान फिसलकर नौवीं रैंकिंग पर पहुंच गये हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक विद्यावती दूबे द्वारा बी डी प्रिन्टींग प्रेस गणेशपुर, रहमानपुर निकट रघुनन्दन आशियाना फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ से मुद्रित तथा- C 3/76, विभूतिखण्ड गोमती नगर लखनऊ से प्रकाशित । मो0 9450615356, फोन नं. 0522- 4102634

CMYK



# तीन साल की हुई कपिल– गिन्नी की लाडली अनायरा



मशहूर स्टैंडअप कॉमेडियन कपिल शर्मा की बेटी अनायरा तीन साल की हो गईं हैं। उनके बर्थडे पर कपिल शर्मा और उनकी वाइफ गिन्नी चतरथ ने ग्रैंड बर्थडे पार्टी रखी, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।

बेटी अनायरा के तीन साल कंप्लीट करने के खास मौके पर कपिल शर्मा और गिन्नी चतरथ ने शानदार पार्टी रखी थी। सामने आईं सेलिब्रेशन की तस्वीरों में जहां गिन्नी और अनायरा की सेम आउटफिट ने सभी का ध्यान खींचा वहीं अनायरा की अपने भाई त्रिशान के संग शानदार बॉन्डिंग भी देखने को मिली। दोनों किड्स की क्यूटनेस पर लोग जमकर प्यार लुटा रहे हैं।

तस्वीरों में दिखाई दे रहा है कि कपिल और गिन्नी ने बर्थडे पार्टी की जंगल थीम रखी थी। वहां मौजूद बच्चों ने पूरी पार्टी में खूब एंजाय किया और गिन्नी और कपिल भी बेटी के संग मस्ती करते दिखाई दिए। बाप-बेटी की इस क्यूट सी बॉन्डिंग ने हर किसी के दिल को जीत लिया।

गौरतलब है कि कपिल शर्मा ने 12 दिसंबर, 2018 को अपनी गर्लफ्रेंड गिन्नी चतरथ से शादी की थी। 10 दिसंबर, 2019 को गिन्नी और कपिल बेटी अनायरा और 1 फरवरी, 2021 को बेटे त्रिशान के माता-पिता बने। काम से फुर्सत मिलते ही कपिल शर्मा अपने बच्चों के संग क्वालिटी टाइम स्पेंड करते हैं और उनकी तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर शेयर करते रहते हैं।

## रणबीर कपूर ने अनुष्का शर्मा के साथ अपनी इस फिल्म को बताया सबसे बेकार, 7 साल बाद किया खुलासा



रणबीर कपूर के लिए ये साल अपने आप में काफी खास रहा। जहां एक तरफवो हाल ही में एक नन्ही परी के पिता बने है तो वहीं दूसरी तरफउन्होंने इस इंडस्ट्री में अपने 15 साल पूरे कर लिए है। अपने सालों के करियर में रणबीर ने कई बेहतरीन फिल्मों में काम करके दर्शकों को खूब एंटरटेन किया लेकिन इसी बीच उन्होंने अपनी एक ऐसी फिल्म का जिक्र किया जिसे वो अपने करियर की सबसे बेकार फिल्म मानते है। रणबीर कपूर ने फिल्म बर्फी, संजू, ऐ दिल है मुश्किल, ब्रह्मास्त्र जैसी कई सुपरहिट फिल्मों में काम करके लोगों का दिल जीता। इन तमाम फिल्मों में काम करके लोगों का प्यार पाकर भले ही एक्टर काफी खुश हो ,लेकिन उनकी अब तक की करियर की एक ऐसी फिल्म भी है जिसे शायद वो सबसे बड़ी गलती मानते होंगे। दरअसल, रणबीर कपूर हाल ही में साउदी अरेबिया के जेद्दाह में रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में शिरकत करने पहुंचे जहां उन्होंने अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी फिल्म बॉम्बे वेलवेट को लेकर एक बड़ी बात बोली। रणबीर ने कहा, जब मैं इस फिल्म पर काम कर रहा था, तो मुझे लगा ये बहुत ही शानदार है। क्योंकि अनुराग इस फिल्म के डायरेक्टर थे और फिल्म में सभी बहुत अच्छे एक्टर्स थे।' इसके साथ ही रणबीर ने कहा, 'जब आप एक फिल्म की शुरुआत करते हैं, तो आप अपना खुद का नजरिया खो देते हैं और पूरी तरह से अपने आप को फिल्ममेकिंग और उस किरदार में सरेंडर कर देते हैं। तो बॉम्बे वेलवेट कुछ ऐसी ही थी। ये उसका मुकद्दर था जो भी हुआ क्योंकि वह एक अच्छी फिल्म नहीं थी। रणबीर की इस बात को सुनकर ऑडियंस में बैठे हुए एक शक्स ने उन्होंने टोकते हुए कहा कि उस फिल्म के साथ ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि करण जौहर इस फिल्म का हिस्सा थे। उस शक्स के ऐसा कहने पर रणबीर कपूर ने हंसकर जवाब दिया कि किसी भी प्रोड्यूसर और डायरेक्टर पर फिल्म का ठीकरा फोड़ना गलत होगा। बता दें कि साल 2015 में रिलीज हुई फिल्म बॉम्बे वेलवेट में रणबीर कपूर और अनुष्का शर्मा नजर आए थे। इसके साथ ही इस फिल्म में फिल्ममेकर करण जौहर कैमरे के आगे एक्टिंग करते नजर आए। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह से फ्लॉप साबित हुई थी।

## क्या दृश्यम 2 में काम करने के लिए श्रिया सरन ने छुपाया था इतना बड़ा राज? अब जाकर हुआ खुलासा

बॉलीवुड एक ऐसी इंडस्ट्री है जहां कब किसके सितारे चमक जाए कौन नही जानता हैं। हाल ही में इस साल की ब्लॉकबस्टर फिल्म दृश्यम 2 की अभिनेत्री श्रिया सरन के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ है। जहां फिल्म में एक्ट्रेस के किरदार और उनकी एक्टिंग को देख लाखों की संख्या में लोग उनके फैन बन गए हैं। लेकिन अब अचानक श्रिया ने कुछ ऐसे खुलासे कर दिए है जिसे सुनने के बाद हर किसी के होश उड़ गए हैं। दरअसल हाल ही में एक मीडिया ग्रुप को दिए इंटरव्यू में श्रिया ने एक चौकाने वाला खुलासा कर दिया हैं। जहां श्रिया सरन ने अपनी प्रेग्नेंसी से जुड़े कई सीक्रेट रिवील किए हैं। अभिनेत्री ने बताया है कि क्यों उन्होंने अपनी प्रेग्नेंसी की अनाउंसमेंट नहीं की थी? अभिनेत्री ने कहा, मुझमें बहुत ज्यादा डर था। मुझे लगता है कि प्रेग्नेंसी के बारे में किसी को न बताने की पीछे की मुख्य वजह यही है कि मैं इस वक्त को पूरी तरह से खुद को देना चाहती थी और छह महीने अपनी बेटी राधा के साथ बिताना चाहती थी।

# मलाइका से तुलना करने पर भड़कीं नोरा फतेही, बोलीं– मेरी पहचान एकदम अलग



मलाइका अरोड़ा का शो मूविंग इन विद मलाइका खासी चर्चा बटोर रहा है। हाल ही में इस शो का नया प्रोमो रिलीज हुआ, जो काफी चर्चित रहा। इस प्रोमो में नोरा फतेही और कोरियोग्राफर टेरेंस लुईस मलाइका से बात करते दिखाई दिए। तीनों आपस में बात करते हैं कि अचानक नोरा नाराज होकर चली जाती हैं। इस छोटे से प्रोमो वीडियो ने सोशल मीडिया पर सभी लोगों को असमंजस में डाल दिया। वे सोच रहे हैं कि आखिर ऐसा क्या हुआ, जो नोरा गुस्सा होकर चली गईं। हालांकि, वीडियो में टेरेंस उन्हें रोकने की कोशिश करते नजर आए, लेकिन वह उन्हें रोक नहीं पाते हैं। इसके बाद नोरा के इस बर्ताव पर मलाइका ने उन्हें कभी नरम कभी गर्म मिजाज वाली बताया।

अब इस पर नोरा फतेही का रिएक्शन सामने आया है। नोरा ने मलाइका के साथ की जा रही अपनी तुलना पर कहा कि दोनों अभिनेत्रियों की तुलना करना बिल्कुल भी सही नहीं है, जो अक्सर लोग करते है। नोरा कहती हैं, %मलाइका ने वह किया, जो शायद मैं कभी नहीं कर सकती।% वह बॉलीवुड की शान हैं और बॉलीवुड की विरासत है और हमेशा रहेंगी। हम समय को बदल नहीं सकते हैं। उनकी एक अलग पहचान है और मेरी एक अलग पहचान है। नोरा कहती हैं कि मेरे लिए यह सब अपमानजनक है। यह सब मुझे दुख देता है कि कैसे कोई आपकी किसी से तुलना कर सकता है। वह कहती हैं कि मेरे लिए यह सब अपमानजनक और परेशान करने वाला है। यह मुझे सोचने पर मजबूर कर देता है कि मैं जो कर रही हूं,



उसका कोई मतलब नहीं है।

इसी क्रम में नोरा फतेही के बाद मलाइका ने अपनी बात रखी। मलाइका कहती हैं कि लोग नोरा और उन्हें इवेंट्स-शो में एक साथ देखना चाहते हैं। ताकि वे दोनों की तुलना कर सकें और यह चीज हमें समझ आती है। बातचीत के दौरान नोरा मलाइका से सवाल पूछती हैं कि क्या उन्हें इन सब चीजों से बुरा नहीं लगता है। इस पर मलाइका जवाब देती हैं कि क्यों नहीं लगता। मैं भी इंसान हूं। मुझे भी चीजें बुरी लगती हैं। मलाइका कहती हैं, %सोचकर अजीब लगता है, जो जॉब मेरी हो सकती थी। अब वह कोई और कर रहा है। ऐसी चीजें आपको अंदर तक तोड़ सकती हैं।

# शहद और किशमिश साथ में खाने से दूर होगी खून की कमी, जानिए मिश्रण खाने के अन्य फायदे



ड्राई फ्रूट्स का सेवन बहुत से लोग करते हैं। खासकर बादाम, अखरोट, काजू, पिस्ता, किशमिश जैसी चीजें स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद होती हैं। इनमें से किशमिश खाने में भी बहुत ही स्वाद होती है और मीठे व्यंजनों के रुप में भी इसका इस्तेमाल किया जाता है। इसमें प्रोटीन, आयरन, विटामिन्स, फाइबर, बी6, कैल्शियम, पोटेशियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं जो स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद होते हैं। अगर किशमिश का सेवन शहद के साथ किया जाए तो स्वास्थ्य लाभ दौगुणा हो जाता है। तो चलिए आपको बताते हैं कि किशमिश और शहद साथ में खाने के क्या-क्या फायदे होते हैं...

शरीर से पूरी होगी खून की कमी

शरीर में से खून की कमी पूरी करने के लिए आप किशमिश और शहद का सेवन कर सकते हैं। किशमिश और शहद साथ में खाने से शरीर में हीमोग्लोबिन का स्तर बढ़ता है और कोशिकाओं का निर्माण होने में भी मदद मिलती है। खासकर एनीमिया के मरीज शहद और किशमिश का साथ में सेवन कर सकते हैं।

गैस, कब्ज, अपच होगी दूर

यदि आपको गैस, कब्ज, अपच जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है तो आप डाइट में किशमिश और शहद का सेवन कर सकते हैं। यह मिश्रण आपका मेटाबॉलिज्म स्तर भी नियंत्रित रखने में मदद करता है जिससे आपको कब्ज जैसी समस्याओं से राहत मिलती है।

**दूर होगी हृदय संबंधी समस्याएं**

खाली पेट शहद और किशमिश खाने से कोलेस्ट्रॉल का स्तर नियंत्रित रहता है जिससे शहद और किशमिश का सेवन दांतों के लिए भी बहुत ही फायदेमंद होता है। इससे आपकी ओरल हेल्थ बहुत ही फायदेमंद होती है। यह मिश्रण आपके हानिकारक बैक्टीरिया को साफ करके आपके दांतों को मजबूत बनाते हैं।

कैसे तैयार करें मिश्रण?

. सबसे पहले आप एक कटोरी में थोड़ी सी किशमिश डालें।

. इसके बाद कटोरी में शहद डाल दें। शहद इतना डालें कि किशमिश उसमें अच्छे से भिग जाए।

. शहद डालने के बाद इसमें किशमिश डाल दें।

. 30 मिनट के लिए किशमिश को शहद में भिगोकर रखें।

. मिश्रण बनकर तैयार है किसी कांच के बर्तन में स्टोर करके रख लें।

## होमियोथैरेपी से ठीक होगी चिकनगुनिया जैसी खतरनाक बीमारी, नहीं पड़ेगी दवाईयों की जरुरत

अब यह रोग नया नहीं रह गया। यह एक तरह का आर्थराइटिस उत्पन्न करने वाला रोग है। हड्डियों को वर्षो के लिए कमजोर ,दर्द और सूजन युक्त कर देने के कारण यह रोग बहुत ज्यादा दुखदाई है। एक बार इसके संक्रमण से ठीक हुआ मरीज भी वर्षो तक जोड़ों और हड्डियों के दर्द से पीड़ित रहता है। चिकनगुनिया वायरस से संक्रमित व्यक्ति ठीक हो जाने के बाद भी पैथोलॉजिकल टेस्ट में 1 वर्ष तक पॉजिटिव आता है। 1952 में अफ्रीकी देश अल्जीरिया से चला यह रोग आज ज्यादातर अफ्रीकी, अमेरिकी, यूरोपीय एवं एशियाई देशों में अपना घर बना चुका है। इसलिए भारत ,चीन, पाकिस्तान ,बांग्लादेश ,भूटान इत्यादि देश भी इससे अछूते नहीं हैं। इसे चिकनगुनिया नाम एक अफ्रीकी भाषा के शब्द से दिया गया है जिसका अर्थ है कमर पर से झुका हुआ होना जैसा नाम वैसा काम। चिकनगुनिया से पीड़ित ना आसानी से उठ बैठ पाता है न सीधा चल पाता है। 2016 से इस रोग ने कुछ जोर पकड़ा है। पहले इसे डेंगू ही समझा गया किन्तु 1953 में डॉ आर डब्ल्यू रास ने इसके वायरस की पहचान की, साथ ही डेंगू से अलग लक्षणों की पहचान होने के बाद इसे अलग रोग के रूप में जाना जा सका।

कारण

टोगाविरिडे अल्फा वायरस , जिसका पहला संक्रमित अल्जीरिया की मकान्द पठार इलाके में 1952 में पाया गया। इस वायरस का संक्रमण मनुष्य से मनुष्य में होता है और इसका प्रसारक एडीज इजिप्टी और एडीज एडबो विक्टस मच्छर की मादा है।

**लक्षण**

. संक्रमण के चार-पांच दिन के भीतर अचानक ठंड के साथ तेज बुखार।

. सिर दर्द और सुस्ती।

. पूरे बदन में टूटन के साथ तेज दर्द।

. जोड़ों में सूजन और हड्डियों में भयानक पीड़ा ।

. कभी कभार मिचली और पेट दर्द।

. पैरों घुटनों और कमर में दर्द के कारण सीधा नहीं खड़ा हो पाना।

. चमड़ी पर घमौरियों की तरह दाने निकलना।

. आज से 11 दिन के भीतर रोग का दबाव कम हो जाना अथवा ठीक हो जाना है।

. जोड़ों में सूजन और दर्द महीनों रह सकता है। कभी-कभी सालों आर्थराइटिस से पीड़ित मिलते हैं चिकनगुनिया से ठीक हो चुके मरीज।

. रोग के लंबा खींचने पर आंखों में दर्द और जिसकी जोश उत्पन्न हो सकते हैं।

. हृदय के वाल्व में दोष उत्पन्न हो सकता है और रयूमेटिक हार्ट जैसे लक्षण उत्पन्न हो सकते हैं।

**बचाव**

. एक बार संक्रमित हो जाने के बाद व्यक्ति में चिकनगुनिया के टेस्ट साल भर तक पाजिटिव आते हैं। अतः इस अवस्था में वह व्यक्ति अपने को मच्छरों द्वारा काटने से अवश्य बचाव करे ताकि मच्छर उससे वायरस को लेकर दूसरे तक में पहुंचा सकें।

. मच्छरों बिना यह रोग एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक नहीं पहुंच सकता। इसलिए इन मच्छरों को पैदा होने से रोका जाए। घरों ,पार्को और सार्वजनिक स्थलों के पास जलजमाव को नियंत्रित किया जाए। नालियों को खुला ना रखा जाए। घरों में कूलर या बर्तनों में पानी लंबे समय तक छत या आंगन में ना पड़ा रहे।

# आलिया भट्ट के बाद क्या अब कटरीना कैफबनने जा रही मां!



बॉलीवुड की डिवा कही जाने वाली कटरीना कैफइन दिनों खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। दरअसल अभी कुछ दिन पहले ही कटरीना ने अपने पति विक्की कौशल के साथ अपनी शादी की पहली सालगिरह सेलिब्रेट की हैं। एनिवर्सरी सेलिब्रेट करने के लिए दोनों ही कपल पहाड़ों पर क्वालिटी टाइम स्पेंड करने पहुंचे थे। लेकिन अब ना जाने क्यों कटरीना कैफ को देख लोगों ने विक्की और कटरीना के घर गुड न्यूज आने की कयास लगाने शुरू कर दिए हैं। दरअसल हाल ही में एक्ट्रेस को एक इवेंट में स्पॉट किया गया हैं। जहां एक्ट्रेस को देख लोगों ने कुछ और ही कयास लगाना शुरू कर दिया हैं। बीते दिन मंगलवार को कटरीना कैफ मुंबई में हुए एक अवॉर्ड फंक्शन में शामिल हुई। इस दौरान उन्होंने सिल्वर कलर का खूबसूरत गाउन पहना था। वही एक्ट्रेस की ड्रेसिंग सेंस को देख लोगों ने सोशल मीडिया पर कयास लगाने शुरू कर दिए हैं। एक्ट्रेस का ये लुक देख सोशल मीडिया पर यूजर को लगने लगा है कि ये तो पक्का प्रेग्नेंट हैं। वही बॉलीवुड गलियारों में इन दिनों प्रेग्नेंसी की खबरों ने हल्ला मचाया हुआ है। सोनम, आलिया और बिपाशा के मां बनने के बाद अब फैंस के फेवरेट कपल कटरीना और विक्की कौशल की गुड न्यूज का इंतजार है। ऐसे में यह पहली बार नहीं है जब कटरीना कैफ की प्रेगनेंसी की खबरे सामने आई हैं। बल्कि इससे पहले भी कई बार कटरीना कैफ के प्रेगनेंट होने की खबरे सामने आ चुकी हैं। वही अब एक बार फिर से एक्ट्रेस का ये लुक देख सोशल मीडिया पर लोगों ने कयास लगाने शुरू कर दिए हैं। जहां एक यूजर ने कमेंट कर लिखा- कटरीना प्रेग्नेंट लग रही है। तो वहीं दूसरे ने लिखा- गुड न्यूज बेबी आ रहा है। तीसरे ने लिखा- क्या ये प्रेग्नेंट है..??एक्ट्रेस के इस लुक को देख लोगों को फिर से लगने लगा है कि कटरीना प्रेग्नेंट हैं और ऐसे कपड़ों में अपना बेबी बंप छुपाने की कोशिश कर रही हैं।हलांकि अब इस खबर में कितनी सच्चाई हैं। यह तो आने वाला वक्त और विक्की कौशल और कटरीना कैफही बता सकते हैं।

## टीवी की पार्वती ने अपने रियल लाइफ महादेव संग की सगाई, वायरल हो रहीं तस्वीरें

टीवी की दुनिया में पौराणिक शो देवों के देव महादेव से घर-घर में पहचान बनाने वाली अभिनेत्री सोनारिका भदौरिया पिछले काफी समय से छोटे पर्दे से दूर हैं, लेकिन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। अभिनेत्री आए दिन अपनी ग्लैमरस तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करती रहती हैं, जो उन्हें लाइमलाइट में बनाए रखता है। लेकिन इस बार सुर्खियों में आने की वजह उनकी बोल्ड तस्वीरें नहीं हैं, बल्कि उनकी निजी जिंदगी है। दरअसल, सोनारिका जल्द ही दुल्हन बनने जा रही हैं। अपने इस नए सफर की तरफ कदम बढ़ाते हुए सोनारिका ने हाल ही में रोका कर लिया है। अभिनेत्री की रोका सेरेमनी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही हैं। अपने बोल्ड लुक्स के लिए सुर्खियों में बनी रहने वाली सोनारिका ने अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड विकास पराशर के साथ अपने रिश्ते को एक नया नाम दे दिया है। दरअसल, अभिनेत्री ने एक भव्य समारोह में विकास संग रोका और सगाई कर ली है। सोनारिका की रोका सेरेमनी गोवा में रखी गई थी। इस समारोह की तस्वीरें अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम पर साझा की हैं, जिनमें वह काफी खुश लग रही हैं। सोनारिका की इस खुशी में उनके परिवार के लोग और करीबी दोस्त शामिल हुए थे।

CMYK